
हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

सूर्योदय : 6:46
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 28
न्यूनतम : 13

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-19 अंक-236 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, रविवार, 15 फरवरी 2026
26 शाबान 1447 हिजरी



## पीएम ने किया आईआईएम और डेटा सेंटर का उद्घाटन

■ प्रधानमंत्री मोदी का असम दौरा

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) गुवाहाटी की शुरुआत की और एक उच्च तकनीक वाले डेटा केंद्र का उद्घाटन किया।

केंद्र सरकार ने पिछले साल गुवाहाटी में एक आईआईएम की स्थापना को मंजूरी दी थी। यह पूर्वोत्तर में दूसरा और देश का 22वां आईआईएम है। इस क्षेत्र का पहला आईआईएम शिलांग में स्थित है। प्रधानमंत्री ने असम के कामरूप जिले के आमिंगांव में स्थापित पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय डेटा केंद्र (एनडीसी) का लचित घाट से डिजिटल माध्यम से उद्घाटन भी किया। अत्याधुनिक डेटा केंद्र की स्वीकृत क्षमता 8.5 मेगावाट और प्रति रैक 10 किलोवाट की औसत क्षमता है। यह डेटा केंद्र विभिन्न सरकारी विभागों के महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों का संचालन करेगा।



### हाईवे से राफेल-सुखोई ने भरी उड़ान, पीएम हुए गदगद

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ जिले में उत्तर-पूर्व में पहली बार हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसेलिटी का उद्घाटन किया। साथ ही वायु सेना के लड़ाकू विमानों और परिवहन हेलीकॉप्टर के हवाई करतब भी देखे। शनिवार को एक दिवसीय दौरे के दौरान पीएम मोदी ने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी तरह की पहली 4.2 किलोमीटर लंबी यह इमरजेंसी लैंडिंग है। इस दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान राफेल सुखोई ने मोरान बाईपास स्थित ईएलएफ से सटीक उड़ान भरी और यहां उतरे। पीएम मोदी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी चेयर पर बैठे एयर शो का नजारा देख रहे हैं, इन दौरान उनके सामने से एक राफेल आसमान के लिए उड़ान भरता है। इस दौरान पीएम मोदी तालियां बजाते हुए नजर आ रहे हैं।

### राहुल की नीति है झूठ बोलो, जोर से बोलो, बार-बार दोहराओ : अमित शाह



**कराईकल।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तरफ से हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और केंद्र की नीतियों पर दिए बयान के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मामले में राहुल गांधी को सीधे निशाने पर लिया और झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पुडुचेरी में आयोजित रैली में पुडुचेरी के तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर भी हमला किया। उन्होंने राहुल गांधी पर भी आरोप लगाया कि वह झूठ फैला रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा की एक रैली में शाह ने कहा कि राहुल रोजाना झूठ बोलने की नई परंपरा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल की नीति है झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार दोहराओ लेकिन लोग अब आपकी झूठ फैक्टरी को पहचान चुके हैं।


## पांच साल में 500 कार्गो टर्मिनल बनाएगा रेलवे



■ सामान्य कोच में भी होगी बेहतर सफाई

**नई दिल्ली।** रेलवे माल ढुलाई और लॉजिस्टिक सुविधाओं के विस्तार के लिए अगले पांच साल में देश के विभिन्न हिस्सों में 500 कार्गो टर्मिनल बनाएगी। इनका नियोजन और निर्माण पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के तहत सभी संबंधित राज्य सरकारों और विभागों के समन्वय से किया जाएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को संवाददाताओं को रेलवे की ओर से किये गये दो सुधारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी के तहत इस साल के 52 हफ्तों में 52 सुधार लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सामान्य कोचों में लंबी दूरी तक सफर करने वाले यात्रियों को सफाई की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




## नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री

■ सीएम योगी ने बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद जनसमूह को संबोधित किया



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर के कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय, फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी. की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी। सीएम योगी ने शनिवार को गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे और साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। हमारे लिए किसी ने कुछ किया तो उसके प्रति कृतज्ञ होना हमारी जीवनशैली का हिस्सा है। गिद्धराज जटायु की मानव जाति पर बड़ी कृपा रही। माता सीता का हरण कर ले जा रहे रावण का पहला प्रतिकार गिद्धराज जटायु ने किया था। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया।

### विकास के बाद भी यूपी में घुटन भरा माहौल नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की तुलना गैस चैंबर से करते हुए कहा कि उप्र में तेजी से विकास हो रहा है, इसके बावजूद घुटन भरा माहौल नहीं है। गोरखपुर में एक कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि आज दुनिया के सामने बड़ी चुनौती पर्यावरण नुकसान की है। उन्होंने कहा, आप देखिए यहां का पर्यावरण कितना अच्छा है, कोई प्रदूषण नहीं है। अगर प्रदूषण नहीं है, तो कोई बीमारी भी नहीं है। जब भी प्रदूषण होगा, तो यह फेफड़ों को नुकसान पहुंचाएगा।

## भाजपा और चुनाव आयोग मिले हुए हैं : अखिलेश



■ पूर्व मंत्री बलराम सिंह यादव के बेटे के निधन पर उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे सपा प्रमुख

**इटावा ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी को एक साथ मिले होने का आरोप लगाया। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक लाख 14 हजार फॉर्म- 7 अज्ञात लोगों द्वारा भरे गए थे जो पीडीए के वोट काटने की कोशिश कर रहे थे।

शनिवार शाम पूर्व मंत्री बलराम सिंह यादव के बेटे के निधन के बाद उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे सपा मुखिया ने कहा कि मुख्यमंत्री बिष्ट साहब आईना देखकर यह बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहनावे से कोई बाबा संत नहीं हो सकता। भाजपा पर सनातन धर्म को न समझने का आरोप लगाते हुए उन्होंने पूछा कि भाजपाई कितने शाकाहारी होंगे।

## तारिक रहमान का बड़ा बयान

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन और देश के भावी प्रधानमंत्री के रूप में देखे जा रहे तारिक रहमान ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी एक ऐसी विदेश नीति का पालन करेगी जो चीन, भारत और पाकिस्तान के साथ व्यवहार में बांग्लादेश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने स्पष्ट किया कि बंगलादेश की विदेश नीति पूरी तरह से देश और यहां के लोगों के व्यापक हितों द्वारा निर्देशित होगी।



■ भारत, चीन और पाकिस्तान के साथ संबंधों पर स्पष्ट की नीति

सरकार के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों के सवाल पर तारिक रहमान ने अर्थव्यवस्था और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा, हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। हमारी अर्थव्यवस्था संकट का सामना कर रही है और कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंता का विषय है। हमें लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने अवामी लीग की पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लगभग सभी संस्थाओं का राजनीतिकरण कर दिया गया है, इसलिए सुशासन सुनिश्चित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

चीन और 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के साथ भविष्य के संबंधों पर चर्चा करते हुए बीएनपी चेयरमैन ने कहा कि वह केवल उन्हीं परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे जो बांग्लादेश के हित में होंगी। उन्होंने कहा, पारस्परिक हित हमारी पहली प्राथमिकता होगी। अगर कुछ बांग्लादेश के हित में नहीं है, तो स्वाभाविक रूप से हम उसे आगे नहीं बढ़ा सकते। अगर बीआरआई से बांग्लादेश को लाभ होता है और यह हमारी अर्थव्यवस्था को समर्थन देता है, तभी हम इस पर निर्णय लेंगे। दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) को पुनर्जीवित करने के मुद्दे पर तारिक रहमान ने कहा कि सार्क की स्थापना बांग्लादेश की पहल पर हुई थी और वह इसे फिर से सक्रिय देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में मित्र देशों के साथ चर्चा करेंगे। भारत से पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग पार्टी प्रमुख शेख हसीना के प्रत्यर्पण के सवाल पर उन्होंने संक्षिप्त उत्तर देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करता है। गौरतलब है कि इन चुनावों में अवामी लीग शामिल नहीं थी।



# पुलिस मुठभेड में खैर लकड़ी तस्कर गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने मुठभेड में एक शातिर खैर लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लाख रुपये कीमत की करीब 25 क्विंटल खैर की लकड़ी, अवैध शस्त्र व दो गाडी बरामद की है। थाना मिर्जापुर प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके उपनिरीक्षक सचिन कुमार व अवशेष भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम आज खारा पावर हाउस के पास चैकिंग कर रही थी।? इस दौरान 02 गाडी ग्राम रहना जानीपुर की तरफ से आती दिखाई दी।?थाना पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया, तो तस्करों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया तथा जंगल की तरफ भाग गये । थाना पुलिस की जवाबी कार्यवाही में तस्कर मोनिश पुत्र रफीक निवासी ग्राम शेरपुर पैलो थाना मिर्जापुर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से 01 देशी तमंचा 315 बोर मय एक खोखा कारतूस 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, दो गाड़ी? तथा 25 कुन्तल खैर की लक़डी के छोटे बडे 41 टुकडे बरामद किए गए, जबकि मौके पर शेष अभियुक्त जंगल के रास्ते फरार हो गये। तस्करो ने खैर की लकडी को पुलिस को भ्रमित करने के लिये पत्ता खोभी सब्जी से ढक रखा था। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# गौकशी में वांछित 25 हजार का इनामी बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक अंतर्राज्यीय 25,000 रुपये के ईनामी एवं गोकशी में वांछित बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है।? जिसके कब्जे से अवैध शस्त्र एवं एक बाइक बरामद हुई है। थाना नकुड प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार अधाना रात्रि में मय पुलिस फोर्स के अम्बेहटा से गंगोह जाने वाले रास्ते पर ग्राम रामसहायवाला गेट के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति गंगोह की तरफ से आता दिखाई दिया जिसे टोर्च की रोशनी से रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति ग्राम रामसहायवाला गेट से आगे जंगल में जाने वाले कच्चे रास्ते पर बाइक को मोडकर भागने लगा । जिसका पीछा पुलिस पार्टी द्वारा किया गया तो भाग रहे



व्यक्ति की बाइक कच्चे रास्ते पर फिसलकर गिर गयी । पुलिस पार्टी को अपने पास आता देख व्यक्ति ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश की पहचान साजिद पुत्र राशिद उर्फ राशू निवासी मौहल्ला कुरेशियान कस्बा व थाना गंगोह के रुप में हुई । घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर, 01 जिंदा / 01 खोखा कारतूस .315 बोर एवं बाइक बरामद हुई। थाना नकुड प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घायल अभियुक्त एक अन्तर्राज्यीय शातिर अपराधी है, जो थाना नानौता पर धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम में वांछित चल रहा था, जिस पर 25,000 रुपये का ईनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि बदमाश के विरूध्द हरियाणा, उत्तराखण्ड़ राज्य एवं जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों में गौकशी, लूट एवं गैंगस्टर एक्ट आदि लगभग एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।

# अंडरग्राउंड पानी की लाइन क्षतिग्रस्त होने से नागरिक परेशान

**बदायूँ।** शहर के हर प्रसाद मंदिर के सामने सड़क किनारे अंडरग्राउंड रूप से गुजर रही पानी की लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां हर समय जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है।सड़क पर जल भराव के चलते नागरिकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बीआरबी मॉडल स्कूल से हर प्रसाद मंदिर की तरफ को आने वाली गली के बाहर सड़क किनारे पानी भरने के कारण यहां फुटपाथ हल्की सी धसक गई है, जिस वजह से यहां हर समय जल भराव रहता है।इसी फुटपाथ से होकर लोग बीआरबी स्कूल की तरफ को जाने वाले मार्ग पर जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब 20-25 दिन से यहां पानी की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है जिस कारण यहां हर समय पानी भरा रहता है।पानी भरा रहने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों तथा बीआरबी स्कूल की तरफ जाने वाले प्रत्येक राहगीर को हो रही है।नागरिकों में इसको लेकर रोष व्याप्त है।

**(अमन स्थानीय दुकनदार)** करीब 20-25 दिन से पानी की लाइन फट गई है,जिस कारण यहां हर समय पानी भरा रहता है किसी जिम्मेदार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। यह मार्ग ऐसा है जिससे हर समय अधिकारी गुजरते रहते हैं इसके बावजूद यहां का यह हाल है।

**(जगमोहन स्थानीय निवासी)** भईया पानी की लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण बहुत दिन से पानी भरा रहता है कोई देखन-भालने वाले नहीं है। गली से बाहर निकलने में या उधर से इधर आने में बहुत परेशानी होती है।

**(विनय कुमार मणि त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बदायूँ)** हमारे संज्ञान में नहीं है कि हर प्रसाद मंदिर के पास पानी की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। हम इसको दिखवाते हैं यदि रोड पीडब्ल्यूडी की हुई तो इसके लिए पालिका लिखा पड़ी करने के बाद इस समस्या का समाधान करेगी।

# गौकशी मे वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना बेहट पुलिस ने गौकशी के अभियोग मे वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार 20 जनवरी को वादी प्रिन्स शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी मोहल्ला सडकपार थाना बेहट की तहरीर पर अज्ञात अभियुक्तद् के खिलाफ ग्राम जमालपुर के क्रबिस्तान मे गौकशी करने के सम्बन्ध मे थाना बेहट पर धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया था। थाना प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि 21 जनवरी को अभियुक्त भूरा पुत्र आलिम निवासी ग्राम चाण्डी थाना बेहट, मुनव्वर पुत्र यासीन निवासी ग्राम जमालपुर थाना बेहट, फरान पुत्र इनाम निवासी खिडका भटकव्वा थाना बेहट व तौफीक पुत्र महदूद निवासी ग्राम धौला कुआ थाना बेहट के नाम प्रकाश मे आये थे। श्री भाटी ने बताया कि आज उनके व उपनिरिक्षक महेश चन्द के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गौवध निवारण अधिनियम मे वाछित अभियुक्त मुनव्वर पुत्र यासीन निवासी ग्राम जमालपुर थाना बेहट को ग्राम जमालपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी गौकश का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर विशेष सतर्कता बरतने के दिये निर्देश

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर संबंधित को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने आगामी महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कांवड़ मार्ग पर यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, पुलिस पिकेट/ड्यूटी प्वाइंट, तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। इसके साथ ही कांवड़ मार्ग पर संवेदनशील स्थानों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों/तिराहों, ढाबों, पेट्रोल पंपों, बाजार क्षेत्रों आदि पर विशेष सतर्कता रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि महाशिवरात्रि पर्व के दौरान कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि कांवड़ मार्ग पर लगातार पैदल गश्त/मोबाइल गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग, तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित किसी भी सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाए, ताकि जनपद में शांति व्यवस्था बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# आवंटित चीनी मिलों को पेराई योग्य गन्ना आपूर्ति करें कृषकः अशर्फी लाल

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** यदु शुगर मिल बंद होने के कारण उसके क्रय केंद्रों को गन्ना आपूर्ति हेतु अन्य चीनी मिलों में आवंटित किया गया है। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने जानकारी बताया कि यदु शुगर मिल बंद होने के कारण उनके क्रय केन्द्रों को रूपापुर,हरदोई,द्वारिकेश, फरीदपुर,बरेली,रजपुरा एवं मंझावली जनपद संभल में स्थित चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति हेतु आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि रूपापुर चीनी मिल के क्रय केन्द्रो पर गन्ने की कम आपूर्ति होने की दशा में मिल द्वारा मिल बंदी के सबंध में नोटिस निर्गत किया गया है। उन्होंने किसान बंधुओ से अनुरोध करते हुए कहा है कि वह जल्द से जल्द पेराई योग्य गन्ने की आपूर्ति कर दें।उन्होंने कहा है कि कृषक बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु बीज को आवश्यकता अनुसार रोकते हुए शेष गन्ना फसल को आपूर्ति कर दें। उन्होंने बताया कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई हतु शोध केंद्र शाहजहांपुर पीलीभीत पुवायां से जनपद को 15023 प्रजातियों का 830 कुंतल बीज आवंटित किया गया है।उन्होंने बताया कि विभाग की साइट पर कृषकों के पंजीकरण होने पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आवंटित बीज का वितरण किया जाएगा। गन्ना अधिकारी श्री लाल ने कहा कि विभाग के पास वर्तमान में बदायूँ चीनी मिल क्षेत्र में 525 00 तथा बिसौली चीनी मिल क्षेत्र में 80500 कुंतल अनुमानित बीज उपलब्ध है। उन्होंने इच्छुक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वह बीज के लिए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के मोबाइल नंबर 7081202506 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ट्रेड डील के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने कथित मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओ ने ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष संजय कुमार जैन के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डील के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह ट्रेड डील देश के किसानों, छोटे व्यापारियों, एमएसएमई सेक्टर और आम नागरिकों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस समझौते की शर्तों, संभावित लाभार्थियों और दूरगामी प्रभावों को लेकर न तो संसद में विस्तृत चर्चा हुई है और न ही देश की जनता को पूरी जानकारी दी गई है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि भारतीय बाजार को विदेशी उत्पादों के लिए असंतुलित तरीके से खोला जाता है, तो इससे देश के किसानों और स्थानीय उद्योगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पार्टी का आरोप है कि इस प्रकार के समझौते से कृषि क्षेत्र, रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। आप कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया और राष्ट्रपति से मांग की कि देशहित को ध्यान में रखते हुए इस समझौते को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। साथ ही संविधान प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए केंद्र सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सख्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी केंद्र व्यवस्था को स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को सकुशल परीक्षा कराने के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी स्तर पर कोई गड़बड़ी होती है तो उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में सुसंगत कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां जीआईसी नेहरू मार्किट सभागार में जनपद स्तर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड एग्जाम 2026 की प्रशिक्षण एवं बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी द्वारा बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने के संबंध में, परीक्षार्थियों की चेकिंग के सम्बन्ध में कक्षा कक्ष में भ्रमण एवं कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी के संबंध में व्यापक निर्देश दिए गए। प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में रखे



जाएंगे जिन्हें स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही खोला जाना है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 50 प्रतिशत कक्ष निरीक्षक वाह्य विद्यालय अथवा बेसिक शिक्षा से लगाए जाएंगे। सभी विद्यालयों पर प्रत्येक कक्षा कक्ष एवं स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जनपद में कुल 3660 सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी। मॉनिटरिंग के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल बना हुआ है। जिसके नोडल अंकुर वर्मा उप जिलाधिकारी को बनाया गया है।

सहारनपुर जनपद को कुल 6 जोन में बांटा गया है। जोनल अधिकारी के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट को नगर क्षेत्र एवं अपने-अपने तहसील में उप जिला अधिकारी को जोनल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया गया है। एसपी ग्रामीण द्वारा बताया गया कि प्रत्येक केंद्र पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रहेगी। साथ में सचल दल के लिए भी पुलिस तैनात रहेगी। कुल 6 सचल दलों का गठन किया गया है जो विभिन्न सेंटरों पर परीक्षा के समय चेकिंग करेंगे। प्रत्येक विद्यालय पर पुलिस विभाग की तरफ से चाक चौबंद पुलिस की व्यवस्थाकी गई है। जनपद में कुल 89 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें इंटरमीडिएट में 30000 और हाई स्कूल में 35000 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में प्रतिभा करेंगे।

जिलाधिकारी द्वारा अनुपस्थित स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों का वेतन रोकने के आदेश निर्गत किए गए हैं एवं परीक्षा अवधि में यदि कोई स्टेटिक मजिस्ट्रेट या वह केंद्र व्यवस्थापक अनुपस्थित होता है तो उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफ आई आर के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, एसडीएम सदर सुबोध कुमार, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, एसडीएम रामपुर मनिहारान पूर्वा, एसडीएम अंकुर वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती अर्चना, सभी पुलिस उपाधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार पाठक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्ष देव स्वामी समेत सभी केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# अंकुर गोयल ने एशियन चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण व कांस्य



**सहारनपुर।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अंकुर गोयल ने एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सेंटर फायर 25 मीटर इवेंट में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश और जनपद का नाम रोशन किया। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अंकुर गोयल के सहारनपुर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके पिता एडवोकेट दिनेश कुमार गोयल, ताऊजी चंद्रभान गोयल, पत्नी शबनम कुमारी, पुत्र ग्रैंड मास्टर प्रणव गोयल, पुत्र राघव गोयल, अमित छाबड़ा जी, शुभम शर्मा, विंदुल शर्मा, अमित मित्तल, विनोद आर्य एवं सहारनपुर के विख्यात निशानेबाज अमित पुंडीर, फैसल नवाब, मो उमर, अफज़ल अहमद, राव तल्हा फरहत, सैयद रेहान सहित समाज के सभी गणमान्य लोगों व खेल प्रेमियों द्वारा पुष्पवर्षा के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया गया।

# मातृ पितृ पूजन कर ही बच्चे बनेंगे आदर्श





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भगवती देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन कर एक आदर्श पुत्र बनने का संदेश दिया। लेबर कॉलोनी स्थित स्कूल में आयोजित पूजा कार्यक्रम में विशेष रूप बच्चों ने माता-पिता की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा कि बुराई का शास्त्र वैलेंटाइन डे पर अच्छाई का शास्त्र मातृ पितृ पूजन शास्त्र की आवश्यकता है। आज भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बचाए रखना एक चुनौती है पाश्चात्य संस्कृति हमारे देश में पैर प्रसार रहीं है यह हमारे देश के लिए दुर्भाग्य का विषय है स्कूलों में संस्कारिक शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होगा हमारा उद्देश्य अंग्रेजीयत पौध को सीचना नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के दायरे में रहकर बच्चों को अंग्रेजी का ज्ञान देना हमारा मकसद होना चाहिए। इस अवसर पर श्री झयोग वेदानत सेवा समिति के सेवादारो में राजेश्वर सैनी, डॉक्टर सुशील धीमान, धनुराम शर्मा, एस कांबोज, रविंदर धीमान, यशपाल, सुशील कुमार, श्रीमती शशि बाला, श्रीमती पूनम सैनी, हंस कुमार, श्रीमती सरिता, डिंपल चौधरी, श्रीमती मीनू, श्रीमती मंजू, रविंद्र शरद, अनंत वैभव? आदि?? मौजूद रहे।

# पुलवामा में शहीद हुए जवानों को दी विनम्र श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विकास संगठन की जिला व महानगर की संयुक्त मासिक बैठक में पुलवामा में शहीद हुए जवानों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। संगठन के जिला महामंत्री आशु पुंडीर के आवास पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज फौजी ने संगठन का विस्तार और सर्व समाज के उत्थान के बारे में जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम सिंह राणा ने संगठन में प्रोन्नत हुए पदाधिकारियों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विजेंद्र शर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में संयोजक पद पर आसीन होना सहारनपुर के लिए गर्व की बात है। विजेंद्र कुमार



शर्मा ने समाज के उत्थान और नशा मुक्ति के लिए अपने विचार रखें।?? प्रदेश मंत्री आकाश त्यागी ने शाहीदों को नमन किया और नारियों को सम्मान देने की बात कही। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सतीश कुमार, प्रदेश माहामंत्री आकाश त्यागी, देवी सिंह, जगपाल सिंह, विनीत, बच्चन सिंह, विनोद कुमार, प्रीतम सिंह, अनिल त्यागी, पवन सिंह चौहान, किरण मेहता, विनोद कुमार, मोनिका राजपूत व प्रदीप कुमार सोनी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

❍ जुआरियों के पास से लगभग 25010 रुपये के अलावा बुलेट सहित आठ बाइके बरामद




**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर जिले में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अलावा जुआ, सट्टा खेलने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत थाना अजनर पुलिस ने धवर्रा गांव के पास खेत में बनी झोपड़ी में जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस जुआरियों के पास से लगभग 25010 रुपये के अलावा बुलेट सहित आठ बाइके भी बरामद की हैं। पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना अजनर में 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की।

अजनर थानाध्यक्ष सुभाष चन्द्र की गठित टीम गई टीम के उपनिरीक्षण धर्मेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक ऋषी शुक्ला, कांस्टेबल जय प्रकाश, सौरभ सिंह, नरेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार पाल, नीतेन्द्र सिंह आदि मुखबिर की सूचना पर धवर्रा गांव के समीप ओंकार राजा के खेत में बनी झोपड़ी पहुंचे, जहां पर कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जुआ खेल रहे अज्जू उर्फ आजाद खान, लकी सोनी, लालू यादव, यतुराज सिंह परिहार उर्फ मानू, सोहेल खान, प्रशान्त सेन उर्फ कल्लू, विष्णु अहिरवार, गौरव निवासीगण नौगांव जिला छतरपुर मध्यप्रदेश को पकड़ा, जबकि आजाद मंसूरी, विक्रम परमा, वकील खान और मौके से भागने में सफल हो गए।

पुलिस टीम ने पकड़े गए अभियुक्तों की तलाशी लेते हुए मालफड़ से 19450 और जामा तलाश से 5560 टोटल 25010 रुपये बरामद किये साथ ही जुएं प्रयोग की गई एक बुलेट सहित आठ मोटरसाकिल, नौ मोबाइल व ताश के पत्ते भी पाये गए। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ संबन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया साथ ही 207 एमवी एक्ट के तहत बरामद की गई बाइकों को सीज कर फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई है।

# ब्याज माफी योजना के तहत चलाए जा रहे अभियान से उपभोक्ताओं में हड़कप


**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिले में विद्युत विभाग की टीमे अभियान चलाकर बिजली चोरी, बकाया बिल, ओवरलोड की आदि की चेकिंग कर रही है। जहां एक तरहफ चलाए जा रहे ब्याज माफी योजना के तहत चलाए जा रहे अभियान से बिजली उपभोक्ताओं में हड़कप मचा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ कुछ उपभोक्ता बिजली चोरी करने के बाद भी बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट करने में आमादा है। एक मामला थाना श्रीनगर के ननौरा गांव के एक वायरल वीडियो में देखने को मिला जहा एक युवक सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर रहा है।

ननौरा गांव में बिजली विभाग की एक टीम अभियान के दौरान पहुंची जहां अवर अभियंता देवकीनंदन के नेतृत्व में लाइन मैन ईश्वर दास, साहब सिंह, मनीष और इमरान क्षेत्र में बिजली चेकिंग कर रहे थे। टीम जब धन प्रकाश साहू के घर पहुंची तो खंभे से अवैध कटिया डालकर बिजली चोरी किए का प्रकरण सामने आया। नियमों के तहत अवर अभियंता ने लाइन काटने के निर्देश दिए। लाइनमैन जैसे ही खंभे पर चढ़े, तभी धन प्रकाश के पुत्र सुनील और मानिक ने विरोध शुरू कर दिया और दोनों भाई लाइनमैन के साथ गाली गलौज अभद्रता करने लगे। कर्मचारियों ने जब इसका विरोध किया तो दोनो भाई मारपीट पर आमादा हो गए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल है। स्थिति बिगड़ते देख अन्य बिजली कर्मियों को मौके पर बचाने की कोशिश की, लेकिन युवक किसी की बात मानने के लिए तैयार नहीं थे, जिसे कर्मचारियों अपने साथियों को बचाते हुए वहां से भाग गए। घटना के बाद अवर अभियंता ने श्रीनगर थाने में आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने की तहरीर दी। थाना अध्यक्ष जयचंद सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और वायरल हुए वीडियो को देखने और जांच करने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जंगमवाड़ी मठ में दो दिवसीय जगद्गुरु विश्वाराध्य जयंती महोत्सव धूमधाम से शुरू हुआ

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** वाराणसी का जंगमवाड़ी मठ (जिसे ज्ञान सिंहासन या ज्ञानपीठ भी कहा जाता है) काशी के सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्रों में से एक है। यहा प्रतिवर्ष विश्वाराध्य जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाता है। वही आज शनिवार को दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन प्रारम्भ हुआ।

पहले दिन सुबह सात बजे मठ के महंतद्वय 1008 जगदुरु डॉ. चंद्रशेखर शिवाचार्य महास्वामी एवं 1008 जगदुरु मल्लिकार्जुन शिवाचार्य महास्वामी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद दोपहर में वेदांत विषय पर स्वप्रकाशकत्व विचार सूत्र पर विद्यार्थियों के बीच शास्त्रार्थ का आयोजन किया गया। दोपहर में ही विद्वत सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व संकाय प्रमुख प्रो. विन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र को जगदुरु विश्वाराध्य विश्वभारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, उज्जैन के महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय की डॉ. पूजा मनमोहनोपाध्याय को कोडीमठ संस्कृत साहित्य पुरस्कार तथा सारनाथ स्थित केंद्रीय तिब्बती उच्च संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ. गेशे लोबसंग दोर्जे रबलिंग और आचार्य व्रजवल्लभ द्विवेदी को शैवभारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस समारोह में सिंधु सुभाष मातृशक्ति,शिवलीला पाटिल, और कवि दमदार बनारसी को जयदेव श्री हिन्दी साहित्य पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही, सम्पदकाचार्य सम्मान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डा.आनंद कुमार जैन को दिया गया। आशीर्वाद प्रदान करते हुए डॉ. चंद्रशेखर शिवाचार्य महास्वामी ने ज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भक्ति और शक्ति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने समाज और मानवता के कल्याण के लिए वैदिक परंपराओं के संरक्षण को आवश्यक बताया। स्वामी जी ने जीवन में सफलता के लिए भजन और भोजन के महत्व को समझाया और भक्तों को सत्संग से जुड़ने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कर्नाटक के डॉ.शिवानन्द शिवयोगी, डॉ.बसवराज जयचंद्र स्वामी, राज्यमंत्री डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक डॉ.नीलकंठ तिवारी,कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक और संस्कृत के विद्वान उपस्थित थे।

# वाराणसी के सभी शिवालयों पर आज महाशिवरात्रि का दर्शन, दूर-दूर से पहुंचे लाखों श्रद्धालु



❍ सुगम दर्शन और वीवीआईपी प्रोटोकॉल वाली व्यवस्था पर रोक

**(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** आज काशी में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।श्रद्धालुओं के लिए एक और खुशखबरी सामने आई काशी विश्वनाथ मंदिर ने शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़ को देखते हुए कपाट लगातार 26 घंटे तक खोले रखने का निर्णय लिया है। मंदिर प्रशासन का अनुमान है कि इस बार काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या दस लाख से ज्यादा हो सकती है। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने सभी तरह के सुगम दर्शन और वीवीआईपी प्रोटोकॉल वाली व्यवस्था पर रोक लगा दी है। आज महाशिवरात्रि के अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम का कपाट सुबह 4 बजे, मंगला आरती के बाद बाबा के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। बाबा के कपाट अगले दिन 16 फरवरी की सुबह 6 बजे तक खुले रहेंगे। श्रद्धालु झांकी दर्शन के साथ बाबा विश्वनाथ को जलार्पण कर सकेंगे।

इस बार काशी विश्वनाथ की चारों पहर होने वाली आरती भी विशेष रहेगी। मंगला आरती और भोग आरती के बाद इस बार सप्तर्षि आरती, शयन आरती के स्थान पर अलग-अलग चार पहर में विशेष आरती की जाएगी। इतना ही नही, भगवान शिव के जीवन से जुड़ी झांकियां भी मंदिर प्रशासन आम श्रद्धालुओं के लिए प्रदर्शित करेगा।

# माता विशालाक्षी धाम से बाबा विश्वनाथ दरबार पहुंची अभिषेक व श्रृंगार सामग्री



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर में शुरू हुए नवाचार के क्रम में महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व दिवस शनिवार को शक्तिपीठ माता विशालाक्षी धाम से बाबा विश्वनाथ दरबार में अभिषेक और श्रृंगार सामग्री अर्पित किया गया।

महंत राजनाथ तिवारी और सुरेश तिवारी के देखरेख में मीरघाट स्थित विशालाक्षी मंदिर से दोपहर में शोभायात्रा प्रारंभ हुई। डमरू वादन के बीच महंत परिवार के सदस्य विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। वहां मंदिर न्यास के नायब तहसीलदार मिनी एल शेखर ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके बाद महंत परिवार ने उन्हें बाबा के अभिषेक और श्रृंगार की सामग्री अर्पित की। नायब तहसीलदार ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को प्रसाद दिया। शोभायात्रा में अनिल उपाध्याय, नितिन तिवारी, जतिन तिवारी, श्यामानंद मिश्रा, मधुप दुबे सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बुंदेली समाज के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

❍ पुलवामा में हुए आतंकी हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** गोरखगिरि पर्वत के ऊपर बुंदेली समाज के तत्वावधान में शनिवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलवामा जिले के लेथपोरा इलाके में हुए आतंकी हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उन 40 जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और बुंदेलों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले ने आज ही के दिन पूरे देश को झकझोर दिया था। सीआरपीएफ के करीब 2500 जवान 78 वाहनों के काफिले में कश्मीर के श्रीनगर जा रहे थे, तभी जैश ए मोहम्मद संगठन के आतंकी आदिल अहमद डार ने विस्फोटक से लदी कार से काफिले के एक वाहन में टक्कर मार दी और 40 जवान बलिदान हो गए, लेकिन इन बलिदानियों की तेरहवीं से पहले ही भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट स्थित आतंकी संगठन के प्रशिक्षण केन्द्र पर एयर स्ट्राइट कर बदला ले लिया था साथ ही भारत सरकार ने पाकिस्तान को अपने सबसे प्रमुख व्यवसायिक देशों (मोस्ट फेवर्ड नेशन्स) की सूची से भी हटा दिया था। कार्यक्रम में दिलीप जैन ने कहा कि इस घटना से देश के जनज न में आज भी आक्रोश है और हर कोई शहीदों को याद कर उन्हें नमन कर रहा है। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हर भारतीय के मन में चिंगारी सुलती रहती चाहिए। शहीद जवाजों की 7वीं बरसी के मौके पर अवधेश गुप्ता, सिद्धे सेन, महेन्द्र, पवन सोनी, प्रेम, महेन्द्र चौरसिया, नीरज, अन्नू पुरवार, गया प्रसाद, अमित शिवहरे, विपिन भाखरी, सुरेश शुक्ला, बाबा राम दास त्यागी, नरेन्द्र मिश्रा, संदीप, चंद्रकांत, मुन्ना, अच्छे लाल व पवन सोनी आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन, फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित



**अवधनामा संवाददाता**

❍ फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता व संवेदनशीलता के साथ सुना गया

**महोबा।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

थाना समाधान दिवस के दौरान विभिन्न थानों पर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व संबंधी प्रकरण, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याएँ शामिल रहीं। पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित प्रकरणों में निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण कराया जाना महोबा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनपद महोबा पुलिस आमजन के विश्वास एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# गैस का पाईप निकल जाने से लगी आग की चपेट में आने से तीन गंभीर घायल

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के नगपुर में खाना बनाते समय रसोई गैस की पाइप निकल जाने में रसोई में आग लग गयी जिस की चपेट में आने से परिवार के तीन सदस्य बुरी तरह झुलस गये। जिन का गंभीर अवस्था में जलालपुर के निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। घटना गुरुवार रात की है जब ग्राम नगपुर के मुस्तफा बाद मुहल्ले में रौशन 58 वर्ष की बेटी सबीका 22 वर्ष घर के रसोई में गैस से खाना बना रही थी।इसी बीच सिलेंडर का गैस पाइप अचानक निकल गया जिस से गैस पूरी रसोई में फैल गयी और आग लग गयी किचेन से आग की लपटें उठते देख सबीका के पिता रौशन व भाई जहीन हैदर 24 वर्ष आग बुझाने की के लिए दौड़े और बुझाते वक्त पिता पुत्र पुत्री बुरी तरह आग के चपेट में आने से झुलस गये। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया और आनन फानन में तीनों झुलसे भाई बहन और पिता को एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां तीनों का इलाज चल रहा है।

# जनगणना कार्य की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित



**देवी अवस्थी संवाददाता**

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आगामी जनगणना कार्य की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए इसे सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग कर्मचारियों तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के अध्यापकों व कर्मचारियों की ड्यूटी किसी भी स्थिति में न लगाई जाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए ड्यूटी निर्धारण किया जाए, जिससे किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक असुविधा न हो।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनगणना कार्य के प्रभावी संचालन हेतु जिला मुख्यालय पर पृथक कार्यालय स्थापित किया जाए, जहां से समस्त गतिविधियों का समन्वय एवं नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आवश्यक संसाधन, कार्मिक एवं तकनीकी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जनगणना कार्य की प्रगति की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। संबंधित अधिकारी दैनिक समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या या बाधा की सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं, जिससे उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और जनगणना की तैयारियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है और इसे पूरी जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ संपन्न कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बोर्ड की परीक्षा के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया



**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में संचालित उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के कंट्रोल रूम व राजकीय इंटर कालेज में परीक्षा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी जगह की सी0सी0टी0वी से निगरानी समुचित तरीके से की जाये, किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई भी अवांछित गतिविधि होने पर तत्काल सूचित किया जाये, सभी केंद्रों पर प्रश्नपत्र समय से उपलब्ध कराएं जाए।

## डीएम व एसपी ने किया ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण




**फर्रूखाबाद।** दुर्घटनाओं को रोकने के दृष्टिगत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह ने अभय वर्मा क्षेत्राधिकारी (यातायात), फर्रूखाबाद, अंकित कुमार अवर अभियन्ता (निर्माण खण्ड) लोक निर्माण विभाग फर्रूखाबाद व थानाध्यक्ष राजेपुर के साथ शेराखार,डबरी,मेहमदपुर गढ़िया, गांधी मोड़, निबिया चौराहा, जमापुर चौराहा ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण भी किया। ब्लैक स्पॉट पर लिंक मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने,स्ट्रीट लाइट लगाने व राजमार्ग पर दोनों ओर रिपीटेड बार लगाने,जहाँ स्लोव ज्यादा है उसे सही कराने व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के बोर्ड तत्काल लगाने तथा किनारे की झाड़ियों की सफाई हेतु निर्देशित किया गया।

## काशीका फाउंडेशन ने मनाया स्वराज वैलेंटाइन दिवस



**वाराणसी।** काशीका फाउंडेशन द्वारा मनाया गया स्वराज वैलेंटाइन दिवस। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि,इसका मुख्य उद्देश्य प्रेम को सही अर्थों गीता के श्लोक कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन से संगर्भित है। जिस प्रकार मानव का जन्म लेना उसके वश मे नहीं। उसी प्रकार प्रेम भी हमारे वश मे नहीं होता है किन्तु जन्म से वही जीव प्राणी को कर्म करना ही पड़ता है। प्रेम निस्वार्थ भाव का प्रतिक है जिसमे प्रेम नहीं, वह निस्वार्थ भाव है ही नहीं।उन्होंने बताया कि, हमें हमारे अपने अधिकारों के लिये आवाज उठानी चाहिये। इसके लिये अधिकार है क्या ये जानना भी बहुत जरूरी है, प्रेम पर सबका का समान अधिकार है किन्तु प्रेम किसी के अधिकार मे नहीं होता। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माल प्रबंधक राजीव रंजन,अनीशा शाही, मीरा राय अतुल राय,एडवोकेट मनोज कुमार गुप्ता,विनय चौरसिया,प्रो. बी.डी. परान्जापे इत्यादि उपस्थिति रहे।

# सपा नेताओं ने बड़ी संख्या में पकड़े फर्जी फॉर्म 7 जिलाध्यक्ष ने कार्यवाही की मांग की

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया दिन-प्रतिदिन विवादित होती जा रही है, हर रोज कहीं न कहीं जीवित और वैद्य मतदाताओं के फर्जी फॉर्म 7 बरामद हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदारों पर कार्यवाही अथवा इसकी रोकथाम के कोई प्रयास कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

इसी क्रम में आज जनपद की 194 विधानसभा सदर के नवाब दिवाकर जंग बूथ संख्या 276 पर 66 फॉर्म, 277 पर 130 फॉर्म तथा बजरिया बड़ा खेल बूथ संख्या 278 पर 14 फॉर्म फर्जी तरीके से भरकर दिए जाने की सूचना जिला महासचिव इलियास मंसूरी को मिली, उन्होंने तुरन्त पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव को अवगत करवाया और मौके पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी पहुंचे। मौके पर पहुंचे सपा नेताओं से बड़ी संख्या में मौजूद इस फर्जीवाड़े के शिकार क्षेत्रीय मतदाताओं ने बताया कि हमारे सबके नाम काटने के लिए फर्जी फॉर्म 7 में वैभव सक्सेना, रंजीत कश्यप एवं उमेश कश्यप को आवेदनकर्ता बनाकर सुपर वाइजर संजीव दुबे लेखपाल ने ये फॉर्म बीएलओ दिए हैं।

जिलाध्यक्ष श्री चंद्रपाल सिंह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास कर रही है, हम लोग लगातार इस तरह से भरे गए फर्जी फॉर्म की शिकायत तथ्यों के साथ जिम्मेदार उच्चाधिकारियों से कर रहे हैं, बावजूद इसके इस दुस्साहस में कोई रुकावट नहीं आ रही है। आज के इस प्रकरण के सम्बन्ध में भी संबंधित बीएलओ से वार्ता की गई है और पार्टी की तरफ से कहा गया है कि किसी भी कीमत पर फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, किसी वैद्य मतदाता का नाम सूची से काटने नहीं दिया जाएगा चाहे हम कट जाएं, यदि कार्यवाही नहीं होगी तो पार्टी आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि सूचना मिली है कि संबंधित बीएलओ पर दबाव बनाया जा रहा है कि मतदाताओं को सूचित किए बिना ही हस्ताक्षर करके सम्मिट करो जिससे ये वोट कट जाएंगे, जबकि ये सभी लोग जीवित और वैद्य मतदाता मौके पर मौजूद हैं। इस तरह के प्रकरण सिर्फ हास्यास्पद और शर्मनाक ही नहीं हैं बल्कि निर्वाचन आयोग की साख और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े करते हैं, पार्टी कार्यकर्ता सजग रहकर इन छलछंदों की मायावी चालों को पकड़ते रहें, जनपद के किसी भी बूथ पर ऐसी कोई आशंका हो तो तुरन्त जिला कार्यालय, जिलाध्यक्ष जी या हमें सूचित करें, हम सब मौके पर पहुंचकर इन साजिशों को बेनकाब करेंगे। इस प्रकरण में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ निर्वाचन आयोग को लिखित शिकायत की जाएगी तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी अवगत कराया जाएगा। आज सरेआम निर्वाचन आयोग के लोकतांत्रिक और निष्पक्ष होने के दावे की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, फिर भी आयोग अंधा-गूंगा और बहरा हुआ बैठा है। समाजवादी लोग किसी भी कीमत पर इस तरह के दुस्साहस को पूरा नहीं होने दे सकते।

# हाईस्कूल विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**परसपुर, गोंडा।** नगर पंचायत परसपुर स्थित राजा भगवती प्रसाद सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को हाईस्कूल दीक्षांत उपरांत विद्यार्थी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने भूली बिसरी स्कूल के पलों को याद किया और कई छात्र- छात्राएं भावुक भी नजर आए। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय से विदाई जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन और नए सफर की शुरुआत है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्रों को मानसिक दबाव से दूर रहते हुए सकारात्मक सोच व नियमित अभ्यास के साथ तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, धैर्य और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें यहां शिक्षा के साथ अनुशासन एवं शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार भेंटकर उनका आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक और छात्र एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते रहे। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि पूर्व विद्यार्थी किसी भी समय अपने अनुभव साझा करने के लिए विद्यालय आ सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्राएं अपने नए लक्ष्यों के साथ विद्यालय परिसर से विदा हुए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडेय, उपप्रधानाचार्य दर्शनानंद पांडेय, राम मूर्ति तिवारी, नीरज कुमार सिंह, वैभव सिंह, कपिल यादव, मीना वर्मा, मीना तिवारी, वंदना मिश्रा, अंकिता सोनी, सुनीता सिंह, गुनगुन पांडेय, संध्या, प्रियांशी, खुशबू मौर्या, शुभी सिंह, प्रगति पांडेय, अन्वी सिंह, खुशबू गुप्ता, देवांश तिवारी, आदर्श सिंह, अमन वर्मा, राज मिश्रा, शनि कुमार, राहुल मौर्या, सुरेंद्र चौहान समेत काफी छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## विश्व का सबसे 365 पुजारियों वाला सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से निकली कलश यात्राः अयोध्या में 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में महाशिवरात्रि से पूर्व आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब शाहगंज क्षेत्र स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में लगभग 2000 शिवभक्तों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह यात्रा करीब 4 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रामपुरवा शिवाला मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गुंजायमान रहा। गाजे-बाजे और भक्तिमय संगीत के साथ निकली इस शोभायात्रा में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक झाँकियाँ भी प्रस्तुत की गईं, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

यह कलश यात्रा पिछले 15 वर्षों से लगातार महाशिवरात्रि से पूर्व आयोजित की जा रही है। इस वर्ष भी आयोजन का संयोजन आनंद सोनी द्वारा किया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि इस परंपरा ने क्षेत्र में धार्मिक एकता और उत्साह को नई पहचान दी है। यात्रा के समापन के पश्चात सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में विधि-विधान से हवन-पूजन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल के जवान तैनात रहे, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और श्रद्धालु शांतिपूर्वक कार्यक्रम में भाग ले सकें।

कलश यात्रा का नेतृत्व आनंद सोनी और सिद्धेश्वर नाथ मंदिर समिति के सदस्यों ने किया। यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

कलश यात्रा के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक पंजाब प्रान्त रामगोपाल,सह जिला कार्यवाह आनन्द सोनी,शरद तिवारी मानसमाणि त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अयोध्या में वैलेंटाइन डे पर पुलिस अलर्ट, प्रमुख पार्कों में चला विशेष अभियान



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** वैलेंटाइन डे के अवसर पर अयोध्या पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आई। सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर में विशेष अभियान चलाकर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय ने महिला पुलिस बल के ह्मसाथ शहर के प्रमुख पार्कों का निरीक्षण किया। पुलिस टीम कंपनी गार्डन और गुलाबबाड़ी पहुंची, जहां बड़ी संख्या में युवक-युवतियां मौजूद दिखे।महिला पुलिसकर्मियों ने युवतियों से संवाद कर उनका हाल-चाल जाना, जबकि युवकों से नाम-पता और पार्क में आने का उद्देश्य पूछा गया। पुलिस ने मौजूद जोड़ों से शालीनता के साथ पूछताछ की और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। छेड़छाड़ या किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई। पूरे अभियान का उद्देश्य वैलेंटाइन डे के मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सार्वजनिक स्थलों पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

## अयोध्या में 22 फरवरी को लगेगा श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइज़ेशन, अवध प्रांत एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला के दूसरे संस्करण की जानकारी देने के प्रेस वार्ता आयोजित की गई।इस अवसर पर नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइज़ेशन अवध प्रांत के अध्यक्ष एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के महासचिव डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य मेला 22 फरवरी (रविवार) को सुबह 9 बजे से अवध इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होगा। मेले में प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के 200 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। मेले में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई), किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान तथा कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान सहित विभिन्न प्रमुख निजी संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सक भाग लेंगे। स्वास्थ्य शिविर में सभी प्रमुख विशेषज्ञताओं के डॉक्टर उपलब्ध रहेंह्गे। निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क जांच और निःशुल्क दवाओं की व्यवस्था की गई है। कैंसर स्क्रीनिंग से लेकर मोतियाबिंद सर्जरी तक की व्यवस्था

मेले में ब्लड जांच, आंखों की जांच, ईसीजी, पेशाब जांच सहित कई जरूरी परीक्षण निःशुल्क होंगे। कैंसर स्क्रीनिंग के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। चिन्हित मरीजों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से लखनऊ स्थित संस्थानों में भर्ती कराकर उपचार सुनिश्चित कराया जाएगा।

नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया जाएगा, जबकि मोतियाबिंद के मरीजों के लिए सर्जरी की व्यवस्था भी की जाएगी। दंत चिकित्सा के लिए अलग काउंटर दांतों के इलाज हेतु सरदार पटेल डेंटल कॉलेज और बाबू बनारसी दास डेंटल कॉलेज की टीमें विशेष काउंटर स्थापित करेंगी। अयोध्या मेडिकल कॉलेज एवं शहर के लगभग सभी प्रमुख चिकित्सक भी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। 'स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा' का संकल्प डॉ. भूपेंद्र सिंह ने कहा कि यह स्वास्थ्य मेला नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइज़ेशन के 'स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था अयोध्या से शांतनु सिंह देखेंगे। प्रेस वार्ता में नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइज़ेशन व अयोध्या मेडिकल कॉलेज की ओर से डॉ. पीयूष, महानगर इकाई के सचिव डॉ. अनूप जायसवाल एवं शेषाद्रि श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## व्यापारियों के संग भाजपा दफ्तर में बजट पर मंथन, बोले सांसदः आत्मनिर्भर भारत की ओर मजबूत कदम

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** शहर स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को केंद्र और प्रदेश सरकार के बजट को लेकर व्यापारियों के साथ विस्तृत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। शहर के अलग-अलग बाजारों से आए व्यापारियों, उद्योग प्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर बजट पर अपने विचार रखे। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल है। उन्होंने कहा कि लघु एवं मध्यम व्यापारियों को ध्यान में रखते हुए कर व्यवस्था को अधिक सरल बनाने, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के अवसरों में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया है। उनका कहना था कि सरकार व्यापार को सुगम बनाने के साथ स्थानीय कारोबार को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के बजट को जनहित और विकास पर केंद्रित बताया। उन्होंने कहा कि करीब 9000 करोड़ रुपये गरीबों और शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किए गए हैं। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने बजट को सकारात्मक करार देते हुए कहा कि सरकार ने व्यापारिक वर्ग की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर निर्णय लिए हैं। व्यापारियों का मानना था कि कर सुधार, आधारभूत ढांचे के विकास और ऋण सुविधाओं के विस्तार से बाजार को नई रफ्तार मिलेगी।

## फरीदपुर में 'गोदान' की गूंज, ईशान ने कराई जनता के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग

**बरेली।** (*अवधनामा संवाददाता*) प्रख्यात साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद के कालजयी उपन्यास पर आधारित फिल्म 'गोदान' इन दिनों प्रदेशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। सामाजिक यथार्थ और ग्रामीण जीवन की मार्मिक झलक पेश करने वाली यह फिल्म दर्शकों के बीच खासा प्रभाव छोड़ रही है। सिनेमाघरों में फिल्म को देखने के लिए लोगों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। बरेली जनपद में फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए इस फिल्म का विशेष निशुल्क प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह पहल स्वर्गीय भाजपा विधायक श्याम बिहारी के पुत्र ईशान की ओर से की गई। शहर के Infinity Cinema& Mall में आयोजित इस विशेष शो में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए। ईशान ने कहा कि 'गोदान' जैसी फिल्में समाज को जागरूक करने का काम करती हैं।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सांसद फैजाबाद अवधेश प्रसाद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अम्बेडकरनगर के लोकसभा सांसद/सह-अध्यक्ष लाल जी वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रुदौली राम चन्द्र यादव, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।सांसद ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा पूर्व बैठक के कार्यवृत्त और अनुपालन बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिशा समिति की बैठक विकास कार्यों की समीक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मंच है, जहां जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर विस्तार से चर्चा की जाती है।सांसद ने निर्देश दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। सड़कों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में स्वीकृत सड़कों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पेयजल मिशन की क्षेत्रवार सूची भी साझा करने को कहा गया। बैठक में उठाई गई शिकायतों पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।सांसद ने कहा कि जनपद में आयोजित होने वाले कैम्प, शिविर और कार्यक्रमों में संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए तथा योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को सुझावों व शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

## महाशिवरात्रि पर सख्तीः अवैध तमंचे संग हिस्ट्रीशीटर दबोचा

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता )** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बारादरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। देर रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार 13/14 फरवरी की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति विकास भवन के पीछे स्थित खंडहर की ओर जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी। इसी दौरान कासिम उर्फ आशु निवासी आजमनगर को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। त्योहार के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ओपीएस अकादमी में रंगारंग फेयरवेल पार्टी, वेदांश बने मिस्टर फेयरवेल तो दृश्या शुक्ला रहीं मिस फेयरवेल




**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता )** निराला नगर स्थित ओपीएस अकादमी में शनिवार को कक्षा 5 के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कक्षा 4 के बच्चों ने अपने सीनियर साथियों के लिए आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उन्हें यादगार विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेल गतिविधियों और रोचक प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ। सवाल-जवाब आधारित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

**सेमीफाइनल में पांच, फाइनल में पहुंचे दो प्रतिभागी**

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल दौर में पांच प्रतिभागियों ने जगह बनाई। कड़े मुकाबले के बाद फाइनल में वेदांश दूबे और दृश्या शुक्ला पहुंचे। दोनों प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों का दिल जीत लिया।अंतिम परिणाम में वेदांश दूबे को मिस्टर फेयरवेल और दृश्या शुक्ला को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा।

**भावुक क्षणों के बीच दी गई शुभकामनाएं**

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने अपने स्कूल के अनुभव साझा किए। कई छात्र-छात्राएं भावुक भी नजर आए। शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने का संदेश दिया।पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रधानाचार्या इमराना जिया के निर्देशन में तैयार की गई। शिक्षकों में गिरिजेश, तौक़ीर तथा आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहीं शिक्षिका रेनू मिश्रा और इफ्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## हनीट्रैप का जालः 10 लाख ऐंठे, फिर 12 लाख की डिमांड; महिला गिरफ्तार

### दुष्कर्म के झूठे मुकदमे की धमकी देकर वसूली, 22 लाख की साजिश का खुलासा

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** थाना प्रेमनगर पुलिस ने हनीट्रैप के जरिए ब्लैकमेलिंग कर धन उगाही करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला ने एक व्यक्ति को प्रेमजाल में फंसाकर पहले 10 लाख रुपये वसूले और बाद में 12 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। रकम न देने पर दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप में झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जा रही थी।

इन्द्रानगर निवासी मनीष गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी महिला ने उनसे नजदीकियां बढ़ाईं और बाद में संबंध स्थापित किए। कुछ समय बाद उसने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर दबाव बनाना शुरू कर दिया। शिकायत के मुताबिक पहले 10 लाख रुपये लिए गए और फिर 12 लाख रुपये की मांग दोबारा रखी गई। पीड़ित की तहरीर पर थाना प्रेमनगर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इस मामले में पूजा शर्मा समेत तीन लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने 14 फरवरी की सुबह करीब 10ः20 बजे मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी पूजा शर्मा (37) पत्नी आर्यन शर्मा, निवासी वीर सावरकर नगर, थाना इज्जतनगर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसका पति से पारिवारिक विवाद चल रहा है और वह दो बेटियों के साथ अलग रह रही है। आमदनी का कोई जरिया न होने के चलते उसकी मुलाकात वादी से हुई। लालच में आकर उसने झूठी शिकायत दर्ज कराई और समझौते के नाम पर 10 लाख रुपये लिए। बाद में 12 लाख रुपये और मांगने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक मोहम्मद सरताज, कांस्टेबल अनुराग, महिला कांस्टेबल एकता और अर्चना शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है और अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## प्यार के दिन पर पहराः बरेली के पार्कों में दिखी पुलिस की सख्ती

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता )** वैलेंटाइन डे के अवसर पर इस बार शहर के प्रमुख पार्कों और रेस्टोरेंट में रोमांटिक माहौल से ज्यादा पुलिस की सक्रियता नजर आई। पिछले महीने राजेंद्रनगर स्थित एक कैफे में छात्रा के साथ हुई मारपीट की घटना को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पहले से ही सतर्क था। पुलिस ने साफ कर दिया कि किसी भी प्रकार का उपद्रव या अनावश्यक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा शहर के गांधी उद्यान, फुलबाग पार्क सहित कई अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम स्वयं मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पार्कों में आने वाले युवाओं की पहचान पत्रों की जांच की गई। म्यूजिक फाउंटेन और भूल-भुलैया क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी गई। सुरक्षा के मद्देनज़र सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। एसएसपी अनुराग आर्य ने स्पष्ट किया कि किसी भी संगठन या व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बजरंग दल सहित अन्य संगठनों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। उन्होंने कहा कि यदि कोई युवक-युवती के साथ दुर्व्यवहार करता है या माहौल खराब करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। गौरतलब है कि 28 दिसंबर को राजेंद्रनगर के एक कैफे में जन्मदिन मना रही छात्रा और उसके साथियों पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया था।

## मैट्रिमोनियल साइट से शुरू हुई मोहब्बत, 13 लाख की ठगी में बदली कहानी

### शादी के वादे, भरोसे का जाल और फिर आर्थिक धोखा

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली के मलूकपुर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक को ऑनलाइन रिश्ते की तलाश भारी पड़ गई। शादी के इरादे से शुरू हुई बातचीत आखिरकार साइबर ठगी में बदल गई। आरोपी युवती ने खुद को सफल व्यवसायी बताकर पहले विश्वास जीता और फिर निवेश के नाम पर लाखों रुपये हड़प लिए। पीड़ित अमित ने साइबर क्राइम थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अमित के मुताबिक उनकी पहचान एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर 'आंचल शर्मा' नाम की युवती से हुई थी। शुरुआती बातचीत में युवती ने खुद को टेक्सटाइल और ज्वेलरी कारोबार से जुड़ा बताया। लगातार फोन कॉल और संदेशों के जरिए उसने शादी की बात आगे बढ़ाई और भरोसा कायम कर लिया कुछ समय बाद युवती ने भविष्य की जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए निवेश की सलाह दी। उसने बड़े मुनाफे का लालच दिया और अलग-अलग योजनाओं में पैसा लगाने को कहा। रिश्ते पर भरोसा करते हुए अमित ने कई बार में रकम ट्रांसफर कर दी। पीड़ित के अनुसार 13 अक्टूबर 2025 से 25 जनवरी 2026 के बीच कुल 13,17,552 रुपये से अधिक की रकम विभिन्न बैंक खातों में भेजी गई। जब युवक ने शादी की तारीख तय करने और मुलाकात की बात की, तो युवती बहाने बनाने लगी। कुछ ही दिनों बाद उसका फोन बंद हो गया और संपर्क पूरी तरह खत्म हो गया। तब जाकर युवक को ठगी का एहसास हुआ। उसने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस से संपर्क किया।

## सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में डीएम सख्त, बी-सी-डी ग्रेड योजनाओं पर जताई नाराजगी

### सूर्यघर लक्ष्य इस माह पूरा करने, कुसुम योजना में खराब प्रगति पर स्पष्टीकरण के निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार देर शाम कैंप कार्यालय में विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा की। पंचायतीराज, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन, महिला एवं बाल कल्याण सहित कई विभागों की परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

डीएम ने बी, सी और डी ग्रेड प्राप्त योजनाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति स्वीकार्य नहीं है। पर्यटन परियोजनाओं में देरी पर समयसीमा तय कर कार्य तेज करने तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भवन निर्माण में गति लाने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति योजनाओं की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। पंचायत सहायकों के माध्यम से फैमिली आईडी बनवाने, पीएम सूर्यघर योजना का लक्ष्य इसी माह पूरा करने और विभागों में समन्वय बढ़ाने को कहा गया। पीएम कुसुम योजना में खराब प्रगति पर उपनिदेशक कृषि से स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही सीएमओ को 102 व 108 एंबुलेंस सेवाओं का रिस्पांस टाइम बेहतर करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नाली निर्माण व सड़क चौड़ीकरण की धीमी रफ्तार से व्यापार प्रभावित

### महराजगंज-निचलौल मार्ग पर खुदाई व अव्यवस्था से दुकानदार परेशान

*अवधनामा संवाददाता*



**मिठौरा (महराजगंज)।** महराजगंज-निचलौल मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी है। इसी के तहत दुकानों के सामने नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है, लेकिन कार्य की धीमी गति से स्थानीय दुकानदारों की परेशानियां बढ़ गई हैं। दुकानदारों का कहना है कि नाली निर्माण के कारण दुकानों के सामने खुदाई और अव्यवस्था बनी हुई है, जिससे ग्राहकों की आवाजाही बाधित हो रही है। वर्तमान में लगन और शादी-विवाह का मौसम होने से व्यापार का यह महत्वपूर्ण समय है, लेकिन गंदगी, कीचड़ और रास्ते की समस्या के कारण बिक्री पर सीधा असर पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था द्वारा न तो काम में तेजी दिखाई जा रही है और न ही दुकानों तक पहुंच के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। कई स्थानों पर अधूरा निर्माण पड़े रहने से पानी जमा होकर दुर्गंध की समस्या भी पैदा हो गई है। दुकानदारों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा तब तक ग्राहकों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए अस्थायी रास्ते की व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन किया जा सकता है। इस दौरान स्थानीय दुकानदार सुनील गुप्ता, दिग्विजय मौर्य, राजन, आजाद, शिवनाथ प्रजापति, मोहन आदि मौजूद रहे।

## माटी न्यास-सेकी के सहयोग से महाराजगंज में दो निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर

### सेहत पर शहरों ही नहीं, हर गांव का भी समान अधिकारः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*



**महाराजगंज।** माटी न्यास और भारत सरकार के उपक्रम सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के तत्वावधान में महाराजगंज इंटर कॉलेज, मऊपाकड़ तथा मदर मरियम ग्लोबल स्कूल, कुल्हुई में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किए गए।

शिविरों में एम्स और मेदांता जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लगभग 1000 से अधिक लोगों की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि सेहत केवल शहरों की सुविधा नहीं, बल्कि गांवों का भी अधिकार है। उन्होंने लोगों से संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। शिविरों में हृदय, हड्डी, चर्म, नेत्र, ईएनटी व सामान्य रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। कुल्हुई शिविर में नायब तहसीलदार फरेंदा अंकित अग्रवाल ने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में माटी न्यास के संयोजक आसिफ आज़मी सहित संस्था के प्रशांत त्रिपाठी, अनीस खान, मनीष जायसवाल, मोहम्मद आसिम, डॉ. धर्मेंद्र और वसीम रफी आदि सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 358 जोड़ों का हुआ विवाह

- हिन्दू समुदाय के 195 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 55 तथा मुस्लिम समुदाय के 17 जोड़ो का विवाह सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण में मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन, सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल व अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

दीप प्रज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने अतिथियों को बुकें देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 358 जोड़ो में से 267 जोड़े सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित हुये। हिन्दू समुदाय के 195 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 55 तथा मुस्लिम समुदाय के 17 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू, बौद्ध एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। इस विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगो को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया तथा बौद्ध धर्म का उनके धर्मानुसार विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम हेतु सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड नौगढ़, वर्डपुर, उस्का बाजार, लोटन, जोगिया, शोहरतगढ़ एवं बढ़नी तथा नगरीय क्षेत्र नौगढ़, उसका बाजार, कपिलवस्तु, शोहरतगढ़ एवं बढ़नी के जोड़े शामिल हुये।

सांसद ने कहा कि गरीब परिवारों के बेटियों को अपनी शादी धूमधान से होने की चिन्ता रहती है। मुख्यमंत्री जी द्वारा उनकी चिन्ता को दूर करते हुये समान रूप से सामूहिक विवाह के माध्यम से भव्य रूप से करने का कार्य किया है। अब तक जनपद में कुल 6060 जोड़ों की शादी कराई जा चुकी है। इस समारोह में जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन व वर वधू के माता पिता व परिवार के लोगों का आर्शीवाद प्राप्त हो रहा है। सभी नव दम्पति बेहतरीन तरीके से नई पारी की शुरूआत करें। सांसद ने शादी करने वाले सभी नवयुगल जोड़ों को जिला प्रशासन के माध्यम से नौकरी/प्लेसमेंट दिलाने की घोषणा किया गया। उन्होंने कहा कि शादी के बाद परिवार की जिम्मेदारी सम्हालने के लिए रोजगार की आवश्यकता होती है जो लोग उद्योग, कालानमक, कम्प्यूटर व अन्य क्षेत्रों में कार्य करना चाहते हैं उनको ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को आर्शीवाद दिया गया। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि मुख्यमंत्री जी उप्र द्वारा सदैव गरीबों के लिए चिन्ता रहती है। गरीब परिवारों के लोगों को बेटियों की शादी की चिन्ता रहती है इसलिए मुख्यमंत्री जी द्वारा गरीब परिवारों के बेटियों की शादी के लिए सभी जिलों में सामूहिक विवाह के माध्यम से शादी कराया जा रहा है और उनको नई पारी की शुरूआत के लिए सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने कहा कि प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 60000 दिया जा रहा है तथा 25000 का सामान भी दिया गया है तथा 15000 बारात के स्वागत पर व्यय किया गया है। अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत नव विवाहित जोड़ों को 5 साड़ी ब्लाउज सहित (प्रत्येक 5.50 मीटर), 5 पेटीकोट, चुनरी कढ़ाईयुक्त, पैंट का कपड़ा 1.20 मी0, शर्ट का कपड़ा 2.25 मी0 उत्तम गुणवत्ता की, गमछा, चांदी का पायल (एक जोड़ी), बिछियां, डिनर सेट (स्टेनलेसस्टील का), बर्तनः- 01 नग कूकर 05 लीटर, ट्राली बैग, दीवाल घड़ी, कड़ाही, वैनिटी किट, सीलिंग फैन, कूल केज 10 लीटर, प्रेस, डबल वेड चादर, तकिया कवर, कम्बल 02 अद्द, गद्दा 02 अद्द, तकिया 02 नग, सिंहोरा, चूड़ी 02 दर्जन, कंगन 04 नग, लडडू 05 किलो, वर वधू को 500 ग्राम बादाम, 250 ग्राम अखरोट, 250 ग्राम मखाना, 500 ग्राम किशमिश, सूखा नारियल दिया गया।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटवा में एनएसएस का शिविर, पुलवामा शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**निहाल चौधरी**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** डॉ. राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटवा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान वर्ष 2019 के Pulwama attack में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा-भाव की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों, शिक्षकों और अतिथियों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को नमन किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद द्विवेदी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पाण्डेय ने पुलवामा के शहीदों के जीवन और उनके बलिदान पर प्रकाश डालते हुए शिविर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अष्टभुजा पाण्डेय ने की। उन्होंने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करते हैं।

शनिवार को बुद्ध विद्यापीठ महाविद्यालय, नौगढ़ के प्रवक्ता डॉ. नवीन सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पुलवामा के वीर सपूतों का बलिदान राष्ट्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है तथा उनका त्याग हमें देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर प्रवक्ता राकेश दूबे, लाल बहादुर यादव, बृजेश गुप्ता, अंकित त्रिपाठी, सुमंत चौधरी, राज त्रिपाठी, विजेंद्र शेखर और अमित त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने भी शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जामिया अहलेसुन्नत क़ादरिया गुलशने रज़ा भरपुरवा में सालाना इम्तिहान के नतीजे घोषित, मेधावी छात्र-छात्राओं को इनाम देकर किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** गौरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ौलीपुर स्थित जामिया अहलेसुन्नत क़ादरिया गुलशने रज़ा, लोथरपुर (भरपुरवा) में सालाना इम्तिहान के नतीजों का ऐलान बड़े ही शानदार और पुरअसर माहौल में किया गया। इस मौके पर विभिन्न दर्जों में अव्वल, दोम और सोम पोज़िशन हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को इनामात देकर उनकी हौसला-अफ़ज़ाई की गई। मदरसे में सालाना इम्तिहान का आयोजन पूरी शफ़्फ़ाफ़ियत और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। जुमेरात को आयोजित इस कार्यक्रम में इलाक़े के गणमान्य लोग, असातिज़ा, सरपरस्त और बड़ी तादाद में वालिदैन मौजूद रहे। इस अवसर पर बाहर से तशरीफ़ लाए हज़रत अल-हाज क़ारी शरफ़ुद्दीन ख़ान हशमती (संवाददाता, राष्ट्रीय सहारा उर्दू) ने इल्म-ए-दीन की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि शिक्षा इंसान को सही और ग़लत की पहचान कराती है। उन्होंने वालिदैन को पैग़ाम दिया– आधी रोटी खाएं, मगर बच्चों को ज़रूर पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी बेहद ज़रूरी है, ताकि बच्चे आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट बनकर समाज और मुल्क की खिदमत कर सकें।नक़ीबे अहले सुन्नत मौलाना ग़ुलाम गौस साक़ी तनवीरी ने अपने ख़िताब में मदरसों के निज़ाम को मज़बूत करने पर ज़ोर देते हुए कहा कि नई नस्लों के दिलों में नूर-ए-इल्म की शमा रोशन करना वक्त की सबसे बड़ी ज़रूरत है। उन्होंने मदरसों के वक़ार को समझने और ईमानदारी व खुलूस के साथ तालीमी सुधार लाने की अपील की। कार्यक्रम में मदरसे के प्रिंसिपल मौलाना अली अहमद हश्मती, मास्टर आबिद रज़ा बेग, सेक्रेटरी वहीदुल्लाह, ख़ज़ांची ग़ुलाम सईद, प्रबंधक मोहम्मद क़ासिम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद इरफ़ान ख़ान हशमती सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आपराधिक मामला छिपाकर बनवाया पासपोर्ट, आरोपी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** जनपद के कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कौड़हा जगदीशपुर के मजरा मोहम्मदपुर निवासी फिजा खान की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही कैश खां उर्फ अब्दुल वहाब के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि आपराधिक मुकदमे की जानकारी छिपाकर कूटरचित तरीके से पासपोर्ट बनवाया गया और विदेश प्रस्थान किया गया।




**पहले मारपीट का मुकदमा, फिर पासपोर्ट बनवाने का आरोप :** तहरीर के अनुसार, जनवरी 2024 में कैश खां उर्फ अब्दुल वहाब ने अपने साथियों के साथ मिलकर फिजा खान की पिटाई की थी। इस संबंध में थाना कटरा बाजार में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था और विवेचना के बाद आरोप पत्र भी न्यायालय में प्रेषित किया जा चुका है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बावजूद आरोपी ने संबंधित आपराधिक प्रकरण को छिपाते हुए पुलिस अधिकारियों को गुमराह किया और गलत तथ्य प्रस्तुत कर पासपोर्ट बनवा लिया। बताया गया कि दिसंबर 2025 में वह एक अरब देश के लिए रवाना भी हो गया। फिजा खान ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार के अनुसार, प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यदि जांच में तथ्य छिपाकर दस्तावेज तैयार कराने की पुष्टि होती है तो आरोपी के विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलवामा शहीद दिवस पर जवानों को किया गया नमन

- डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की श्रद्धांजलि सभा
- देश की एकता और अखंडता की रक्षा का लिया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय पर पुलवामा शहीद दिवस के अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2019 में हुए पुलवामा अटैक में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

सभा को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिला मंत्री डॉ. गोविंद प्रसाद ओझा ने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए जवानों का अदम्य साहस, वीरता और शौर्य सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों के प्रति पूरा देश कृतज्ञ है। उनका बलिदान हमें यह स्मरण कराता है कि देश की रक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए हर नागरिक को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। फार्मासिस्ट डॉ. बृजेश पांडेय ने कहा कि ऐसे अवसर हमें राष्ट्रीय एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। नर्सिंग आफिसर श्रीश श्रीवास्तव ने कहा कि पुलवामा की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन साथ ही देशवासियों को एकजुट भी किया। शहीद जवानों का त्याग और समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अंत में सभी ने देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा के लिए संकल्प लिया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर करूणाकर मिश्रा, सुनील पांडेय, गिरिजेश त्रिपाठी, पवन शुक्ला, राहुल पांडेय, अजय कुमार, मनोज कुमार आदि की उपस्थिति रही।

# स्काउट गाइड उप्र के तत्वाधान में सम्मान समारोह आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में राज्य स्तर पर आयोजित बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जनपद अम्बेडकर नगर के तक्षशिला अकादमी के श्रेयांश वर्मा , अपूर्व सिंह और आदित्य प्रताप सिंह ने कब संवर्ग में पूरे प्रदेश में क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान , तक्षशिला अकादमी के आराध्या पटेल, नवधा मेहरोत्रा व अरीबा फातिमा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं आदर्श जनता इंटर कॉलेज टांडा के स्काउट हर्षित गुप्ता ने स्काउट संवर्ग में प्रथम स्थान तक्षशिला अकादमी लोरपुर की आर्या उपाध्याय ने गाइड संवर्ग में प्रथम स्थान तथा बी पी स्काउट दल स्वतंत्र के रोवर संवर्ग में सिराज अहमद खान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे जनपद का नाम रौशन किया जिन्हें भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जल शक्ति डॉक्टर महेंद्र सिंह एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉक्टर प्रभात कुमार द्वारा पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में जनपद के उत्कृष्ट कार्य हेतु जनपद की जिला मुख्यायुक्त डॉक्टर तारा वर्मा जी को भी प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया।

# मनरेगा में नाबालिग से मजदूरी कराने का मामला, एसडीएम ने जांच के दिये आदेश

**कर्नलगंज, गोण्डा।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत विकास खंड हलधरमऊ के एक ग्राम पंचायत में मनरेगा में नाबालिग से मजदूरी कराए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायत के बाद प्रशासन ने इसे प्रथम दृष्ट्या सही मानते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं। साथ ही नाबालिग को बालिग दर्शाकर उसका पंजीकरण करने वाले वीसी का लाइसेंस निरस्त करने का निर्देश भी दिया गया है।

ग्राम पंचायत पहाड़ापुर निवासी अन्नू पुत्र अख्तर अली ने उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा से लिखित शिकायत साक्ष्य संलग्न करते हुए की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि गांव का अब्दुल मारूफ वर्ष 2025 से मनरेगा के तहत लगातार मजदूरी कर रहा है और उसके नाम से जॉब कार्ड भी निर्गत किया गया है, जबकि वह नाबालिग है। शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों में विद्यालयी अभिलेख शामिल हैं, जिनमें संबंधित बालक की जन्मतिथि फरवरी 2010 अंकित है।

# महाराष्ट्र में चमका सिद्धार्थनगर का सितारा, अरशद चौधरी बने वसई विरार के नगरसेवक



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर की धरती ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यहां की प्रतिभाएं जहां भी जाती हैं, अपनी मेहनत और लगन से पहचान बना लेती हैं। बांसी तहसील अंतर्गत मिठवल ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बेलगड़ा के मूल निवासी अरशद चौधरी ने महाराष्ट्र के वसईङ्कविरार नगर निगम क्षेत्र में नगरसेवक पद का चुनाव जीतकर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया है।

महाराष्ट्र के जिला पालघर स्थित वसईङ्कविरार क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 (नालासोपारा) से बहुजन विकास अघाड़ी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे अरशद चौधरी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को शानदार मतों से पराजित कर जीत का परचम लहराया। उनकी यह जीत न केवल राजनीतिक सफलता है, बल्कि संघर्ष और समर्पण की मिसाल भी है।

अरशद चौधरी के अनुसार उन्होंने मात्र 13 वर्ष की उम्र में ही राजनीति में कदम रखा था। वर्षों की मेहनत, जनसंपर्क और सामाजिक कार्यों के बल पर उन्होंने जनता के बीच अपनी मजबूत पैठ बनाई। यही कारण रहा कि चुनाव में मतदाताओं ने उन पर भरोसा जताते हुए भारी मतों से विजयी बनाया।

शनिवार को अपने पैतृक गांव बेलगड़ा आगमन पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ गांववासियों ने अपनी खुशी का इजहार किया। जगह-जगह लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर रजा हुसैन, सहबान चौधरी, सईद अहमद, तुफैल अहमद, पवन सिंह उर्फ टीटी, सुरेंद्र कुमार पांडेय, रफीक अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। लोगों ने कहा कि अरशद चौधरी की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है और यह सिद्ध करती है कि छोटे गांव से निकलकर भी बड़े मंच पर पहचान बनाई जा सकती है। गांव के बुजुर्गों ने कहा कि अरशद की जीत से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है और आने वाले समय में वह समाज के लिए और भी बड़े कार्य करेंगे।

# सीएचसी जलालपुर के नेतृत्व में 73 हज यात्रियों को लगाया गया टीका



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर स्थित मदरसा करामतिया में सी एच सी नगपुर अधीक्षक के नेतृत्व में 73 हज यात्रियों को टीका लगा। उन्हें यात्रा के बाबत जागरुक किया गया।हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को प्रशिक्षित कर उनका टीकाकरण किया जा रहा है।इसी क्रम में नगर स्थित मदरसा करामतिया में 73 हज यात्रियों को टीका लगाया गया। इसमें 44 पुरूष और 29 महिलाएं शामिल रहीं।टीका लगाने के साथ ही पोलियो की खुराक भी दी गई।60 वर्ष से अधिक आयु वाले हज यात्रियों को इंफ्लुएंजा का टीका लगाया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ मोहम्मद यूनुस ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि हज यात्रा के दौरान पूरी सजगता बरतनी होगी।नियम कानून का अच्छे ढ़ंग से पालन करना होगा। यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल सम्बंधित को इसकी जानकारी दें। स्वयं कोई निर्णय न लें। टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल चिकित्सा अधिकारी डॉ रमा वर्मा, डॉ संग्राम, फर्मासिस्ट मनोज यादव,स्टाफ नर्स सोनी कुमारी, तमन्ना आज़मी,नेत्र परीक्षण अधिकारी तहज़ीब हैदर,रिंकी मौर्या,शमीम अहमद, सतीश कुमार का मौलाना नजीबुल्लाह , मोहम्मद आसिफ, मुदस्सर नूर, मोहम्मद अनवर,रूखसार अहमद, मास्टर इसरार अहमद,हाजी मोहम्मद आरिफ, मास्टर कफील,सिराजुद्दीन महतो आदि ने सहयोग किया।

# एनटीपीसी द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन हेतु पंजीकरण प्रारम्भ

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) के अंतर्गत, गरिमा महिला मंडल के सहयोग से आसपास के क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीजों के लिए निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह पंजीकरण शिविर दिनांक 23ङ्क24 फरवरी 2026 को आरोग्यम चिकित्सालय, एनटीपीसी टांडा में आयोजित होगा, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर ऑपरेशन हेतु चयन किया जाएगा।चयनित मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन दिनांक 25ङ्क27 फरवरी 2026 को महामाया मेडिकल कॉलेज, अंबेडकरनगर में कराया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत जांच, ऑपरेशन तथा आवश्यक परामर्श की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। एनटीपीसी टांडा प्रबंधन ने आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएँ और निर्धारित तिथियों पर पंजीकरण शिविर में उपस्थित होकर अपनी जांच कराएँ।

# वजीरगंज ग्राम पंचायत में लगी ग्राम चौपाल, राशन कार्ड की शिकायतें रहीं प्रमुख

**गोंडा।** जिले की वजीरगंज ग्राम पंचायत में जन समस्याओं के निस्तारण हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर मौके पर समाधान करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग, जिला प्रशिक्षण अधिकारी/खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी तथा आंगनबाड़ी सुपरवाइजर उपस्थित रहीं। बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं शिकायतकर्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। चौपाल में सबसे अधिक शिकायतें राशन कार्ड से संबंधित दर्ज की गई। कुल 26 शिकायतें राशन कार्ड को लेकर प्राप्त हुई, लेकिन संबंधित विभाग का कोई प्रतिनिधि मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे इन शिकायतों का तत्काल निस्तारण नहीं हो सका। इसके अलावा पेंशन न मिलने की 18 शिकायतें, फार्मर रजिस्ट्री की 9, किसान सम्मान निधि की 16 तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 35 आवेदन/शिकायतें दर्ज की गई। राशन कार्ड संबंधी शिकायतों को छोड़कर शेष अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए और लाभार्थियों को आश्वस्त किया कि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। चौपाल में आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

# भाजपा अर्थव्यवस्था के साथ खेल क्षेत्र में भी बढ़ रही आगे : मुख्य अतिथि

- इटवा दंगल : दूसरे दिन भी पहलवानों का दमदार प्रदर्शन
- नशा, सामाजिक बुराइयों से रहें दूर : डा0 सतीश द्विवेदी

**एजाज़ सिद्दीक़ी**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत खेल के क्षेत्र में भारत न केवल दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ़ अग्रसर है बल्कि खेल के क्षेत्र में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। आज भारतीय खिलाड़ी एशियन गेम्स कॉमन वेल्थ गेम्स के साथ ही साथ ओलंपिक में भारत का झंडा बुलंद कर रही है।

उक्त बातें इटवा स्थित बांसी रोड बस स्टैंड के मैदान में आयोजित अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के दूसरे व अन्तिम दिन बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कुश्ती का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। शुक्रवार को शुरू हुए इस दंगल में देश भर से आए नामी पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। शनिवार को अन्तिम दिन अभिनायक सिंह पहलवान कानपुर ने निलेश पहलवान दिल्ली को परास्त कर होंडा स्ट्रीम बाइक अपने नाम की।

इटवा में आयोजित अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि मोदी जी भारत को पुनः विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना चाहते है उनका सपना है कि सन् 2047 तक भारत विकसित देश बने और उनके इस सपने को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश की मोदी योगी वाले नेतृत्व की डबल सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं लेकिन युवा पर सरकार का विशेष ध्यान है इसलिए खेलो पर बढ़ावा देने के लिए सरकार बजट की प्रयाप्त व्यवस्था के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हर ब्लॉक और ग्राम पंचायत में मिनी स्टेडियम और खेल मैदान का निर्माण करा रहीं हैं।

वहीं प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी पहलवानों ने एक से बढ़कर एक रोमांचक कुश्तियां लड़ीं। उनके दमदार दांव-पेंच और कड़े मुकाबले देखने को मिले, जिनमें कई कुश्तियों का फैसला काफी संघर्ष के बाद हुआ।

दंगल देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही कुश्ती प्रेमियों का तांता लगा रहा। आसपास के गांवों के साथ-साथ पड़ोसी जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन को देखने पहुंचे और तालियों तथा जयकारों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन समिति के अनुसार, इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना और भारत के पारंपरिक खेल कुश्ती को बढ़ावा देना है।

पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी की अध्यक्षता व हरिशंकर सिंह के नेतृत्व में पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और ऐसे आयोजनों को ग्रामीण खेल संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण बताया। डा0 सतीश द्विवेदी व हरि शंकर ने बताया कि आगामी दिनों में भी बड़े मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें और भी नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय कुश्ती दंगल को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना हुआ है। इसके पूर्व दंगल आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी और संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता हरिशंकर सिंह ने गदा भेट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# गांव महोत्सव में जादूगर मिस्टर इंडिया ने किया जादुई धमाल

- मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** जिला मुख्यालय स्थित गांधी पार्क में आयोजित तीन दिवसीय गांव महोत्सव में जादूगर मिस्टर इंडिया ने मनमोहक जादू कला प्रस्तुत किया। जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। जादू क्षेत्र में अपनी अलग पहचान कायम बनाने वाले इंटरनेशनल मैजिशियन जादूगर मिस्टर इंडिया ने समाज मे फैली कुरीतियों पर प्रहार किया। उन्होंने नशा उन्मूलन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या सड़क सुरक्षा सहित कई विषयों पर शानदार जादू प्रस्तुति किया। और आमजन को बुराईयों से बचने के प्रति जागरूक किया। कागज के टुकड़े को जलाकर काफी संख्या में नोट बना दिया। सच झूठ की पहचान कराई। जादू के माध्यम से द्रौपदी चीर हरण प्रसंग पर हैरत अंगेज जादू दिखाया, और साड़ियां बढाकर श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लज्जा बचाई थी। उसी प्रकार जादूगर ने साड़ियों का ढेर लगा दिया। जिसे देख दर्शक भावविभोर हो गये। और दर्शकों की तालियों से सम्पूर्ण पंडाल गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल श्रीवास्तव एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

## ऐप इन्स्टाल और गोपनीयता

एआई ऐप की बाढ़ में गोपनीयता बढ़ती जा रही है। सरकारी आदेश है कि सभी स्मार्ट फोन में ऐप इन्स्टाल करें। इसे लेकर चौतरफा विरोध हुआ तो केन्द्र ने साफकिया एप को फोन में रखना या डिलीट करना चूजर्स की मर्जी पर है। पर इससे चिन्तन का अन्त नहीं होता है।

सरकार ने साइबर सुरक्षा से जुड़े दो आदेश दिये है वाटस ऐप टेलीग्राम जैसे सभी कम्युनीकेशन एप से कहा गया कि अपनी सर्विस को सिम कार्ट से जोड़े। मतलब ऐप तभी चले जब मोबाइल से सिम लगा हो। टेलीकम्युनीकेशन कम्पनियों ने इसका खुले दिल से स्वागत किया। पर इसी बीच आदेश आया कि स्मार्ट फोन कम्पनियों को हर हालत में नय हैन्डसेट में संचार साथ ऐप रखना होगा। आदेश उन सभी कम्पनियों के लिये है। जिनके स्मार्ट फोन भारत में बिकते है। सरकार का कहना है इस ऐप के जरिये डिजिटल स्कैम, फर्जी काल और दूसरे धोखाघड़ियों को पकड़ने में मदद मिलेगा। लेकिन साथ ही निजात के उलघंन की चिन्ता भी पैदा होती है। कही यह एप यूजर्स की निजता में ताकझांक तो नहीं करेगा। देश में निजता मौलिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2017 में अपने एक फैसले में साफकहा है कि जीवन औत्यक्तिगत स्वतन्त्रता देने वाले संविधान के आर्टिकल 21 में कहा है कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतन्त्रता देने वाले संविधान के आर्टिकल 21 में राइट टू प्रावेसी शामिल है। निजात के मामले में मोबाइल इन्टरनेट और दूसरी जानकारी भी आती है। अगर मामला देश की सुरक्षा या कानून से जुड़ा नही है तो यह हर नागरिक का हक है कि वह डिजिटल स्पेस में किसी इन्ट्री देता है किसे नहीं देता है।

2018 में जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था मोबाइल और निजी कम्पनियां आधार कार्ड नहीं मांग सकती और आधार कार्ड को बैंक एकाउन्ट से लिन्क करने का फैसला भी रद किया था। तो इसे उस निजता के अधिकार का जीत माना गया। मौजूदा मामले में निजात के साथ सुरक्षा भी जुड़ी है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिये कि इस एप्स का इस्तेमाल किस तरह होगा। और यूजर्स का किस तरह का डाटा सरकार तक पहुचेगा। उस डाटा को कहां स्टोर किया जायेगा। और इसका किस तरह का इस्तेमाल होगा।

डिजिटेल युग में डाटा सबसे कीमती चीज है। बिते वर्षो में यह फेस बुक लिन्क्ट इन सर्वर में सेंघ लगाकर करोड़ों युजर्स का डाटा है किया जा चुका है। सरकार ने इनसे बचने का क्या इन्तजाम किया है। केन्द्र को इन सारे सवालों का जवाब देने होगे। खुद गोपनीयता की आड़ में बचने से काम नहीं चलाने वाला है।

## महाशिवरात्रि : सार्थकता के लिए 'व्रत' भी मनोवांछित



मुहम्मद क़मर ख़ाँ

शिवरात्रि का व्रत केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र तक सीमित नही है बल्कि स्वयं में आध्यात्मिक वृद्धि एवं व्यक्तिगत कल्याण की भावना विकसित करने का प्रबल माध्यम है। इस दिन अपार दैवीय कृपा भी प्राप्त होती है। प्रत्येक चन्द्र मास का चौदहवाँ दिन अथवा अमावस्या से पूर्व का एक दिन शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है एक कैलेण्डर वर्ष में आने वाली सारी शिवरात्रियों में से 'महाशिवरात्रि' को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, जो प्रायः फरवरी माह में पड़ती है। इस रात गृह का उत्तरी गोलार्द्ध कुछ इस प्रकार अवस्थित होता है कि मानव की भीतरी ऊर्जा को अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं के नियन्त्रण, के अनुरूप प्रभावी और सकारात्मक सहायोग सम्भव हो सकता है। इस अवसर पर रखे जाने वाले व्रत का महत्व, भगवान शिव की कृपा पाने और मोक्ष प्राप्ति के लिये है। यह अवसर भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन की रात है, साथ ही इसी दिन महादेव ने सृष्टि की रक्षा के लिये 'हलाहल विष' पी लिया था, जिससें यह व्रत, मन की शान्ति, आत्म शुद्धि मनोकामना पूर्ति का प्रबल माध्यम बन जाता है, जिसमें रात्रि जागरण और मन्त्र जाप से शिव तत्व की प्राप्ति की सम्भावना कई गुना बढ़ जाती है। उपवास के दौरान आम तौर पर सूर्योदय के पहले से लेकर सूर्यास्त तक भोजन, पेय तथा यौन सम्बन्धों पर अंकुश शामिल है। दिन भर शान्त और संयमित रहे साथ में ध्यान भी रकते रहें। दिन में नींद से परहेज करें और रात को जागकर ध्यान करें रीढ़ को सीधा रखें, यह अभ्यास ऊर्जा प्रवाह तथ आध्यात्मिक जागृति के साथ गहराई से जुड़ा है। रीढ़ की हड्डी को सीधा रखने से यह ऊर्जा स्वतन्त्र रूप से ऊपर उठती है। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि का व्रत मनोकामना पूर्ति व पापों के नाश हेतु सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र व्रत है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को रखा जाने वाला यह उपवास आत्मा की शुद्धि, आध्यात्मिक उन्नति एवं वैवाहिक सुख का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन शिव पार्वती का विवाह हुआ था और यह व्रत मनचाहा जीवन साथी दिलाने के अतिरिक्त मोक्ष भी प्रदान करता है। महाशिव रात्रि के चारों प्रहरों में की गयी पूजा विशेष फलदायी हुआ करती है।

उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि का उपवास करने वाले को नरक से मुक्ति मिलती है तथा जीवन के उपरान्त मोक्ष की प्राप्ति होती है। कुँवारी कन्याएं मनचाहे वर की प्राप्ति हेतु तथा विवाहित महिलाएं सुखी वैवाहिक जीवन हेतु प्रायः यह व्रत रखती है। आइये अब महाशिवरात्रि व्रत के पालन हेतु, अपना आचरण कैसे निर्धारित किया जाना चाहिए यह जानते हैः-

प्रातः शीघ्र उठकर स्नान करें और सर्वप्रथम उपवास का संकल्प लेना होता है।

शिव लिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी, बेलपत्र एवं धतूरा अर्पित करना होता हैं।

पूरे दिन निर्जला अथवा फलाहारी व्रत रखना होता है। उस दिन 'ऊँ नमः शिवाय' मन्त्र का जाप करना होता है।

रात में जागरण करते हुये, रात के चारों पहर की पूजा करना होता है।

व्रत के दौरान शिव लिंग की वन्दना की जाती है।

अगले दिन पूजा-अर्चना के उपरान्त व्रत तोड़ा जाता है।

शिवरात्रि का उक्तानुसार व्रत करने से न केवल धार्मिक लाभ, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर में ऊर्जा एवं हल्का पन अनुभन होता है। मान्यता तो यह है कि सच्चे हदय से शिव-भक्ति करने वाले भक्तों पर उसकी कृपा सदैव बनी रहती है। शिव को देवों के देव, महादेव का दर्जा इसीलिये दिया गया है क्योंकि पुराणों के अनुसार शिव ही सृष्टि के सृजनकर्ता हैं। शिव की उपसना के लिये हर दिन श्रेष्ठ है, लेकिन सोमवार का व्रत, प्रदोष व्रत एवं शिवरात्रि व्रत का महत्व अलग ही है। यद्यपि एक वर्ष में 12 शिव रात्रि पड़ती हैं। लेकिन इन बारह में से फाल्गुन में पड़ने वाली या शिवरात्रि का महत्व काफ़ी अधिक है। इसीलिये फाल्गुन में पड़ने वाली शिवरात्रि को साधारण शिव रात्रि नहीं, बल्कि महाशिवरात्रि होती है। इस दिन शिव को प्रसन्न करने के लिये व्रत रखा जाता है, ताकि सभी कष्टों का निवारण हो सकें।

पौराणिक कथाओं के अनुसारी, महाशिवरात्रि के दिन ही शंकर जी तथा माता पार्वती का विवाह हुआ था। साथ ही महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का शिवलिंग भी अवतरित हुआ था। इसी तिथि से सर्वप्रथम शिव को सर्वश्रेष्ठ मानते हुये, उनके शिवलिंग सवरूप की, भगवान विष्णु तथा ब्रहमा जी द्वारा पूजा अर्चना प्रारम्भ हुयी थी। इसी मान्यता के अनुसार इस अवसर पर महाश्विरात्रि के दिन, शिवलिंग की विशेष आराधना की जाती है। चूँकि महाशिवरात्रि का सम्बन्ध रात से होता हैं अतः इस रात में जागरण का भी विशेष महत्व हुआ करता है। सार यह कि धार्मिक, ज्योतिमय तथा आध्यात्मिक आधार पर 'महाशिवरात्रि पर्व' का बहुत अधिक महत्व है। इस वर्ष महाशिवरात्रि, रविवार 15 फरवरी को पड़ रही है। पर्व के अवसर पर लेखक की ओर से ढेर, सारी बधाइयां तथा पूर्जा अर्चना करने वाले भक्तों हेतु शुभ कामनाएं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत-बांग्लादेश संबंध इस चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक परस्परता है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे परस्पर विश्वास से ही सुलझ सकते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान के साथ बढ़ती निकटता और भारत के प्रति संदेहपूर्ण बयानबाजी ने संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा किया। यदि नई सरकार क्षेत्रीय संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद पुनः स्थापित करती है, तो यह दोनों देशों के हित में होगा।**

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की वैचारिक क्रांति



ललित गर्ग

बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर इतिहास के मोड़ पर खड़ी है। लगभग दो दशकों के लंबे अंतराल के बाद यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटती है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की दावेदारी तक पहुंचते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा परिवर्तन का संकेत होगा। 299 सीटों में से 212 पर विजय का दावा इस बात का प्रमाण है कि मतदाता लंबे समय से चली आ रही अस्थिरता, अंतरिम व्यवस्थाओं और वैचारिक ध्रुवीकरण से बाहर निकलकर एक निर्णायक जनादेश देना चाहता है। छात्र आंदोलन से उपजी नेशनल सिटीजन पार्टी का मात्र छह सीटों पर सिमटना भी इस तथ्य को पुष्ट करता है कि जनभावना प्रयोगधर्मिता से आगे बढ़कर स्थायित्व की ओर झुक रही है। लगभग अठारह महीने से चल रही अंतरिम व्यवस्था के अवसान के साथ बांग्लादेश एक नए अध्याय में प्रवेश करने जा रहा है, पर प्रश्न यह है कि यह अध्याय उदार लोकतंत्र का होगा या किसी नए प्रकार के वैचारिक वर्चस्व का? बांग्लादेश का इतिहास संघर्ष, त्याग और पहचान की जिजीविषा से निर्मित हुआ है। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की निर्णायक भूमिका केवल सैन्य सहायता तक सीमित नहीं थी, वह सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग का भी प्रतीक थी। परंतु पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक ध्रुवीकरण, कट्टरवादी विमर्श और बाहरी प्रभावों ने उस ऐतिहासिक आत्मीयता पर धुंध डालने का प्रयास किया। अंतरिम सरकार के दौरान जिस प्रकार वैचारिक कठोरता और प्रशासनिक असमंजस दिखा, उसने अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने दोनों को प्रभावित किया। ऐसे समय में स्पष्ट जनादेश को स्थिरता का अवसर माना जा सकता है, बशर्ते सत्ता इसे प्रतिशोध का माध्यम न बनाए, बल्कि पुनर्निर्माण का औजार बनाए। तारिक रहमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती सांप्रदायिक सौहार्द की पुनर्स्थापना होगी। बांग्लादेश का सामाजिक ढांचा बहुलतावादी है, वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और सम्मान केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वसनीयता की कसौटी है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से दूरी बनाकर विकासोन्मुखी एजेंडा अपनाती है, तो वह न केवल आंतरिक स्थिरता ला सकती है, बल्कि दक्षिण एशिया में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकती है। पर यदि चुनावी विजय को वैचारिक वर्चस्व के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो यह जनादेश अवसर से अधिक संकट में बदल सकता है।

आर्थिक मोर्चे पर बांग्लादेश ने पिछले दशक में उल्लेखनीय प्रगति की थी। वस्त्र उद्योग, निर्यात



वृद्धि और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उसने मिसाल कायम की। किंतु राजनीतिक अस्थिरता और नीतिगत अनिश्चितता ने निवेशकों के विश्वास को झटका दिया। अब नई सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह आर्थिक सुधारों को गति दे, रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करे और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाए। विकास की ÷नई गंगा÷ तभी बहेगी जब शासन पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होगा। केवल नारे या राष्ट्रवाद की तीखी ध्वनियां आर्थिक संकट का समाधान नहीं बन सकतीं।

भारत-बांग्लादेश संबंध इस चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक परस्परता है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे परस्पर विश्वास से ही सुलझ सकते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान के साथ बढ़ती निकटता और भारत के प्रति संदेहपूर्ण बयानबाजी ने संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा किया। यदि नई सरकार क्षेत्रीय संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद पुनः स्थापित करती है, तो यह दोनों देशों के हित में होगा। भारत ने बांग्लादेश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उस ऐतिहासिक साझेदारी को भावनात्मक नहीं, व्यावहारिक आधार पर पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।

यह भी ध्यान रखना होगा कि दक्षिण एशिया की राजनीति अब केवल द्विपक्षीय समीकरणों तक सीमित नहीं है। चीन की बढ़ती उपस्थिति, अमेरिका की रणनीतिक रुचि और पाकिस्तान की पारंपरिक भूमिका-इन सबके बीच बांग्लादेश को संतुलित कूटनीति अपनानी होगी। यदि नई सरकार वैचारिक आग्रहों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखती है, तो वह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में एक परिपक्व भूमिका निभा सकती है। परंतु यदि विदेश नीति घरेलू राजनीति का विस्तार बन गई, तो अस्थिरता का चक्र फिर दोहराया जा सकता है। इस चुनाव का एक और महत्वपूर्ण संकेत यह है कि बांग्लादेश का मतदाता अब निर्णायकता चाहता है। लंबे समय तक आंदोलन, विरोध और अंतरिम प्रयोगों से थका समाज स्थिर शासन की आकांक्षा रखता है। किंतु स्थिरता केवल बहुमत से नहीं आतीय वह संस्थाओं की मजबूती, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वायत्तता से आती है। नई सरकार को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं, बल्कि असहमति को सम्मान देने की संस्कृति का नाम है। यदि विपक्ष को हाशिये पर धकेला गया या आलोचना को देशविरोध का रूप दिया गया, तो लोकतांत्रिक ऊर्जा क्षीण हो जाएगी। बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्ममंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी। यदि नई सत्ता उस भावना को पुनर्जीवित करती है, तो यह जनादेश ऐतिहासिक सिद्ध होगा। अन्यथा यह अवसर भी इतिहास की एक और चूकी हुई संभावना बन सकता है।

भारत की दृष्टि से भी यह चुनाव महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली को प्रतिक्रिया में उतावलापन नहीं, बल्कि धैर्य और कूटनीतिक परिपक्वता दिखानी होगी। पड़ोसी देश की संप्रभुता और जनादेश का सम्मान करते हुए सहयोग का हाथ बढ़ाना ही दीर्घकालिक हित में है। सीमा पार आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और तस्करी जैसे मुद्दों पर सख्ती के साथ-साथ आर्थिक और सांस्कृतिक संवाद को भी सुदृढ़ करना होगा। संबंधों में भावनात्मकता के बजाय व्यावहारिकता और पारस्परिक सम्मान की नींव आवश्यक है। अंततः यह चुनाव बांग्लादेश के लिए निर्णायक इसलिए है क्योंकि यह केवल सरकार बदलने का अवसर नहीं, बल्कि शासन की शैली और राष्ट्रीय दिशा तय करने का क्षण है।

# महाशिवरात्रि: शिव-शक्ति के मिलन और सृष्टि के संतुलन का उत्सव



महेन्द्र तिवारी

महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह ब्रह्मांडीय चेतना के जागरण की वह दिव्य बेला है जब आकाश और पृथ्वी का मिलन होता है। भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति में शिव को 'अनादि' और 'अनंत' माना गया है, जिनका न कोई आरंभ है और न ही कोई अंत। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को आने वाली यह महान रात्रि उस परम शिव तत्व के साक्षात्कार का अवसर प्रदान करती है जो संपूर्ण सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है। सामान्यतः त्योहारों को उल्लास, रंग और बाहरी चमक-धमक से जोड़ा जाता है, किंतु महाशिवरात्रि एक ऐसी रात्रि है जो हमें अंतर्मुखी होने का संदेश देती है। यह अंधकार पर प्रकाश की विजय नहीं, बल्कि उस गहन अंधकार की आराधना है जिससे प्रकाश का जन्म होता है। शिव का अर्थ ही कल्याण है और रात्रि का अर्थ विश्राम या निवृत्ति है। इस प्रकार महाशिवरात्रि का अर्थ है वह रात्रि जो हमें आध्यात्मिक विश्राम प्रदान कर परम कल्याण के मार्ग पर अग्रसर करती है। इस महापर्व की महत्ता को समझने के लिए हमें इसके पौराणिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आयामों को एक अखंड प्रवाह में देखना होगा।

पौराणिक गाथाओं के अनुसार महाशिवरात्रि के साथ कई अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंग जुड़े हुए हैं। सबसे प्रमुख कथा भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की है। यह विवाह केवल दो सत्ताओं का मिलन नहीं है, बल्कि यह पुरुष और प्रकृति, वैराग्य और गृहस्थ, तथा ध्यान और शक्ति के संतुलन का प्रतीक है। शिव जो परम योगी हैं, श्मशान निवासी हैं और सांसारिक मोह-माया से विरक्त हैं, वे देवी पार्वती के कठिन तप से प्रसन्न होकर उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार करते हैं। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए संसार का त्याग आवश्यक नहीं है, बल्कि संसार में रहते हुए भी अनासक्त भाव से शिव तत्व को प्राप्त किया जा सकता है। एक अन्य कथा के अनुसार, इसी रात्रि को ब्रह्मा और विष्णु के बीच श्रेष्ठता के विवाद को शांत करने के लिए शिव एक विशाल अग्नि स्तंभ यानी ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। इस स्तंभ का न तो कोई छोर था और न ही कोई अंत, जो यह दर्शाता है कि ईश्वर किसी सीमा या परिभाषा में बंधा हुआ नहीं है। समुद्र मंथन की कथा भी इस रात्रि से गहराई से जुड़ी है। जब समुद्र से निकले हलाहल विष से पूरी सृष्टि जलने लगी, तब करुणावतार शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। विष की उस प्रचंड ऊष्मा को शांत करने के लिए देवताओं और ऋषियों ने रात्रि भर जल और दुग्ध से उनका अभिषेक किया और उन्हें जागृत रखा। यही कारण है कि आज भी भक्त रात्रि भर जागकर शिव का जलाभिषेक करते हैं, जो वास्तव में समाज के कष्टों को स्वयं पर लेने की शिव की उदारता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है।

**समुद्र मंथन की कथा भी इस रात्रि से गहराई से जुड़ी है। जब समुद्र से निकले हलाहल विष से पूरी सृष्टि जलने लगी, तब करुणावतार शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। विष की उस प्रचंड ऊष्मा को शांत करने के लिए देवताओं और ऋषियों ने रात्रि भर जल और दुग्ध से उनका अभिषेक किया और उन्हें जागृत रखा। यही कारण है कि आज भी भक्त रात्रि भर जागकर शिव का जलाभिषेक करते हैं।**



अध्यात्म की दृष्टि से देखा जाए तो महाशिवरात्रि का महत्व जागरण में निहित है। मनुष्य का जीवन प्रायः अज्ञान की निद्रा में बीता जाता है, जहाँ वह अपनी देह और अहंकार को ही सत्य मान बैठता है। शिवरात्रि की रात्रि वह समय है जब प्रकृति स्वयं मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाने में सहायक होती है। योग विज्ञान के अनुसार, इस विशिष्ट रात्रि में पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि मनुष्य के शरीर के भीतर की ऊर्जा स्वाभाविक रूप से ऊपर की ओर यानी रीढ़ की हड्डी के माध्यम से मस्तिष्क (सहस्रार चक्र) की ओर प्रवाहित होने लगती है। यही कारण है कि इस रात्रि में रीढ़ की हड्डी को सीधा रखकर बैठने और जागने का विधान है। जो साधक इस रात्रि में सजग रहता है, वह अपनी कुंडलिनी शक्ति के जागरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठा सकता है। यहाँ जागने का अर्थ केवल आंखों को खुला रखना नहीं है, बल्कि अपनी चेतना को विचारों और विकारों से मुक्त कर शून्य में ले जाना है। शिव स्वयं शून्य के प्रतीक हैं–वह जो नहीं है, वही शिव है। जब हम अपनी पहचान, अपने पद, अपने धन और अपने अहंकार को पूरी तरह विसर्जित कर देते हैं, तब हमारे भीतर शिव का प्राकट्य होता है। इसीलिए कहा गया है शिवो भूत्वा शिवं यजेत अर्थात शिव बनकर ही शिव की पूजा की जा सकती है।

महाशिवरात्रि की पूजन विधि भी अत्यंत प्रतीकात्मक और मनोवैज्ञानिक है। शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले पदार्थों का गहरा अर्थ है। जल चढ़ाना मन की चंचलता को शांत करने का प्रतीक है, जबकि दूध शुद्धता और सात्विकता का। शहद वाणी की मधुरता के लिए है और घी तेज के लिए। बिल्वपत्र के तीन दल मनुष्य के तीन गुणों–सत्व, रज और तम–का प्रतिनिधित्व करते हैं। शिव को ये तीनों दल अर्पित करने का अर्थ है कि हम अपने इन तीनों गुणों को ईश्वर के चरणों में समर्पित कर रहे हैं ताकि हम गुणातीत अवस्था को प्राप्त कर सकें। धतूरा और भांग जैसे पदार्थ, जिन्हें समाज सामान्यतः त्याज्य मानता है, शिव उन्हें भी स्वीकार करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि शिव की दृष्टि में कुछ भी अपवित्र नहीं है। वे उन सभी को शरण देते हैं जिन्हें दुनिया ठुकरा देती है। महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा का विधान है, जो मनुष्य के जीवन की चार अवस्थाओं और पुरुषार्थों को शुद्ध करने की प्रक्रिया है। प्रत्येक प्रहर में किए जाने वाले विशिष्ट अभिषेक और मंत्रोच्चार भक्त के चित्त की परतों को साफ करते हैं, जिससे सूर्योदय तक वह एक नई ऊर्जा और स्पष्टता के साथ आत्मसात होता है।

सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर महाशिवरात्रि भारत की अखंडता और विविधता का जीवंत उदाहरण है। उत्तर में केदारनाथ और काशी विश्वनाथ से लेकर दक्षिण में रामेश्वरम तक, और पश्चिम में सोमनाथ से लेकर पूर्व में पशुपतिनाथ (नेपाल) तक, पूरा भारतीय उपमहाद्वीप शिवमय हो जाता है। अलग-अलग राज्यों में इस पर्व को मनाने की अपनी विशिष्ट परंपराएँ हैं। कहीं शिव की बारात निकाली जाती है जिसमें लोग भूत-पिशाचों का वेश धारण कर नाचते हैं, जो इस बात का संदेश है कि शिव की छाया में हर प्रकार की विषमता और विचित्रता के लिए स्थान है। कहीं मंदिरों में शास्त्रीय संगीत और नृत्य के माध्यम से भगवान नटराज की स्तुति की जाती है। शिव केवल संहारक नहीं हैं, वे नृत्य, संगीत, व्याकरण और योग के आदि गुरु भी हैं। उनके डमरू से निकले चौदह महेश्वर सूत्रों से ही संस्कृत व्याकरण का जन्म हुआ। अतः यह रात्रि कला और ज्ञान के साधकों के लिए भी अत्यंत फलदायी मानी जाती है। आधुनिक समय में जब मानसिक तनाव और अवसाद एक बड़ी चुनौती बन गए हैं, तब महाशिवरात्रि का व्रत और ध्यान एक औषधि के समान कार्य करता है। उपवास शरीर को विषमुक्त (डिटॉक्स) करता है, जबकि निरंतर मंत्र जप मन के बिखराव को रोकता है।

# 'वैलेंटाइन डे' प्यार के उत्सव का नया 'बाजार'



हर्षवर्धन पान्डे

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड का हो गया है। आज जहाँ इजहार और इकरार करने के तौर तरीके बदल गए हैं वहीं इंटरनेट के इस दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। पहली बार शहरी चकाचौंध से इतर प्यार का यह उत्सव एक बड़ा बाजार को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। आज युवा भी इसकी गिरफ्त में पूरी तरह से नजर आते हैं तभी तो शहरों से लेकर कस्बों तक वैलेंटाइन का जलवा देखते ही बनता है। आलम यह है ये बड़ा उत्सव बन चुका है जो भारतीयों में तेजी से अपनी पकड़ बना रहा है।

वैलेंटाइन के चकाचौंध पर अगर दृष्टि डालें तो इस सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की मानें तो यह वैलेंटाइन अथवा वलेंतिनस नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते हैं लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है कि संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्म गुरू थे। उन दिनों वहाँ पर क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नहीं सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवको के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया।

किंवदंतियों की मानें तो संत वैलेंटाइन के क्लाउडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फासी की सजा दे दी। कहा जाता है कि संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा वैलेंटाइन डे मनाते हैं। 1260 में संकलित की गई ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए।

**संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा वैलेंटाइन डे मनाते हैं। 1260 में संकलित की गई ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए।**

कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाईयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरमियान हो गई। यहाँ इस पर नई मान्यता यह है ईसाईयों के प्रेम का प्रतीक माने जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे




मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा फॉम यूअर वेलेंनटाइन। आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था तुम्हारा वेलेंटाइन। 14 फरवरी के बहाने जिसे बाद में इस संत के नाम पूरे विश्व में निःस्वार्थ प्रेम से मनाया जाने लगा। यही नहीं वैलेंटाइन के बारे में कुछ अन्य बातें भी हैं। इसके अनुसार तर्क यह दिए जाते हैं प्राचीन रोम के प्रसिद्ध पर्व ल्युपरकेलिया के ईसाईकरण की याद में मनाया जाता है। यह पर्व रोमन साम्राज्य के संस्थापक रोम्योलुयास और रीमस की याद में मनाया जाता है। इस आयोजन पर रोमन धर्मगुरु उस गुफा में एकत्रित होते थे जहाँ एक मादा भेडिये ने रोम्योलुयास और रीमस को पाला था इस भेडिये को ल्युपा कहते थे और इसी के नाम पर उस त्यौहार का नाम ल्युपर केलिया पड़ गया। इस अवसर पर वहां बड़ा आयोजन होता था। लोग अपने घरों की सफाई करते थे साथ ही अच्छी फसल की कामना के लिए बकरी की बलि देते थे। कहा जाता है प्राचीन समय में यह परम्परा खासी लोकप्रिय हो गई।

एक अन्य किंदवंती यह कहती है कि 14 फरवरी को फ्रांस में चिडियों के प्रजनन की शुरुआत मानी जाती थी जिस कारण खुशी में यह त्यौहार वहा प्रेम पर्व के रूप में मनाया जाने लगा। प्रेम के तार रोम से भी सीधे जुड़े नजर आते हैं। वहाँ पर क्यूपिड को प्रेम की देवी के रूप में पूजा जाने लगा जबकि यूनान में इसको इरोश के नाम से जाना जाता था। प्राचीन वैलेंटाइन संदेश के बारे में भी लोगों में एकरूपता नजर नही आती। कुछ ने माना है कि यह इंग्लैंड के राजा ड्यूक ने लिखा जो आज भी वहां के म्यूजियम में रखा हुआ है।

आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलके बिछाये बैठे रहते हैं। भईया प्रेम का इजहार जो करना है? वैलेन्टाइन प्रेमी इसको प्यार का इजहार करने का दिन बताते है। यूँ तो प्यार करना कोई गुनाह नहीं है लेकिन जब प्यार किया ही है तो इजहार करने मे देर नहीं होनी चाहिए लेकिन अभी का समय ऐसा है जहाँ युवक युवतियां प्यार की सही परिभाषा नहीं जान पाये हैं। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे हैं प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बाँध सकते। वह तो प्यार को हंसी मजाक का खेल समझ रहे हैं। आज का प्यार मैगी के नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। सच्चे प्रेमी के लिए तो पूरा साल प्रेम का प्रतीक बना रहता है लेकिन आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है। इसका प्रभाव यह है कि अब 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं। जहां चीन में यह दिन नाइट्स ऑफ सेवेन्स प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को वाइट डे का नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। आज 14 फरवरी का कितना महत्व बढ गया है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक छा जाती है।

# हस्तशिल्प निर्यात बढ़ाने के लिए केंद्र हरसंभव सहयोग को तैयार : गिरिराज

अवधनामा संवाददाता



■ इंडिया एक्सपो मार्ट में पांट दिवसीय भारतीय हस्तशिल्प उपहार मेला स्प्रिंग शुरू

**मुरादाबाद।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित 61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला स्प्रिंग 2026 का आज इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग को संकल्पबद्ध है।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बीती शाम फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित करके मेले का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत को प्रदर्शित करने वाले इस वैश्विक रूप से प्रतिष्ठित मंच से जुड़ने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने मेले को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सोर्सिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि मेला दुनिया भर से खरीदारों, डिजाइनरों और उद्योग नेतृत्व को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हस्तशिल्प क्षेत्र के विकास और देशभर के कारीगरों के कल्याण पर विशेष रूप से केंद्रित है। हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक कारीगर सालाना पांच लाख रुपये कमाने में सक्षम हो। इसलिए हमने 40 नए बाजारों को लक्ष्य किया है और आने वाले समय में साठ हजार करोड़ रुपये के निर्यात लक्ष्य तक पहुँचने की उम्मीद रखते हैं। उन्होंने विशेष रूप से डॉ. राकेश कुमार की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक वह स्वयं में एक शक्ति हैं जो सरकार और उद्योग दोनों का पूरक बनकर कार्य करते हैं। उन्होंने मुरादाबाद को धातु हस्तशिल्प निर्यात का सबसे बड़ा केंद्र और जयपुर को लंबे इतिहास वाले केंद्र के रूप में पहचान मिलरी है। उन्होंने उत्तर-पूर्वी राज्यों के शिल्प एवं बुनाई को संजोने और उनकी क्षमता को पूर्ण रूप से साकार करने पर भी जोर दिया है।

इस मौके पर ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि यह आयोजन देश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित व्यापार मेलों में से एक है, जो हमारे सदस्य निर्यातकों की उद्यमशीलता, रचनात्मकता और दृढ़ता को दशार्ता है। अंतरराष्ट्रीय आकर्षण के साथ यह मेला सार्थक व्यापार सहभागिता और सतत व्यवसाय विकास का एक गतिशील मंच बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मेले द्वारा मिलने वाले निर्यात अवसरों का लाभ उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ वर्षभर टिकाऊ व्यापारिक संबंध निर्मित करते हैं।

## महाशिवरात्रि पर इजूरा खुर्द में भव्य मेले का आयोजन आज

**फतेहपुर।** खागा तहसील अंतर्गत ऐरायां विकास खंड के ग्राम इजूरा खुर्द में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन रविवार (आज) किया जा रहा है। इस अवसर पर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी। मेला कमेटी के अध्यक्ष ठाकुर दिव्यांश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 अक्टूबर 2021 को इसी स्थान के समीप एक आलू के खेत में जुताई के दौरान पंचमुखी महादेव भगवान की मूर्ति प्राप्त हुई थी। इसके बाद मूर्ति की विधिवत स्थापना कर मंदिर का निर्माण कराया गया। तभी से वर्ष 2022 से प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के दिन यहां भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है, जो इस वर्ष लगातार चौथे वर्ष आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह पंचमुखी महादेव के स्थान पर संगीतमय कर्मकांडी शास्त्रीय ब्राह्मणों द्वारा अखंड शिव जाप एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

# 'सड़क नहीं बनी तो आंदोलन की चेतावनी'

अवधनामा संवाददाता



■ दो किमी जर्जर बाईपास को बनवाने को लेकर दिव्यांग समिति का प्रदर्शन

**फतेहपुर।** बिंदकी कस्बे में करीब दो किलोमीटर लंबे बाईपास मार्ग के जर्जर होने और जगह-जगह गड्ढे हो जाने को लेकर शनिवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद दिव्यांग कल्याण समिति के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। समिति ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार मां ज्वाला देवी मंदिर तिराहे से लेकर महरहा रोड बाईपास चौराहा और कुंवरपुर रोड बाईपास चौराहे तक का लगभग दो किलोमीटर लंबा बाईपास मार्ग पूरी तरह से खराब हो चुका है। सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मां ज्वाला देवी मंदिर के पास बाईपास तिराहे से महरहा रोड बाईपास चौराहे तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है। डामर लगभग समाप्त हो चुका है और गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं, जिससे वाहनों के निकलने पर भारी धूल उड़ती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसी समस्या को लेकर शनिवार दोपहर करीब 12 बजे समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने महरहा रोड बाईपास चौराहे पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की और सड़क निर्माण की मांग की। इस मौके पर समिति के प्रबंधक जितेंद्र मिश्रा उर्फ अष्टावक्र ने कहा कि करीब दो किलोमीटर का बाईपास मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसे तत्काल बनवाया जाना चाहिए। जिला अध्यक्ष बलराम सिंह ने कहा कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो समिति आंदोलन करने को बाध्य होगी।

वहीं जिला महामंत्री भरत गोस्वामी ने बताया कि महरहा बाईपास चौराहे पर गहरा गड्ढा है, जहां आए दिन वाहन पलटते रहते हैं और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जो जानलेवा भी साबित हो सकती है। प्रदर्शन में देवदत्त गोस्वामी, मधुसूदन, अजय सविता, सरवन सैनी, मनीष मिश्रा, अमित कुमार, राम आसरे, अरविंद कुमार, शिवदास तथा आरिफ सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बैंक ने मनाया 90 वा स्थापना दिवस



अवधनामा संवाददाता

■ पीएमवी पॉलिटेक्निक कॉलेज मथुरा को पांच सिलाई मशीनें प्रदान की

**मथुरा।** देश की प्रमुख इंडियन ओवरसीज बैंक का 90वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बैंक द्वारा जनकल्याण और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन ओवरसीज बैंक वाई एन वाई शाखा मथुरा द्वारा पी एम वी पॉलिटेक्निक कॉलेज मथुरा को पांच सिलाई मशीनें प्रदान की गई बताया कि कौशल विकास महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हेमंत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक समाज के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है। बैंक शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर वाई एन वाई शाखा मथुरा जय कृष्ण वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मथुरा मुख्य शाखा गौरव शर्मा प्रबंधक तथा सचिन यादव प्रबंधक पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रतिनिधि अतुल कुमार वर्मा तथा प्राचार्य सूर्य प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कृष्ण नगरी में गूंजा 'बम-बम भोले' का जयघोष

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन नगरी में इन दिनों हर ओर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष गूंज रहे हैं। शिवभक्त कांवड़ लेकर सड़कों पर आस्था की अलख जगा रहे हैं। शिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कांवड़िए पवित्र नदियों से जल भरकर पदयात्रा के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र के शिवालयों तक पहुंच रहे हैं। शहर की प्रमुख सड़कों पर केसरिया वस्त्रधारी श्रद्धालुओं की टोलियां भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों के साथ आगे बढ़ रही हैं। जगह-जगह सामाजिक संगठनों द्वारा शिवभक्तों के स्वागत हेतु शिविर लगाए गए हैं, जहां प्रसाद और जलपान की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने भी शिवरात्रि को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया है। संवेदनशील मार्गों पर पुलिस बल तैनात है और चिकित्सा टीमों को भी अलर्ट रखा गया है।

# ठा. बांकेबिहारी मंदिर में अब 'रेलिंग' के अंदर से होंगे दर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए एक बड़ा बदलाव किया गया है। मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्टील की स्थाई रेलिंग लगाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अब मंदिर में प्रवेश से लेकर निकास तक श्रद्धालु एक व्यवस्थित कतार में रहकर ही आराध्य के दर्शन कर सकेंगे।गौरतलब है कि एक महीने पहले भी यहाँ ट्रायल किया गया था, जिसमें कुछ तकनीकी दिक्कतें आई थीं। अब उन सभी खामियों को दूर कर पूरी मजबूती के साथ रेलिंग इंस्टॉल कर दी गई हैं। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी के अनुसार इस रेलिंग व्यवस्था से मंदिर के बाहर गलियों में लगने वाला लंबा इंतजार कम होगा और धक्का-मुक्की




जैसी स्थितियों पर लगाम लगेगी।

शनिवार सुबह जब मंदिर के पट खुले तो श्रद्धालु इस नई व्यवस्था को देखकर उत्साहित नजर आए। रेलिंग लग जाने से अब कतारें अनुशासित हैं जिससे बच्चों और बुजुर्गों को दर्शन करने में पहले के मुकाबले काफी आसानी हो रही है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने मंदिर आने वाले भक्तों से अनुरोध किया है कि वे रेलिंग के भीतर कतारबद्ध रहें और सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का पालन करें ताकि दर्शन सुगम बने रहें।

## 17 फरवरी को होगा विधानसभा घेराव

**फतेहपुर।** 17 फरवरी को प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी एवं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया गया था।

इस योजना के माध्यम से ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया गया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी जैसे संकट के समय मनरेगा ग्रामीण मजदूरों के लिए जीवन रेखा साबित हुई, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार इसे कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाशिवरात्रि पर निकलेगीं कलश यात्रा

**गाज़ीपुर (अवधनामा संवाददाता)।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर प्रातः 10 बजे आमधाट महाकालेश्वर मंदिर पानी टंकी आमघाट से भव्य कलश यात्रा का आरम्भ होकर कोयलाघाट रोड से दादरीघाट पहुँच कर कलश भर कर श्री चित्रगुप्त मंदिर रास्ते से महिला डिग्री कॉलेज होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर कर जलाभिषेक किया जायेगा तथा शाम मे 3 वजे से भोले नाथ का



रुद्राभिषेक प्रारम्भ होगा। हवन के बाद प्रसाद वितरण भी होना सुनिश्चित है।16 फरवरी दिन सोमवार को 12 वजे दिन में सुन्दरकाण्ड प्रारम्भ होगा। सांय 5 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है उक्त भंडारे मे अधिक से अधिक संख्या मे श्रद्धांलु पहुँच कर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। उक्त सूचना आयोजक मण्डल के सदस्य ने दी।

### जमील अहमद बने प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के महासचिव

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)।** उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन इलाहाबाद के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमील अहमद आजमी एडवोकेट को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की संस्तुति के उपरान्त प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कांग्रेस की स्वीकृति पर चेयरमैन उ0प्र0 कांग्रेस विधि विभाग लखनऊ द्वारा प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग का महासचिव मनोनीत किया। महासचिव



बनाए जाने पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने आजमी को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के विधि स्नातक जिला उपाध्यक्ष गिरीश चतुर्वेदी, रामसूरत राय एडवोकेट, मु0 रफीक एडवोकेट, समसुद्दीन एडवोकेट, वीरेन्द्र चोबे, हेमन्त, रामाशीष आदि लोग मौजूद रहे।

### समाधान दिवस पर दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण

**मुबारकपुर, आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)।** थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस पर राजस्व विभाग के कुल आधा दर्जन प्रार्थना पत्र आए। मौके पर दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने करने के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारी की संयुक्त टीम को सौंप दिया गया।। थाना प्रभारी



निरीक्षक शशि मौली पाण्डेय ने टीम को मौके पर जाकर मौका देख कर निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करने को कहा।

### रालोजपा ने आयुक्त को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक शिवमोहन शिल्पकार के नेतृत्व में 11 सूत्री मांग - पत्र मंडलायुक्त आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ को सौंप कर कार्रवाई की मांग किया गया ! प्रतिनिधिमंडल ने मंडलयुक्त को सौंप कर कार्रवाई की मांग किया आयुक्त द्वारा आश्वासन देते हुए यह कहा गया कि सभी मामलों का 15 दिन के अंदर हर हाल में कराया जाएगा द्य मांग पत्रों को सौंपते हुए उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बालचंद जैसवारा, महेंद्र सोनकर, उमेश सोनकर, कमलेश सोनकर, लाल बिहारी, रामसरन राम, रामबचन चौहान, संतोष ठठेरा, नूरसबा, चंद्रमी, पुष्पा गौतम, शांतिदेवी, हीरामती, ममता भारती, गायत्री, सुनीता भारती समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे !

## बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी ने श्रद्धालु को बेंत से पीटा

**मथुरा।** वृंदावन में शर्मनाक घटना- बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी ने श्रद्धालु को बेंत से पीटा, सिर फोड़कर किया लहूलुहान, वीडियो वायरलजानकारी के अनुसार, शनिवार को बांके बिहारी मंदिर के शयन भोग पुजारी मनोज गोस्वामी किसी काम से जुगल घाट की ओर जा रहे थे। जब वह राधा बल्लभ मंदिर के पास सीढ़ियों वाले रास्ते पर पहुंचे, तभी वहां से गुजर रहे एक श्रद्धालु से उनका विवाद हो गया। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

विवाद बढ़ने पर मनोज गोस्वामी ने श्रद्धालु पर बेंत से हमला कर दिया। एक बेंत सीधा श्रद्धालु के सिर पर जा लगा, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। श्रद्धालु के साथ मौजूद उसकी पत्नी उसे संभालती नजर आई। गंभीर चोट लगने के बावजूद गोस्वामी ने बेंत चलाना बंद नहीं किया।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा की हुंकार

अवधनामा संवाददाता

■ पुलवामा के अमर बलिदानियों को शत-शत नमन

**मथुरा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने पुलवामा के अमर शहीदों को श्रद्धा ही नहीं, बल्कि संकल्प की अग्नि के साथ नमन किया और दो टूक कहा – भारत वीरों की धरती है, कायरता का अंत तय है।

14 फरवरी 2019 को पुलवामा की पावन धरती पर हुए आतंकी हमले में जिन वीर सपूतों ने मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए, उनकी शहादत राष्ट्र की नस-नस में गर्जना बनकर दौड़ती रहेगी।

प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि इन अमर योद्धाओं का बलिदान भारत के स्वाभिमान की ज्वाला है– यह ज्वाला आतंकवाद के हर अंधेरे को भस्म कर देगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहीदों का अपमान सहन नहीं होगा और राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रदेश संयोजक गोपाल चतुर्वेदी ने आतंकवादियों की




कायराना हरकत की तीखी निंदा करते हुए कहा कि यह केवल हमला नहीं था, यह भारत की आत्मा को चुनौती थी – और भारत हर चुनौती का जवाब देना जानता है। उन्होंने कहा कि शहीदों का रक्त व्यर्थ नहीं जाएगा; हर भारतीय उनके सपनों के सुरक्षित, शक्तिशाली और अखंड राष्ट्र के निर्माण का प्रण ले। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी, भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया, और आतंकवाद के समूल नाश का संकल्प लिया।

## व्यायामशाला व खेल मैदान निर्माण की मांग

**उरई (जालौन)।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में व्यायामशाला और खेल मैदान निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की है। ग्रामवासियों का कहना है कि युवाओं और बच्चों के शारीरिक विकास के लिए गांव में खेल संबंधी आधारभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे प्रतिभाओं को उचित मंच नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर, जवान सिंह, शिवम सेंगर और मनमोहन सिंह आदि ने खंड विकास अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि व्यायामशाला निर्माण के संबंध में पूर्व में की गई शिकायत पर तहसीलदार जालौन की आख्या में स्पष्ट किया गया है कि भूमि प्रबंधन समिति अथवा विकास खंड कार्यालय द्वारा निर्माण के लिए कोई नया प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। प्रस्ताव मिलने के बाद ही नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई संभव है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर प्रस्ताव न भेजे जाने के कारण योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है।

# डीएम राजेश पांडेय ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** डीएम राजेश पांडेय ने नगर में स्थित सीएचसी और आवास विकास परिषद में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम राजेश पांडेय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां उन्होंने ओपीडी और इमजेंसी चिकित्सा कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल का स्टॉफ मौजूद मिला। इसके बाद उन्होंने जनरल वार्ड और चिकित्सालय में आने वाले मरीजों से जानकारी ली। उन्होंन पूछा कि बाहर की दवा तो नहीं लिखी जा रही है। जिस पर मरीजों ने बताया कि उन्हें अस्पताल से दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आयुष्मान कार्ड काउंटर पर आयुष्मान मित्र राघवेंद्र ने बताया कि 13 गोल्डन कार्ड बने हैं। जिस पर उन्होंने शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। नवजात को जन्म देने महिलाओं से भी बात की। जिसमें बताया गया कि आज को तीन नार्मल डिलीवरी हुई हैं। परिजनों ने बताया कि उनसे अस्पताल में किसी भी तरीके से रुपयों की मांग नहीं की गई है। वहीं, हेल्थ एटीएम और अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन को लेकर डीएम ने कहा कि जब तक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं होती है तब तक अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन के लिए रोटेशन के आधार किसी रेडियोलॉजिस्ट को तैनात किया जाएगा।

# डीएम ने कार्यालयों और पटलों का किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने तहसील सदर विभिन्न कार्यालयों और पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर एवं तहसील सदर, न्यायालय कक्षो रखे फाइलो, रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय, न्यायालय, कार्यालय नायब तहसीलदार नगर सदर, बिरनो, करण्डा, तहसील अभिलेखागार कक्ष, न्यायालय तहसीलदार न्यायिक, भूलेख कम्प्यूटर कक्ष, न्यायालय तहसीलदार सदर में लम्बित पुरानी पत्रावलियों का अवलोकन करते हुए यथा शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिये गये। लंबित पत्रावलियों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जो फाइलें अभी भी अवशेष है उनमें ससमय दाखिल दफ्तर की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के रख रखाव से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की गई। संग्रह कार्यालय और रिकार्ड रुम के निरीक्षण के दौरान लम्बित पत्रावलियों, आनलाइन आरसी, स्टाम्प रजिस्टर, दाखिल खारिज, खसरा, खतौनी सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया और जानकारी ली गयी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर रविश गुप्ता, तहसीलदार सदर राजीव, नायब तहसीलदार सम्बन्धित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कर्मयोगी पं. रणछोर लाल पाठक कातिब की स्मृति में नेत्र शिविर

**मथुरा।** चतुर्वेदी पुरम (चौबिया पाड़ा), महौली की पौर स्थित पुष्पा अयोध्या नाथ चतुर्वेदी जन कल्याण एवं पूर्त ट्रस्ट औषधालय में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर ने यह साबित कर दिया कि यदि इरादे साफ हों तो सेवा केवल शब्द नहीं, संस्कार बन जाती है। कर्मयोगी पं. रणछोर लाल पाठक जी कातिब की शताब्दी वर्ष स्मृति में आयोजित इस शिविर को क्षेत्र में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के सहयोग से आयोजित इस शिविर में नेत्र परीक्षण, दवा वितरण, चश्मा उपलब्ध कराने तथा आवश्यकता अनुसार ऑपरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, पूर्व सभासद बालकृष्ण पाठक, निवर्तमान पार्षद रामदास चतुर्वेदी, पार्षद श्रीमती रचना रामकिशन पाठक, पार्षद बालकृष्ण वैष्णव एवं तरूण सैनी ने श्री यमुना महारानी की छवि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# गोचर भूमि हड़पी गई गौ माता सड़क पर

अवधनामा संवाददाता




गौ सेवक पुनीत चतुर्वेदी ने उठाए तीखे सवाल

**मथुरा।** श्रीकृष्ण की नगरी में गाय सड़कों पर भटक रही है और गोचर भूमि फाइलों में सिमटती जा रही है। इस गंभीर मुद्दे पर गौ सेवक पुनीत चतुर्वेदी ने सीधे और तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर सत्ता, प्रशासन और समाज कब तक जिम्मेदारी से बचते रहेंगे?

पुनीत चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज गोचर भूमि यदि वास्तव में सुरक्षित होती तो आज गौवंश सड़कों पर कूड़ा खाने को मजबूर नहीं होता। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से गोचर भूमि पर अतिक्रमण होते रहे, भूमि उपयोग बदले गए, लेकिन किसी भी दल की सरकार ने कठोर और पारदर्शी कार्रवाई नहीं की। सत्ता बदली, पर स्थिति नहीं बदली। उन्होंने सवाल किया कि जब गोचर भूमि पर दीवारें उठीं, कॉलोनियां बसीं और व्यावसायिक निर्माण हुए, तब संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका क्या थी? क्या किसी ने सार्वजनिक रूप से सूची जारी की कि कितनी गोचर भूमि बची है और कितनी पर कब्जा है?

गौ सेवक ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर भी प्रश्न उठाए। उनका कहना है कि सड़क पर निकली गाय को पकड़ लेना समाधान नहीं है। यदि चरने की जमीन ही नहीं बचेगी तो समस्या खत्म कैसे होगी? खेतों में जाने पर किसान परेशान होता है, शहर में निकलने पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है – इसका मूल कारण गोचर भूमि का सिकुड़ना है। पुनीत चतुर्वेदी ने संत-महंतों से भी आत्ममंथन की अपील करते हुए कहा कि गौ-रक्षा केवल मंचीय घोषणा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। गोचर भूमि बचाने के लिए संगठित और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने मांग की कि जनपद की सभी गोचर भूमि का खुला सर्वे कराया जाए, अतिक्रमण की सूची सार्वजनिक की जाए और दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई हो – चाहे वह किसी भी दल, पद या प्रभाव से जुड़ा हो।

# सड़क सुरक्षा : ओवरस्पीडिंग पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

■ स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच, अवैध कट बंद करने व अतिक्रमण हटाने को विशेष अभियान चलेगा

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जाए साथ ही ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर भी सख्त प्रवर्तन किया जाए।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के प्रति किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की स्थिति में संबंधित वाहन स्वामी एवं अभिभावक के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालयों में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाया जाए।

स्कूल वाहनों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्कूल वाहनों की फिटनेस, चालक-परिचालक का सत्यापन, वाहन पर संपर्क विवरण, रोड रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षा मानकों की नियमित जांच अनिवार्य रूप से की जाए। रोड रिफ्लेक्टर न पाए जाने की स्थिति में पहली बार 10,000, दूसरी बार 20,000 का जुर्माना तथा तीसरी बार चालक का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने कार्य करते हैं : बीईओ

■ बीआरसी पर हुआ 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देश के क्रम में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का भव्य आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र सराय प्रयाग में संपन्न हुआ। जिसमें विकासखंड के कोलोकेटेड आंगनबाड़ी/बालवाटिका केंद्रो की कार्यकत्री एवं संबंधित विद्यालयों से एक शिक्षक व प्रत्येक संकुल से बालवाटिका के पांच निपुण बच्चों ने प्रतिभाग किया।

शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह चौधरी एवं बाल विकास पुष्टाहार अधिकारी अमित मिश्रा एवं सुपरवाइजर नेहा गुप्ता द्वारा मां शारदे पर दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस दौरान खण्ड शिक्षाधिकारी रमेश सिंह चौधरी ने कहा कि उत्सव का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ ही अभिभावकों को भी शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने का कार्य करते हैं। एसआरजी विकास कुमारी द्वारा बाल वाटिका के निपुण लक्ष्य एवं इससे संबंधित चलाया जा रहे विभिन्न कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर एआरपी अनिल कुमार, ऋषि कुमार अग्निहोत्री, अबरार मोहम्मद, प्रशांत कुमार व विकास कुमार, नजर नियाजी, मंजू लता, राजेंद्र कुमार आदि शिक्षक व कार्यकत्री मौजूद रहे।

## अतिरिक्त दहेज न मिलनें पर विवाहिता को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम बदलेपुरवा निवासी गौरी पुत्री राकेश द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी 05 जुलाई 2018 को पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के मोहल्ला गढ़ी अशरफ अली कसैया टोला निवासी विसनु पुत्र रामपाल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल जन पति विसनु, ससुर रामपाल, सास मीना देवी, देवर विवेक, देवरानी कंचन, ननंद कुंती व जूली ने दो लाख रुपये की नगदी व दो बीघा जमीन की अतिरिक्त दहेज में मांग करने लगे। इस बीच उसके एक पुत्री सृष्टि का एक पुत्र शिवांश का जन्म हुआ। परंतु उक्त लोगों में कोई बदलाव नहीं आया। विगत 11 फरवरी को उक्तगणों ने गाली गलौज किया और मारपीट कर पहने हुए कपड़ों में कार लाकर बनपुरा मतौली के पास हाईवे किनारे छोड़ गए तथा जान से मार डालने की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# थाना इन्दरगढ़ पुलिस ने छिनैती के मुकदमे के वांछित को पकड़ा

■ कब्जे से छीना गया मोबाइल, मोटर साइकिल एवं एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किये



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी तिर्वा कुलवीर सिंह के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष नीलम सिंह के कुशल नेतृत्व मे थाना इन्दरगढ़ पुलिस द्वारा छिनैती के मुकदमे के वांछित की धर पकड कर सराहनीय कार्य किया गया।

शनिवार को इन्दरगढ थानाध्यक्ष नीलम सिंह ने बताया कि विगत 08.11.2025 की सायं करीब 06 बजे क्षेत्र के अन्तर्गत नौसारा पुलिया के पास से वादी से एक मोटर साइकिल सवार अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के मोबाइल को बात करते समय झपटमारी कर छीन कर भाग जाने के सम्बन्ध मे मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम मे शनिवार को गस्त के दौरान .थानाध्यक्ष नीलम सिंह नें उपनिरीक्षक सुरेशचन्द्र, कांस्टेवल पुष्पेन्द्र सिंह, आशीष अवस्थी, साजन ओझा, पवन कुमार के साथ क्षेत्र के ग्राम कनेकपुर से अभियुक्त राजा पुत्र बन्टी गिहार निवासी ग्राम निकवा को गिरफ्तार किया गया व कब्जे से घटना के समय छीना गया मोबाइल बरामद हुआ, अभियुक्त के कब्जे से मोबाइल की बरामदगी के आधार पर धारा की बढोत्तरी की गई। तथा कोतवाली तिर्वा मे पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित मोटर साइकिल बरामद की गयी एवं अभियुक्त के कब्जे से गिरफ्तारी के दौरान एक तमंचा .315 बोर व 02 कारतूस बरामद हुये हैं, बरामद तमन्चा व कारतूस के आधार पर थाना इन्दरगढ पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त पर आधा दर्जन मुकदमें चल रहे हैं। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां पूरी, निकली शोभायात्रा

**कादीपुर/सुलतानपुर।** क्षेत्र में महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व पड़ेला स्थित नीलकंठ महाकालेश्वर धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई। इसी क्रम में शनिवार, 14 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व प्रमुख डॉ. श्रवण मिश्र ने किया। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ नीलकंठ महादेव की प्रतिमा को एक आकर्षक विंटेज कार में विराजमान कर पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।डॉ. श्रवण मिश्र ने कहा कि यह धाम क्षेत्र में आस्था और सनातन संस्कृति का केंद्र बनेगा। पड़ेला ग्राम सभा सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ शामिल हुए। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा तब मिली जब कांचीपुरम मठ के पीठाधीश्वर अनुभवनंद महाराज की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

# समाधान दिवस में आई नौ शिकायतों में से एक का हुआ निस्तारण



**अवधनामा संवाददाता**

■ एसआईआर कार्य के कारण नही हो पा रहा राजस्व संबधित शिकायतों का निस्तारण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नौ फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें रखीं। जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 04 राजस्व संबंधित एवं 05 पुलिस संबंधित कुल 09 शिकायतें आई जिनमें से पुलिस संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देशित करनें के लिये निर्देशित किया गया। इस दौरान निरीक्षक सीपी तिवारी, कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी, उप निरीक्षक विनोद कष्यप, दीपक सिंह, देवी चरण साहू, राजेन्द्र सिंह, राजेश रावत, सुरेन्द्र पाल सहित लेखपाल अभिषाक कटियार, अतुल प्रताप सिंह, राजेश अग्निहोत्री, कुलदीप यादव सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए : डीएम

■ जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति बैठक आयोजित की गयी



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने विभाग को निर्देशित किया कि आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में विक्रय होने वाले व अन्य जनपदों से जनपद में आने वाले खाद्य पदार्थो विशेषकर दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों, मिठाई व नमकीन पर विशेष रूप से निगरानी रखते हुए अभिसूचना के आधार पर नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि छोटे रेहड़ी, पटरी व ठेले खुमचे से सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए तथा प्रवर्तन कार्यवाही में अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा लाइसेंस व पंजीकरण के वांछित लक्ष्य प्राप्त करने पर संतोष व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर भी पका हुआ भोजन परोसा जा रहा है, जैसे- स्कूल, आंगनबाडी केन्द्र, अनाथालय, वृद्धा आश्रम व जननी सुरक्षा के अन्तर्गत आच्छादित सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं कैन्टिन में विशेष सतर्कता रखते हुए नियमित जांच की जाए एवं उन्हें खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक व प्रशिक्षित किया जाए। जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक आजमगढ़ को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में नकली दवाओं के विक्रय पर रोक लगाने हेतु नियमित रूप से औषधि प्रतिष्ठानों के सघन निरीक्षण किये जाए तथा नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाए।अभिहित अधिकारी सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 612 नमूनें संग्रहित किये गये, जिसमें जांचे गये कुल नमूनों में गुणवत्तापरक नमूना संकलन के कारण 58 प्रतिशत नमूने फेल पाये गये। अभिहित अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मिलावट करने वाले 273 खाद्य कारोबारकर्ताओं के ऊपर रू0 5398000 का अर्थदण्ड अधिरोपित कराया तथा न्यायिक न्यायालय में 03 खाद्य कारोबारकर्ता को कारावास तथा रू0 11,000 से दण्डित करवाया, जिस पर समस्त सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। अभिहित अधिकारी ने बताया कि खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजना ईट राइट इण्डिया इनिशिएटिव के लक्ष्य को प्राप्त कर 76 कारोबारियों को 03 से 05 स्टार हाईजीन रेटिंग प्राप्त कराई गई है, जिसकी आडिट बाहरी आडिट एजेन्सीयों द्वारा किया गया था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा निःशुल्क 822 खाद्य कारोबारकारियों खाद्य सुरक्षा विषयक पर प्रशिक्षित कराकर फॉस्टैक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।औषधि निरीक्षक सीमा वर्मा ने विभाग द्वारा कृत कार्यवाही से बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने संतोष व्यक्त किया। उक्त बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य), आजमगढ़ मण्डल, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त राज्य कर जी0एस0टी0, मण्डी निरीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, निरीक्षक बाट व माप विभाग, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, सूचना विभाग, जिला मत्स्य अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, दुग्ध विकास अधिकारी तथा खाद्य व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि एवं औषधि संघ के प्रतिनिधि के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रजनीश कुमार, गोविन्द यादव, संजय कुमार तिवारी, सुचित प्रसाद, लालमणि यादव, अमर नाथ, बेबी सोनम, राजीव कुमार सिंह उपस्थित रहें।

## पुलवामा शहीदों की शहादत पर देश को गर्व



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर भाजपा किसान मोर्चा नगर मण्डल द्वारा सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने पुष्पांजलि कर आतंकी हमले शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के सी आर पी एफ के 40 जवान शहीद हो गए, पूरा देश इस दिन को ब्लैक डे के रूप में मनाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देता है। उन्होंने कहा कि पुलवामा शहीदों का बलिदान हमे हमारे सशस्त्र सीमा बलों के साहस, समर्पण की याद दिलाता है, यह दिन ब्लैक डे के रूप में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक है। अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा भारत ने इस आतंकी हमले का मुंहतोड़ जबाब देते हुए 25 फरवरी 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक करके लगभग 300 आतंकियों को मार गिराया था। इस अवसर पर अरुण मिश्र, डॉ विनोद पाण्डेय, आदित्य सिंह, वीरेंद्र पाठक, अमरजीत मिश्र, इंद्रासन राजभर, सुमन्त चतुर्वेदी, राकेश सिंह, राजू मिश्र उपस्थित रहे।

## 15 फरवरी को सिकंदरपुर में विश्वगुरु हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** आगामी 15 फरवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे आर.के.डी. पब्लिक स्कूल, सिकंदरपुर में विश्वगुरु हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में क्षेत्र के नागरिकों एवं हिंदू समाज के लोगों को सादर आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी शनिवार को डा. सरित दुवे ने दी। बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में रमेश प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख उपस्थित रहेंगे, जो हिंदू संस्कृति, राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक एकता जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य समाज में जागरूकता, संगठन एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता की अपील की जा रही है।

## खदान द्वार पर रोके मालवाहक वाहन

**सोनभद्र/अनपरा (अवधनामा संवाददाता)** नार्दर्न कोलफिल्डस लिमिटेड की बीना एवं कृष्णशिला कोयला खदान परियोजना से विभिन्न कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजनाओं, रेलवे साईडिंग्स, मण्डी तक कोयला अभिवहन करने वाले मालवाहको के किराये में वृद्धि की माँग को लेकर ऊर्जांचल ट्रक आनर्स एसोसिएशन के बैनर तले मालवाहको के स्वामियों द्वारा बीना एवं कृष्णशिला कोयला खदान परियोजना के बैरियर पर वाहनों को प्रवेश से रोका गया तथा ख़बर लिखे जाने तक कार्यक्रम जारी था। इस दरम्यान पप्पू सिंह, ओम प्रकाश द्विवेदी, लालसा राम, आनन्द सिंह, रवि रंजन, सत्यम सिंह, राहुल शर्मा, रिंकू दुबे सतीश ,आशिष ,बबन सिंह मनीष यादव आदि मौजूद रहे।

## पासपोर्ट नवीनीकरण वेरिफिकेशन में नियम कानून ताक पर

**गोरखपुर (अवधनामा संवाददाता)**एक तरफ सरकार लगातार पासपोर्ट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को आसान बनाने की बात कर रही है तो वही दूसरी तरफ पुलिस विभाग में वैरिफिकेशन करने वाले अपना नियम कानून लागू करने में जुटे हैं। हद तो ये हो गयी कि अब आवेदक को अपना थाना छोड़कर दूसरे थाना क्षेत्र में बुलाया जा रहा है। जबकि नियमतः वैरिफिकेशन करने वाले पुलिस कर्मी को आवेदक के घर जाना होता है या फिर आवेदक को अपने सम्बंधित थाने पर जाकर वेरिफिकेशन की कार्यवाही पूर्ण करानी होती है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है जिसमें पासपोर्ट नवीनीकरण हेतु वैरिफिकेशन करने वाले पुलिस कर्मी ने आवेदक को न सिर्फ चटोरी गली में बुलाया बल्कि अपनी डिमांड पूरी होता न देख बिजली बिल, हाउस टैक्स, राशन कार्ड आदि तमाम तरह के उन पेपरों की डिमांड रख दिया जो गैरज़रूरी हैं। अब आवेदक सरकार की ज़ीरो टॉलरेंस की बात माने या फिर पुलिस की डिमांड माने।

## छात्र छात्राओं ने किया राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान का शैक्षिक भ्रमण



**अमेठी।** विकास खंड भादर के उच्च प्राथमिक विद्यालय और कम्पोजिट विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने शनिवार को राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान का शैक्षिक भ्रमण किया। एक्स्पोज़र विजिट के लिए दो बसों को खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने सुबह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं ने संस्थान के प्रोफेसरों से मुलाकात की। विज्ञान और तकनीकी के बारे में जानकारी ली। संस्थान की प्रयोगशालाओं को देखा और बाल वैज्ञानिक के रूप में तमाम सारी जानकारी हासिल कर शाम को वापस अपने घर लौटे। एक्सपोर विजिट में संकुल शिक्षक देवांशु सिंह,आई सी टी विशेषज्ञ रोहित प्रताप सिंह,सतीश शर्मा, ममता सिंह, रविशंकर दूबे, प्रमोद कुमार मौर्य, हरि गुलाम वर्मा,ए आर पी राजेन्द्र कुमार, लेखाकार अंकित सिंह, राघवेन्द्र सिंह, दिलीप कुमार वर्मा, स्वामी नाथ तिवारी आदि ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन और नेतृत्व किया।

# यूजीसी के अन्यायपूर्ण नियमों के विरुद्ध महापंचायत 16 को

■ महारानी चंडिका क्षत्रिया छात्रावास देवरिया से भरेंगे हुंकार



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** यूजीसी2026 के विवादित नियमों के विरुद्ध विगत 28 जनवरी को देवरिया जिला मुख्यालय के सुभाष चौक से जिलाधिकारी कार्यलय तक शांतिपूर्ण रैली निकालकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया । उसके अगले दिन 29 जनवरी 2026 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यूजीसी2026 के विवादित नियमों पर अंतरिम रोक लगाते हुए 2012 के नियम लागू रखे हैं। 19 मार्च 2026 को अंतिम निर्णय अपेक्षित है। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद से लगा कि हम जायज व न्यायोचित मांगों के लिए सड़क पर है, और हमें संघर्ष को लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से लगातार जारी रखने का कार्य करते रहना चाहिए। उसी के मद्देनज़र देवरिया की भूमि पर समान न्याय संघर्ष समिति के नेतृत्व में भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित एक लाख मांग पत्र प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। सोमवार, 16 फरवरी 2016 को प्रातः 11:00 बजे से जिला मुख्यालय स्थित महारानी चंडिका क्षत्रिया छात्रावास में आयोजित महापंचायत के द्वारा जिला प्रशासन को सौपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। उक्त बात आज एक पत्रकार वार्ता में समान न्याय संघर्ष समिति के सदस्य विवेक सिंह बंटी, नित्यानंद उपाध्याय, ओंकार नाथ सिंह एवं त्रिभुवन मिश्र ने कहा। संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि यह संकल्प भी हुआ कि हम किसी के विरुद्ध नहीं बल्कि संवैधानिक समानता, पारदर्शिता और न्यायपूर्ण व्यवस्था के पक्ष में हैं और सभी वर्गों के लिए समान संरक्षण, निष्पक्ष जांच, पारदर्शी गुणवत्ता मानक एवं आर्थिक आधार पर न्यायपूर्ण समीक्षा के पक्ष में है। हम संकल्पित है की जब तक यूजीसी के अन्यायपूर्ण नियमों में बदलाव नहीं किया जाएगा तब तक हमारा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संघर्ष जारी रहेगा। इस संदर्भ में व्यापक जनसम्पर्क सहयोग प्राप्त हो रहा है । सम्पूर्ण जनपद के जिम्मेदार व्यक्ति जो समाज में महत्वपूर्ण स्थान रखते है अपने अधिकारों, सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर इस महापंचायत को सफल करने को तत्पर है, और इस मांगपत्र द्वारा अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है।महापंचायत 16 फरवरी दिन सोमवार को प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगी और समस्त एकत्रित मांगपत्र जिला प्रशासन को पंचायत के उपरांत सौपा जाएगा।

## नोटिस सुनवाई तथा मतदाता सत्यापन कार्य की डीएम ने की समीक्षा

**बहराइच।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बूथ लेबिल अधिकारियों के स्तर पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने बताया कि अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के सहयोग हेतु एक-एक अतिरिक्त अधिकारी की ड्यूटी लगा दी गई है। अतिरिक्त अधिकारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में सुपरवाईज़र्स व बूथ लेबिल अधिकारियों से समन्वय रखते हुए कार्यों को तेज़ी के साथ समय से पूरा कराने में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सहयोग प्रदान करेंगे। डीएम ने बताया कि तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन के लिए बूथ लेबिल अधिकारियों को प्रशिक्षित कर दिया गया है। डीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से समन्वय रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रुटि रहित तरीके से प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत नोटिस की सुनवाई व तार्किक विसंगतियों के सत्यापन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करायें।

# जल जीवन मिशन की योजनाओं का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम विकास खंड भटनी के ग्राम खजुरी करौता में पूर्व से संचालित ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के गृह संयोजनों की जांच की गई। यहां पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से संचालित पाई गई। इसके उपरांत ग्राम नूनखार में निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान योजना का कार्य अपूर्ण पाया गया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिशासी अभियंता को कार्य शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम बरडीहा में निर्मित ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। यहां योजना के माध्यम से ग्राम में नियमित जलापूर्ति संचालित पाई गई। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को योजना का संचालन नियमानुसार प्रतिदिन सुबह-शाम सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यदायी फर्मों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाने पर बल दिया। जिन योजनाओं में शिरोपरि जलाशय (ओवरहेड टैंक) का कार्य अभी अपूर्ण है, वहां अस्थायी व्यवस्था के तहत नलकूप से सीधे जलापूर्ति संचालित कर ग्रामीणों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

# आईपीएस ओ एंड एम कॉन्फ्रेंस 2026 में एनटीपीसी विंध्याचल की ऐतिहासिक जीत




**अवधनामा संवाददाता**

■ चार स्वर्ण शक्ति पुरस्कारों के साथ विंध्याचल बना ओवर आल चैंपियन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उद्योग नेतृत्व क्षमता को सिद्ध करते हुए 13 फरवरी 2026 को रायपुर में आयोजित इंडियन पावर स्टेशन( ओ एंड एम) कॉन्फ्रेंस 2026 में चार प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कार अपने नाम किए। इनमें ओ एंड एम उत्पादकता के लिए (संयुक्त रूप से एनटीपीसी लारा के साथ) स्वर्ण शक्ति पुरस्कार, सुरक्षा के लिए स्वर्ण शक्ति अवार्ड, मानव संसाधन श्रेणी में स्वर्ण शक्ति पुरस्कार के साथ-साथ प्रतिष्ठित ओवर आल चैंपियन(विनर) मे स्वर्ण शक्ति पुरस्कार तथा चैंपियन एवं बिजनेस एक्सीलेंस (बीई) के लिए चैंपियन एवं ओवरऑल एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ये उपलब्धियाँ विंध्याचल की परिचालन उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जो सुदृढ़ रखरखाव प्रणाली, दक्षता अनुकूलन और सशक्त स्थिरता ढांचे के माध्यम से उच्च विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है। ऊर्जा उत्पादन में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन ने स्टेशन को उद्योग में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

इन उपलब्धियों के साथ-साथ विंध्याचल की पीपल फ़र्स्ट कार्य संस्कृति भी इसकी सफलता का प्रमुख आधार रही है, जो समावेशन, सतत सीख, नेतृत्व विकास, कर्मचारी सहभागिता और सुरक्षित कार्य वातावरण को प्रोत्साहित करती है, साथ ही बिजनेस एक्सीलेंस की दिशा में निरंतर प्रगति सुनिश्चित करती है। यह पुरस्कार पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत मंत्रालय) एवं गुरदीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा निदेशक मंडल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। इन्हें दिवाकर कौशिक, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक(उत्तर) एवं संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने ग्रहण किया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि एनटीपीसी विंध्याचल की उत्कृष्टता के प्रति अटूट संकल्प को रेखांकित करती है और भारत के ऊर्जा क्षेत्र में उसकी अग्रणी भूमिका को और सुदृढ़ करती है।

## स्कूल से चौपाल तक टीबी चैंपियनों ने सुनाई आप बीती

**बहराइच।** जनपद में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक बलहा और नानपारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर व मटेही में जागरूकता रैली आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

बैठक में टीबी चौंपियन गुलाम गौस ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उन्हें लगातार खांसी और कमजोरी रहने लगी थी। जांच कराने पर टीबी की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने भरोसा दिलाया कि यह पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है। मुझे सरकारी अस्पताल से निःशुल्क दवा मिली और छह महीने तक नियमित उपचार लिया। आज मैं पूरी तरह स्वस्थ हूँ। उन्होंने लोगों से अपील की कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में पसीना या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएं और दवा का पूरा कोर्स करें। अधूरे इलाज से टीबी और गंभीर हो सकती है। ब्लॉक मिहीपुरवा के आरोग्य मंदिर उर्रा में टीबी चौंपियन कृती कुशवाहा ने बताया कि टीबी खांसने-छींकने से फैलती है।

# बच्चों का टिफिन झटपट से होगा खत्म

## लंच के लिए बनाएं टेस्टी पनीर फ्रैंकी रोल



दिव्यांशी भदौरिया। आजकल के बच्चों की चटोरी जीभ हो रखी है। घर का स्वादिष्ट खाना कम पसंद करते हैं और फास्ट फूड जी भर के खाते हैं। अगर आपके भी बच्चे टिफिन पूरी फिनिश नहीं करते हैं, तो आप उनके लिए पनीर फ्रैंकी रोल बना सकते हैं। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

बच्चों के खाने को लेकर मांएं अक्सर परेशान रहती है। ज्यादातर मांओं को सुबह उठते ही टेंशन होने लगती है कि बच्चों के टिफिन में ऐसा क्या रखें बच्चे पूरा लंच खाकर ही आए। वैसे तो बच्चों को जंक फूड खाने आदत ज्यादा होती है, लेकिन आप उनके लिए लंच में कुछ हेल्दी के साथ ही टेस्टी डिश बनाकर रख सकते हैं। ज्यादातर बच्चों को फास्ट फूड खाना खूब पसंद होता है, ऐसे में आप टिफिन के लिए पनीर फ्रैंकी रोल बना सकते हैं। पनीर फ्रैंकी रोल हेल्दी के साथ काफी टेस्टी है, जो आपके बच्चों को खूब पसंद आएगा। तो चलिए बिना देर किए आपको रेसिपी बताते हैं।

**पनीर फ्रैंकी रोल बनाने के लिए सामग्री**

- 100 ग्राम कद्दुकस किया हुआ पनीर
- 4 मैदे की रोटियां
- 2 आलू
- 1/4 बंदगोभी
- 1 गाजर
- 1/2 बड़ा चम्मच चाट मसाला
- 1/4 बड़ा चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 बड़ा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच अमचूर पाउडर
- 1/2 बड़ा चम्मच चाट मसाला
- 2 बड़े चम्मच हरा धनिया
- 2 बड़े चम्मच नींबू का रस
- तेल जरुरत के अनुसार
- नमक स्वादानुसार

**पनीर फ्रैंकी रोल बनाने की विधि**

बच्चों के टिफिन के लिए पनीर फ्रैंकी रोल बनाने के लिए आपको सबसे पहले आपको उबले हुए आलू को छीलकर मैश कर लें। इसके बाद पनीर को कद्दूकस कर लीजिए। फिर इसमें आलू, नींबू का रस, हल्दी पाउडर, आमचूर, चाट मसाला, स्वादानुसार नमक और बारीक कटा हुआ हर धनिया डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को लंबे आकार के कबाब बनाकर रैडी कर लें। अब गैस को मीडियम आंच पर तवा चढ़ाकर थोड़ा सा तेल डालकर गर्म होने दें। तेल गर्म होने के बाद इसमें तैयार किए हुए कबाब डालकर दोनों तरफ सुनहरा होने तक फ्राई कर लें। इसके बाद गाजर और बंदगोभी को पतला-पतला काटकर एक बाउल में रखकर उसमें चाट मसाला और नमक मिलाकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें। अब आप कबाब को तवे से निकालकर एक प्लेट में रख दें। तवे पर मैदे की रोटी रखकर हल्का गर्म कर लें। रोटी गर्म हो जाए तो इसमें एक पनीर कबाब रखकर ऊपर से थोड़ी सी गाजर और बंदगोभी डाल दें। इसके साथ ही चाट मसाला और थोड़ा सा भुना हुआ जीरा पाउडर छिड़क दें। यह लीजिए आपका टेस्टी पनीर फ्रैंकी रोल बनकर तैयार है। इसे आप सॉस या हरी चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं।

# बोरिंग ब्रेकफास्ट को कहें अलविदा

## बच्चों की फेवरेट बनेगी ये लाजवाब पोहा गोली इडली



अगर आप भी हर बार एक जैसा ब्रेकफास्ट खाकर बोर हो चुकी हैं, तो आज हम आपके लिए एक यूनिक रेसिपी लेकर आए हैं। जिसको आपके घर में बच्चे से लेकर बड़ों तक हर किसी को पसंद आएगी और स्वाद लेकर खाएंगे। हर दिन की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई व्यस्त रहता है। ऐसे में बिजी जिंदगी में कई बार हम कुछ ऐसी रेसिपीज बनाने के बारे में सोचते हैं, जो कम समय में जल्दी बनकर तैयार हो जाएं। हालांकि अन्य दिनों की तुलना में वीकेंड पर पूरी फैमिली थोड़ा फ्री रहती है। जिसके चलते हम टेस्टी रेसिपीज बनाने का सोचते हैं। लेकिन मन में सवाल यह आता है कि ऐसी क्या यूनिक रेसिपी बनाई जाए, जिसको खाने के बाद हर कोई आपकी तारीफ करे और फैमिली मेंबर्स बार-बार उस डिश को खाने की डिमांड करें। अगर आप भी हर बार एक जैसा ब्रेकफास्ट खाकर बोर हो चुकी हैं, तो आज हम आपके लिए एक यूनिक रेसिपी लेकर आए हैं। जिसको आपके घर में बच्चे से लेकर बड़ों तक हर किसी को पसंद आएगी और स्वाद लेकर खाएंगे। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ पोहा गोली इडली रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं। ऐसे में इस वीकेंड पर आप भी पोहा गोली इडली बनाकर अपनी फैमिली को सरप्राइज दे सकती हैं।

**सामग्री**

पोहा- 1 कप (पिसा हुआ)
सूजी- 2 कप
चना दाल- 1 चम्मच
उड़द दाल- 1 चम्मच
सरसों के दाने- 1 चम्मच
करी पत्ता- 8-10
देसी घी- तडके के लिए
सूखी लाल मिर्च- 2-3
नमक- स्वादानुसार

**पोहा गोली इडली रेसिपी**

सबसे पहले मिक्सर जार में पोहा डालकर पीस लें।
फिर एक बाउल में पोहा निकाल लें।
अब उसी बाउल में सूजी निकालकर उसमें तेल, नमक और गर्म पानी डालकर अच्छे से मिक्स करें।
इसके बाद इस मिश्रण को गूंथ कर आटे की तरह तैयार कर लें।
इस आटे को करीब 5 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
जब आटा नरम और चिकना गूंथना है।
इस आटे की छोटी-छोटी गोलियां बना लें।
इस गोली इडली को आपको स्टीम करना है।
फिर एक पैन में घी गरम कर लें।
अब इसमें उड़द दाल और चना दाल डालकर सुनहरा होने तक भूनें।
इसमें लाल मिर्च, करी पत्ता और सरसों के दाने डालकर भूनें और फिर ऊपर से गोली इडली डालें।
इस आसान तरीके से पोहा गोली इडली बनकर तैयार हो जाएंगी।
अब आप इसको चटनी के साथ सर्व करें।

# तोरई से बनी चटनी का ऐसा स्वाद कि पहचान नहीं पाएंगे आप, हर कोई पूछेगा सीक्रेट रेसिपी



तोरई की चटनी की खासियत यह है कि इसको बनने में ज्यादा समय नहीं लगता है और न ही इसमें कोई ज्यादा सामग्री पड़ती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तीखी स्वादिष्ट तोरई चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

सब्जी-रोटी हो या फिर गरमागरम पराठे के साथ तीखी चटनी खाने से स्वाद दोगुना बढ़ जाता है। वहीं हमारी मम्मियां फटाफट सिलबट्टे या फिर ग्राइंडर में धनिया-टमाटर और मिर्च डालकर चटनी बनाती हैं। लेकिन कई बार कुछ अलग तरह की चटनी खाने का मन करता है। लेकिन समझ नहीं आता है। ऐसी स्थिति में हम फिर वही घुमा-फिराकर पुरानी चटनी बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कई तोरई की चटनी ट्राई की है। जी हां वही तोरई जिसको देखकर न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़े भी मुंह बनाने लगते हैं। बता दें कि तोरई की चटनी काफी स्वादिष्ट और लाजवाब होती है।

तोरई की चटनी का स्वाद इतना ज्यादा टेस्टी होता है कि इसको खाने वाले पहचान नहीं पाएंगे कि यह तोरई की चटनी है। इस चटनी की खासियत यह है कि इसको बनने में ज्यादा समय नहीं लगता है और न ही इसमें कोई ज्यादा सामग्री पड़ती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तीखी स्वादिष्ट तोरई चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**ऐसे बनाएं तोरई की चटनी**

सबसे पहले तरोई को अच्छे से धो लें।

फिर तोरई को बीच से काटकर दो टुकड़ों में बांट लें।

अब तोरई के सभी टुकड़ों पर अच्छे से तेल लगाएं।

फिर इन टुकड़ों में छोटे-छोटे छेद करके उसमें छिली हुई लहसुन की कलियां फसाएं।

इसके बाद लो फ्लेम में गैस पर रखकर इसको भून लें।

भूनने के बाद तोरई का छिलका पानी में डालकर निकाल लें।

अब छिली हुई तोरई को सिलबट्टे पर अदरक, हींग, लाल-हरा मिर्च और लहसुन डालकर पीस लें।

जब यह पिस जाए, तो इसको प्लेट में निकालकर इसमें स्वादानुसार नमक मिक्स करें।

इस तरह से आपकी स्वादिष्ट तरोई की चटनी बनकर तैयार है।

अब आप इसको पूरी-पराठा या पकौड़े के साथ सर्व कर सकती हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान**

तरोई की चटनी बनाने के लिए बहुत ज्यादा पतली तरोई न चुनें।

चटनी बनाने के लिए ताजी और मोटी तरोई का इस्तेमाल करें।

वहीं तरोई को भूनने के दौरान इसको समय-समय पर पलटते रहें, जिससे कि यह अच्छे से पक जाए।

# बची हुई नारियल की चटनी का अब नहीं होगा वेस्ट

साउथ इंडियन फूड नारियल की चटनी के बिना पूरा ही नहीं होता है। चाहे इडली हो या डोसा या फिर उत्तप्पम, नारियल की चटनी और सांभर के साथ इसे खाने का एक अलग ही मजा आता है। अमूमन जब भी हम घर पर साउथ इंडियन फूड बनाते हैं तो उसके साथ नारियल की चटनी जरूर बनाई जाती है। लेकिन समस्या तब होती है, जब थोड़ी चटनी बच जाती है और फिर वो फ्रिज में यूं ही रह जाती है। अमूमन यह समझ में नहीं आता है कि इस बची हुई नारियल की चटनी का क्या किया जाए। हो सकता है कि आपके फ्रिज में भी नारियल की चटनी रखी हुई हो और अब आपका उसे खाने का मन ना कर रहा हो। लेकिन ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो बची हुई नारियल की चटनी को बड़े ही मजेदार और क्रिएटिव तरीकों से इस्तेमाल कर सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप नारियल की बची हुई चटनी को किन-किन तरीकों से काम में ला सकती हैं-



**नारियल की चटनी से बनाएं सैंडविच**

अगर आप अपने रेग्युलर सैंडविच को एक अलग टेस्ट देना चाहती हैं तो ऐसे में नारियल की बची हुई चटनी का इस्तेमाल करें। इसके लिए ब्रेड लेकर उस पर चटनी फैलाओ। अब ऊपर से खीरा, टमाटर, उबला आलू या चीज डाल दो। फिर इसे सैंडविच मेकर या तवे पर हल्का टोस्ट कर लो। यह एक जल्दी तैयार होने वाला हेल्दी स्नैक है, जो ट्रैवल के लिए भी बढ़िया ऑप्शन है।

**नारियल की चटनी से बनाएं करी**

यह नारियल की चटनी को खाने का एक बेहद ही टेस्टी अंदाज है। इसके लिए चटनी को पैन में डालो। अब उसमें थोड़ा पानी, हल्दी और नमक डालकर मिक्स करें। अब इसमें राई, करी पत्ते, हींग व हरी मिर्च का तड़का लगाओ। स्वाद को और भी ज्यादा बढ़ाने के लिए अगर आप चाहो तो थोड़ा इमली का पल्प या दही डाल सकते हैं। झटपट बनने वाली इस करी को आप चावल या रोटियों के साथ खा सकते हैं।

**पोहा के टेस्ट को दें ट्विस्ट**

अगर आप नाश्ते में पोहा या उपमा बना रही हैं तो उसके फ्लेवर को बूस्ट करने के लिए नारियल की चटनी का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप पोहा या उपमा बनने के बाद उसमें अंत में चटनी डालकर मिक्स करो। थोड़ी पानी डालकर 2 मिनट और पकाओ। इससे एक क्रीमी टेक्सचर आएगा, जो साधारण पोहा को एकदम रिच बना देगा।

# जिद्दी हार्ड वाटर के दागों से बाथरूम हुआ बदरंग

अगर आप भी अपने बाथरूम के शॉवर और नलों पर जमे हार्ड वॉटर स्टेंस से परेशान हैं, तो आपको इन्हें हटाने के लिए महंगे केमिकल क्लीनर की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज हम आपको एक असरदार घरेलू उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं।

हमेशा साफ और चमकदार बाथरूम देखना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन बाथरूम का जो सबसे बड़ा और मुश्किल काम लगता है, वह शॉवर हेड और स्टील के नलों पर जमे पानी के जिद्दी दागों को हटाना है।

सतह पर पड़ने वाले सफेद धब्बे पानी में मौजूद मैग्नीशियम, कैल्शियम और खनिजों को सूखने के बाद बन जाते हैं, इन दागों को हार्ड वॉटर स्टेंस कहा जाता है। ये जिद्दी दाग बाथरूम की सुंदरता को कम कर सकते हैं और इन दागों को हटाना भी काफी ज्यादा मुश्किल होता है। क्योंकि इन दागों को हटाना सामान्य क्लीनर से हटाना बेअसर साबित हो जाता है।

ऐसे में अगर आप भी अपने बाथरूम के शॉवर और नलों पर जमे हार्ड वॉटर स्टेंस से परेशान हैं, तो आपको इन्हें हटाने के लिए महंगे केमिकल क्लीनर की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक असरदार घरेलू उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके अपनाकर आप सिर्फ 5 मिनट में बाथरूम के नलों और शॉवर को बिल्कुल नया जैसा चमका सकती हैं।

**क्यों जमते हैं पानी के जिद्दी दाग**

आपने देखा होगा कि शॉवर और नल पर दिखने वाले जिद्दी दाग पानी की वजह से बनते हैं। कठोर पानी में मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे खनिज घुले होते हैं। जब पानी सूखता है तो इसमें मौजूद खनिज सतह पर छूट जाते हैं और समय के साथ जमते रहते हैं। इसकी वजह से सफेद और खुरदरी परत बन जाती है। ऐसे में रोजाना सफाई करके इन जिद्दी दागों को हटाना काफी मुश्किल होता है।

**सफाई**

> टूथपेस्ट में हल्के अपघर्षक और सफाई करने वाले गुण पाए जाते हैं, जोकि जिद्दी दागों को 5 मिनट में साफ कर सकते हैं।

**हार्ड स्टेन हटाने वाला हैक**

स्टील के नल से हार्ड वाटर स्टेन हटाने के लिए टूथपेस्ट का उपयोग कर सकते हैं। टूथपेस्ट में हल्के अपघर्षक और सफाई करने वाले गुण पाए जाते हैं, जोकि जिद्दी दागों को 5 मिनट में साफ कर सकते हैं। इसके लिए आपको जेल वाले टूथपेस्ट की जगह पेस्ट वाले टूथपेस्ट का इस्तोल करना चाहिए। वहीं जिद्दी दागों को हटाने के लिए रगड़ने के लिए पुराने टूथब्रश या सॉफ्ट स्पंज जरूर रखें। वहीं सफाई के बाद पोछने के लिए माइक्रोफाइबर कपड़े की भी जरूरत पड़ेगी।



**टूथपेस्ट का इस्तेमाल**

सबसे पहले उस जगह को हल्का गीला करें, जहां पर दाग लगे हैं। फिर दाग वाली जगह जैसे नल, शॉवर हेड या स्टील की सतह पर थोड़ी सी मात्रा में सफेद टूथपेस्ट सीधे लगाएं।

अब एक पुराने टूथब्रश या फिर सॉफ्ट स्पंज की मदद से टूथपेस्ट को दाग वाली सतह पर हल्के हाथों से रगड़ना है। इस दौरान आप यह जरूर सुनिश्चित करें कि सभी दागों को कवर कर रहे हैं। वहीं बारीक जगहों और कोनों को कवर करने में टूथब्रश बहुत काम आएगा।

बता दें कि दागों पर करीब 5 मिनट तक टूथपेस्ट को लगा रहने दें। टूथपेस्ट में मौजूद हल्के अपघर्षक कण और सफाई एजेंट इस दौरान एजेंट खनिज जमाव को हल्का और ढीला करने का काम करेगा।

समय पूरा होने के बाद दाग वाली जगह को एक फिर हल्के हाथों से रगड़ें।

इस तरह से आप पाएंगे कि धीरे-धीरे दाग निकलने लगेंगे। साफ करने के बाद दाग वाली सतह को पानी से अच्छे से धो लें या फिर गीले माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछ लें।

लास्ट में दाग वाली सतह को एक सूखे माइक्रोफाइबर कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें। यह पानी के नए दाग-धब्बे बनने से रोकेगा और नल और शॉवर को चमकदार बनाएगा।

# बची हुई खिचड़ी को खाने का नहीं है मन तो इससे बनाएं से सुपर टेस्टी पैनकेक

खिचड़ी से पैनकेक बनाना यकीनन एक बेहतरीन आइडिया है। इस तरह आप नाश्ते में एक बेहतरीन डिश तैयार कर पाएंगी और साथ ही साथ यह घर से हर सदस्य को काफी पसंद भी आएगी। इसे आप ना केवल नाश्ते में खा सकते हो, बल्कि बच्चों के टिफ़िन में भी पैक किया जा सकता है। खिचड़ी खाने का असली मजा उसे गरमा-गरम खाने में ही है। लेकिन जब घर में खिचड़ी बच जाए तो शायद ही उसे कोई अगले दिन खाना पसंद करता हो। अगर आपने रात में खिचड़ी बनाई और वो बच गई, तो हर कोई उसे अगले दिन देखकर टेढ़े-मेढ़े मुंह बनाना शुरू कर देता है। अमूमन इस स्थिति में हम सभी उस बची हुई खिचड़ी को बाहर फेंक देना पसंद करते हैं। हो सकता है कि आपको भी अगले दिन वही बची हुई खिचड़ी खाना काफी बोरिंग लगता हो, लेकिन अब अगर आप चाहें तो इस खिचड़ी की मदद से एकदम टेस्टी पैनकेक बनाकर तैयार कर सकती हैं। खिचड़ी से पैनकेक बनाना यकीनन एक बेहतरीन आइडिया है। इस तरह आप नाश्ते में एक बेहतरीन डिश तैयार कर पाएंगी और साथ ही साथ यह घर से हर सदस्य को काफी पसंद भी आएगी। इसे आप ना केवल नाश्ते में खा सकते हो, बल्कि बच्चों के टिफ़िन में भी पैक किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको रात की बची हुई खिचड़ी से पैनकेक बनाने की आसान रेसिपी के बारे में बता रहे हैं-



**बची हुई खिचड़ी से पैनकेक बनाने के लिए आवश्यक सामग्री-**

एक कप बची हुई खिचड़ी
दो-तीन बड़े चम्मच बेसन (बाइंडिंग के लिए)
एक बड़ा चम्मच सूजी
बारीक कटा एक छोटा प्याज
बारीक कटी एक हरी मिर्च
दो बड़े चम्मच कटा हुआ हरा धनिया
आधा छोटा चम्मच जीरा पाउडर
आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
स्वादानुसार नमक
दो-तीन बड़े चम्मच पानी
घी

**बची हुई खिचड़ी से पैनकेक कैसे बनाएं-**

सबसे पहले बची हुई खिचड़ी को एक बाउल में डालें और अच्छी तरह मैश कर लें।

अब इसमें बेसन और सूजी डालकर मिक्स करें।

अब इसमें प्याज, हरी मिर्च, धनिया और सारे मसाले डालकर अच्छे से मिला लें, ताकि पैनकेक का बैटर बन जाए।

अगर आपको बैटर ज्यादा गाढ़ा लगे तो थोड़ा पानी डालें, ताकि आसानी से फैलाया जा सके।

अब एक नॉन-स्टिक तवे पर हल्का तेल या घी गरम करें।

एक करछुल घोल डालकर गोलाकार फैलाएं।

इसे मीडियम आंच पर दोनों तरफ से सुनहरा और कुरकुरा होने तक सेकें।

आप गरमा-गरम पैनकेक को दही, हरी चटनी या टमाटर केचप के साथ खाएं।

# खाने के स्वाद को दोगुना कर देंगी लहसुन की चटपटी चाटनी, रोटी-पराठें जमकर खाएंगे, नोट करें रेसिपी

रोजाना दाल-रोटी खाकर हम सभी बोर हो जाते हैं। खाने में भी रोजाना हम सबको वैरायटी चाहिए। यदि आपका खाने में कुछ तीखा और चटपटा चाहिए। तो आप घर पर लहसुन की चटपटी चटनी जरुर बना सकते हैं। यह आपके स्वाद को बेहतरीन बना देगा।

कई बार होता है कि रोजाना दाल-रोटी और सब्जी-पराठें खाकर हम सभी बोर हो जाते हैं। जिससे लगता है कि कुछ नया स्वाद ट्राई करना चाहिए। जब खाना बोर लगने लगता है तो भूख भी कम हो जाती है। फिर चटपटा खाने को जरुर मिस किया जाता है। यदि आप अपने बोरिंग खाने में जान डालना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। केवल 5 मिनट में लहसुन की चटपटी चटनी खाकर अपने खाने को स्वादिष्ट बना सकते हैं। आइए आपको लहसुन की चटनी की रेसिपी बताते हैं।

**लहसुन की चटनी बनाने की सामग्री**



- 10-12 लहसुन की कलियां
- 5-6 लाल मिर्च
- आधा चम्मच जीरा
- आधा चम्मच अमचूर पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- 2 चम्मच सरसों का तेल

**लहसुन की चटनी बनाने की विधि**

- लहसुन की चटनी बनाने सबसे पहले आप सूखा लाल मिर्च को गर्म पानी में 10-15 मिनट तक भिगो दें जिससे ये नरम हो जाएं।
- एक मिक्सी का जार लें उसमें भीगी हुई मिर्च, छिले हुए लहसुन, जीरा, अमचूर पाउडर और नमक डालें।
- इसमें थोड़ा सा पानी डालें और अच्छे से पीस लें। ध्यान रहे कि चटनी ज्यादा पतली न रहे, इसे थोड़ा गाढ़ा ही रखें।
- इसके बाद छोटा पैन या कड़ाही लें। उसमें सरसों का तेल गर्म जरुर करें।
- तेल गर्म होने के बाद, उसी में पीसी हुई चटनी डालें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक भूनें।
- जब चटनी तेल छोड़ने लगे, गैस को बंद कर दें।

# तेलंगाना निकाय चुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत

**जनहित**

**तेलंगाना के स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली बड़ी जीत को लेकर पार्टी ने इसे राज्य सरकार की जनहित वाली नीतियों की मंजूरी बताया है।**



**नई दिल्ली।** तेलंगाना स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस ने 2582 में से 1300 से ज्यादा वार्ड जीतकर बड़ी बढ़त हासिल की है। राहुल गांधी ने इसे सरकार की जनहित और सामाजिक न्याय वाली नीतियों पर जनता की मुहर बताया।

तेलंगाना के स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली बड़ी जीत को लेकर पार्टी ने इसे राज्य सरकार की जनहित वाली नीतियों की मंजूरी बताया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह नतीजा साफ दिखाता है कि जनता ने सामाजिक न्याय, सम्मान और सबको साथ लेकर विकास की सोच को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत सीधे तौर पर लोगों के भरोसे की जीत है। राहुल गांधी ने चुनाव नतीजों के बाद बयान जारी कर कहा कि तेलंगाना निकाय चुनाव में जीत कांग्रेस सरकार की पीपल-फर्स्ट यानी जनता को प्राथमिकता देने वाली नीतियों की पुष्टि है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य प्रजाला तेलंगाना÷ बनाना है, जहां विकास का लाभ हर परिवार तक पहुंचे। राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जीत जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं और राज्य की जनता की है। तेलंगाना में 11 फरवरी को 116 नगरपालिकाओं के 2,582 वार्डों में मतदान हुआ था। आए नतीजों में कांग्रेस ने 1,300 से ज्यादा वार्डों पर जीत दर्ज की। यह सबसे बड़ा आंकड़ा रहा। भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस करीब 700 वार्डों पर रही। वहीं भाजपा ने भी मौजूदगी दर्ज कराते हुए लगभग 275 वार्ड जीते। इस तरह कांग्रेस ने स्पष्ट बढ़त के साथ स्थानीय निकायों में मजबूत पकड़ बनाई। इन नतीजों को ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के लिए बड़ा राजनीतिक बल माना जा रहा है। निकाय चुनाव को अक्सर सरकार के कामकाज पर जनता की सीधी राय के रूप में देखा जाता है। कांग्रेस की बड़ी जीत से यह संकेत गया है कि शहरी और स्थानीय स्तर पर पार्टी का आधार मजबूत हुआ है। बीआरएस और भाजपा ने भी कई क्षेत्रों में जीत दर्ज की, लेकिन कुल बढ़त कांग्रेस के पक्ष में रही।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी नतीजों पर प्रतिक्रिया दी और इसे जनता के भरोसे का जनादेश बताया। खरगे ने कहा कि तेलंगाना की जनता ने सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और निरंतर प्रगति के एजेंडे पर विश्वास जताया है। उन्होंने राज्य के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत के लिए बधाई दी और कहा कि पार्टी अपने वादों पर मजबूती से आगे बढ़ेगी।

# भरभराकर गिरा निर्माणाधीन मेट्रो का पिलर, एक की मौत, कई घायल



**मुंबई।** मुंबई में मेट्रो का पिलर गिरने से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोगों के घायल होने की खबर है। हादसा मुंबई के मुलुंड इलाके में हुआ। जहां भरभराकर मेट्रो का स्लैब गिर गया। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मेट्रो का पिलर गिरने से भयानक हादसा हो गया। घटना मुलुंड की है। जहां अचानक भरभराकर मेट्रो का पिलर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मुलुंड पश्चिम में निर्माणाधीन मेट्रो पिलर का सीमेंट का हिस्सा नीचे से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिरा, जिससे कई लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बारे में बीएमसी ने बताया कि आज (शनिवार) दोपहर 12.20 बजे जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी, LBS रोड, मुलुंड (पश्चिम) के पास मेट्रो पिलर का एक हिस्सा गिर गया। निर्माण के दौरान सीमेंट मेट्रो पिलर का एक हिस्सा टूटकर एक रिक्शा पर गिर गया। हादसे के तुरंत बाद मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, मेट्रो स्टाफ, वार्ड स्टाफ और 108 एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया। हादसे में कई लोग घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन मेट्रो रेल मार्ग के एक खंभे का हिस्सा गिरने से तीन से चार लोगों के घायल हो गए।

# एसी के साथ अब जनरल कोच की भी हर घंटे होगी सफाई




**नई दिल्ली।** रेल मंत्री ने रेलवे रिफॉर्म प्लान 2026 के तहत 52 हफ्तों में 52 सुधार लागू करने की घोषणा की है। पहले चरण में हर जोन की 4 से 5 लंबी दूरी की ट्रेनों को शामिल किया गया है। इसमें करीब 80 ट्रेनों के एसी कोचों के साथ साथ जनरल कोचों में भी सफाई व्यवस्था लागू की जाएगी।

रेल मंत्री ने रेलवे रिफॉर्म प्लान 2026 के तहत 52 हफ्तों में 52 सुधार लागू करने की घोषणा की है। शनिवार को उन्होंने बताया पहले चरण में ट्रेनों की साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जाएगी और इसके लिए सभी कोच में व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा।

रेलमंत्री के मुताबिक, इस योजना की शुरुआती चरण में हर जोन की 4 से 5 ट्रेनों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से लंबी दूरी की करीब 80 ट्रेनों के एसी कोचों के साथ साथ जनरल कोचों में भी सफाई व्यवस्था लागू की जाएगी। इस दौरान टॉयलेट, डस्टबिन और कोच की सफाई के साथ किसी भी तकनीकी या मैकेनिकल समस्या की भी जांच की जाएगी। पीक आवर में सफाई व्यवस्था मजबूत करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जाएगी। साथ ही सफाई की निगरानी के लिए तकनीक का इस्तेमाल होगा। रेल मंत्री ने बताया कि एआई आधारित तस्वीरें कंट्रोल रूम में भेजी जाएंगी, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। सफाई मानकों में कमी मिलने पर संबंधित वेंडर पर कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले वेंडरों को ही आगे कॉन्ट्रैक्ट दिए जाएंगे। रेल मंत्री ने कहा कि,इस व्यवस्था के लागू होने से रेलवे पर अतिरिक्त खर्च आएगा, लेकिन यात्रियों के किराए में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। जरूरत के मुताबिक रेलवे अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति भी करेगा। लंबी दूरी गाड़ियों के सभी कोच में हर घंटे साफ सफाई होगी। इस अभियान के तहत एक इंटीग्रेटेड सिस्टम भी लगाया जाएगा। जिससे कोच की सफाई व्यवस्था को बेहतर तरीके से मॉनिटर किया जा सकेगा। अगर जनरल कोच कनेक्ट नहीं होगा तो स्टाफ उतरकर जनरल कोच की सफाई करेगा। इसके लिए रूट आधारित टीमें तैनात की जाएगी, जो तय रूट पर लगातार काम करेंगी।

# राहुल गांधी के आरोपों पर पीयूष गोयल का तीखा पलटवार



**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सियासत तेज हो गई है। राहुल गांधी ने जीरो ड्यूटी को लेकर सवाल उठाए, जिस पर मंत्री पीयूष गोयल ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने राहुल गांधी को नासमझ बताते हुए कहा कि भारत को भी वही सुविधा मिलेगी और आयात-प्रोसेस-निर्यात की नीति पहले से लागू है।

अमेरिका और भारत के बीच हुए हालिया व्यापार समझौते को लेकर देशभर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। केंद्र सरकार इसे भारत की बड़ी जीत के तौर पर सामने रख रहा है। वहीं विपक्ष इसे भारत की हार और अमेरिका की जीत के तौर पर बता रहा है। इसी बीच इस व्यापार समझौते को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आरोपों पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि इतने नासमझ व्यक्ति को नेता विपक्ष कैसे बना गया।

गोयल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अर्थव्यवस्था को समझे बिना गलत बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह नहीं समझ पा रही है कि जिस आदमी को अर्थव्यवस्था की कोई समझ नहीं है, उनके पास झूठ, धोखा और ट्वीट करने वाले बयानों के अलावा कुछ भी नहीं है, वह सच से हजारों मील दूर हैं।

बता दें कि राहुल गांधी ने दावा किया था कि अगर बांग्लादेश अमेरिका से सूत या कपास खरीदता है तो उसे अमेरिका में शून्य शुल्क (जीरो ड्यूटी) पर कपड़ा निर्यात करने की छूट मिलती है। इसपर पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को भी यही सुविधा मिलेगी। अगर भारतीय निर्यातक अमेरिका से कपास या सूत खरीदकर यहां प्रोसेस करेंगे और फिर अमेरिका को निर्यात करेंगे, तो उन्हें भी जीरो ड्यूटी का लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह प्रावधान पहले से मौजूद है।

गोयल ने अपने बयान में इस बात पर भी जोर दिया कि भारत की कपास उत्पादन क्षमता आगे बढ़ेगी और उसकी मांग भी बढ़ेगी। आयात करके यहां प्रोसेस कर फिर निर्यात करने की नीति कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह वर्षों से विदेशी व्यापार नीति का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बना स्र्थ्र कानून साफ कहता है कि कच्चा माल जीरो ड्यूटी पर आयात कर उसे प्रोसेस कर निर्यात किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार बढ़ेगा, विदेशी मुद्रा आएगी और देश की आर्थिक ताकत मजबूत होगी।

# कांग्रेस आतंकियों को कंधे पर बिठाती है: पीएम



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम दौरे पर जनसभा में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नीतियों का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत में विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता को भी रेखांकित किया। इस खबर में जानिए प्रधानमंत्री ने भाषण में किन प्रमुख बातों पर जोर दिया असम में इस साल विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। चुनाव की औपचारिक घोषणा से चंद हफ्ते पहले राज्य को आज विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम दौरे पर आज राज्यवासियों को संबोधित भी किया। उन्होंने गुवाहाटी में आयोजित जनसभा में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र किया। बढ़ती सियासी सरगर्मियों के बीच चुनावी बिगुल फूंकते हुए पीएम मोदी ने एक तरफ जहां भाजपा के कार्यकाल में हुए फैसलों और विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया तो दूसरी तरफ विपक्षी राजनीतिक पार्टी-कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में और किन बातों को रेखांतिक किया, जानिए इस खबर में पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आतंकियों को कंधे पर बिठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। उन्होंने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भारी बहुमत से भाजपा की सरकार चुनेगी। कांग्रेस पर तुष्टिकरण के आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर को नजरअंदाज कर कांग्रेस पार्टी ने हमेशा फंड आवंटित करने से परहेज किया। उन्होंने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ह्र्ष्ठ) सरकार के कार्यकाल में किए जा रहे फैसलों को रेखांकित करते हुए आज लोकार्पण के बाद खोले गए भास्कर सेतु समेत कई अन्य परियोजनाओं का भी उल्लेख किया।

पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज ही पुलवामा हमले की बरसी है। मैं इस हमले में जान गंवाने वाले मां भारती के वीर सपूतों को नमन करता हूं। इस आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह आतंकियों को सजा दी, वो पूरी दुनिया ने देखा है। जम्मू-कश्मीर के ही पहलगाम में अप्रैल, 2025 में दहशतगर्दों की कायराना करतूत का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अभी आपने भारत की ये शक्ति ऑपरेशन सिंदूर में भी देखी है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना के मुंहतोड़ जवाब का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने गुवाहाटी की जनसभा में मौजूद जनता से पूछा, मैं आपसे जानना चाहता हूं कि क्या कभी कांग्रेस में देशहित के लिए इतनी हिम्मत के साथ फैसले करने की ताकत थी क्या? वो ज्यादा से ज्यादा बयान दे सकते हैं।% प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जो कांग्रेस भारत को राष्ट्र मानने से भी इनकार करती हो... जो सवाल करते हैं कि मां भारती क्या होती है, जो मां भारती के नाम तक से परहेज करती हो, जो मां भारती के प्रति जरा सा सम्मान तक नहीं दिखाते, वो कांग्रेस कभी भारत का भला नहीं कर सकती।उन्होंने कहा, आज की कांग्रेस हर उस विचार... हर उस आतंकी को कंधे पर बिठाती है... जो देश का बुरा सोचता है। जो लोग देश के टुकड़े-टुकड़े करने का सपना देखते हैं... जो लोग, नॉर्थईस्ट को भारत से अलग करने के नारे लगाते हैं... वो कांग्रेस के लिए पूजनीय बन चुके हैं।

## तेलंगाना निकाय चुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत

**हैदराबाद।** तेलंगाना स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस ने 2582 में से 1300 से ज्यादा वार्ड जीतकर बड़ी बढ़त हासिल की है। राहुल गांधी ने इसे सरकार की जनहित और सामाजिक न्याय वाली नीतियों पर जनता की मुहर बताया।

तेलंगाना के स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली बड़ी जीत को लेकर पार्टी ने इसे राज्य सरकार की जनहित वाली नीतियों की मंजूरी बताया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह नतीजा साफ दिखाता है कि जनता ने सामाजिक न्याय, सम्मान और सबको साथ लेकर विकास की सोच को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत सीधे तौर पर लोगों के भरोसे की जीत है।

राहुल गांधी ने चुनाव नतीजों के बाद बयान जारी कर कहा कि तेलंगाना निकाय चुनाव में जीत कांग्रेस सरकार की ÷पीपल-फर्स्ट÷ यानी जनता को प्राथमिकता देने वाली नीतियों की पुष्टि है।

# बीएनपी ने पीएम मोदी की शुभकामनाओं के लिए दिया धन्यवाद



**ढाका।** बीएनपी ने भारत के साथ संबंधों को लेकर अहम बयान दिया है। बीएनपी ने पीएम मोदी की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और हमारे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और खुशहाली के लिए संबंध बेहतर होने की उम्मीद करते हैं।ठ्ठबांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बंपर जीत हासिल की है। बीएनपी चीफ तारिक रहमान दो विधानसभा सीटों से चुनावी मैदान में उतरे थे और दोनों पर ही उन्होंने जीत दर्ज की। बीएनपी और तारिक रहमान की जीत पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले तारिक को फोन कर बधाई भी दी। बीएनपी ने भी पीएम मोदी का धन्यवाद किया है। बीएनपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से लिखा, %बहुत-बहुत धन्यवाद, माननीय नरेंद्र मोदी। राष्ट्रीय चुनाव में बीएनपी की निर्णायक जीत दिलाने में तारिक रहमान के नेतृत्व को आपने जिस तरह से सराहा, उसके लिए हम बहुत आभारी हैं। यह नतीजा बांग्लादेश के लोगों के हमारे नेतृत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसे और विश्वास को दिखाता है। बीएनपी ने आगे लिखा कि बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों और सबको साथ लेकर चलने और आगे बढ़ने वाले विकास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने की उम्मीद के साथ उन्होंने कहा, हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और हमारे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और खुशहाली के लिए एक साझा समर्पण से प्रेरित होकर, अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ रचनात्मक तरीके से जुड़ने की उम्मीद करते हैं। पीएम मोदी ने बधाई देते हुए बांग्लादेश के समर्थन इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर बीएनपी को जीत की बधाई देते हुए लिखा था, %मैं बांग्लादेश में संसदीय चुनाव में बीएनपी को बड़ी जीत दिलाने के लिए तारिक रहमान को दिल से बधाई देता हूं। यह जीत बांग्लादेश के लोगों का आपके नेतृत्व पर भरोसा दिखाती है। भारत एक डेमोक्रेटिक, प्रोग्रेसिव और सबको साथ लेकर चलने वाले बांग्लादेश के समर्थन में खड़ा रहेगा। मैं हमारे कई तरह के संबंधों को मजबूत करने और हमारे कॉमन डेवलपमेंट गोल्स को आगे बढ़ाने के लिए आपके साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं।

# ट्रंप के हमलों के बाद रिश्ते सुधारने में जुटे रुबियो

**म्यूनिख।** म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्रंप प्रशासन के तहत यूरोप के साथ अमेरिका के संबंधों बेहतर पेश करने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछली आलोचनाओं का कठोर लहजे का इस्तेमाल ट्रांस-अटलांटिक संबंधों को फिर से बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमेरिका और यूरोप के बीच रिश्ते टूटने वाले नहीं हैं। उन्होंने साफ कहा कि दोनों पक्षों के बीच भले कुछ मतभेद बढ़े हों, लेकिन अमेरिका चाहता है कि ट्रांस-अटलांटिक संबंध (अमेरिका-यूरोप साझेदारी) मजबूत ही बने रहें। मार्को रुबियो ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया, ठीक एक साल बाद जब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उसी सम्मेलन में यूरोपीय मूल्यों की कड़ी आलोचना करके दर्शकों को चौंका दिया था।

# बीएनपी की जीत के बाद तारिक रहमान का बड़ा संदेश

**अन्याय**

**बीएनपी प्रमुख ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी बहाने से किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।**



**ढाका।** बीएनपी को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद तारिक रहमान ने जीत को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि देश में आजादी और अधिकारों का असली स्वरूप बहाल हुआ है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, जिम्मेदार शासन और मजबूत कानून व्यवस्था पर जोर दिया। रहमान ने सभी दलों को साथ लेकर चलने की बात कही। आइए विस्तार से जानते हैं कि जीत के बाद बीएनपी के अध्यक्ष ने क्या कुछ कहा। बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में बीएनपी को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान ने इसे जनता की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र के लिए बलिदान देने वाले लोगों को समर्पित है। चुनाव नतीजों के बाद ढाका के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में तारिक रहमान ने कहा कि आज से देश में आजादी और अधिकारों का असली स्वरूप फिर से बहाल हुआ है। उन्होंने सभी दलों से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील भी की। तारिक रहमान ने कहा कि यह जीत बीएनपी की नहीं, बल्कि देश की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राजनीतिक विचार हो सकते हैं, लेकिन देशहित में सभी को साथ रहना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय एकता ही सबसे बड़ी ताकत है और बंटवारा सबसे बड़ी कमजोरी। रहमान ने कहा कि लोगों ने तमाम बाधाओं को पार कर लोकतंत्र की राह दोबारा खोल दी है और सीधे वोट से जवाबदेह संसद और सरकार की वापसी हुई है।

बीएनपी प्रमुख ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी बहाने से किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। सुरक्षित और मानवीय बांग्लादेश बनाने के लिए सबके सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब देश के पुनर्निर्माण का समय है और हर पक्ष को जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। उन्होंने समर्थकों से भी संयम बरतने और शांति बनाए रखने की अपील की। तारिक रहमान ने कहा कि नई सरकार ऐसे समय काम शुरू करेगी जब अर्थव्यवस्था कमजोर है, संविधान और संस्थाएं दबाव में हैं और कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दौर की शासन व्यवस्था ने ढांचे को नुकसान पहुंचाया है, जिसे अब मिलकर ठीक करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को संस्थागत रूप देना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। रहमान ने बताया कि इस चुनाव में कुल 51 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। उन्होंने नतीजे चाहे जो रहे हों, सभी दलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दल ही लोकतंत्र की असली रोशनी होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और विपक्ष अगर अपनी-अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाएं तो लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने सभी लोकतांत्रिक दलों से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की अपील की। प्रेस वार्ता में तारिक रहमान ने चुनाव आयोग, प्रशासन और चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग के बिना शांतिपूर्ण चुनाव संभव नहीं था।

# रूस के विपक्षी नेता नवलनी की मौत पर यूरोपीय देशों ने किया बड़ा दावा

**लंदन।** पांच यूरोपीय देशों ने दावा किया है कि रूसी विपक्षी नेता अलेक्सी नवलनी को घातक टॉक्सिन देकर जहर दिया गया था। जांच नमूनों में एपिबैटिडीन नाम का जहरीला पदार्थ मिलने की बात कही गई है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड ने इस हमले के लिए रूसी राज्य तंत्र को जिम्मेदार ठहराया है। आइए इस पूरे विवाद को विस्तार से समझते हैं। रूस के विपक्षी नेता अलेक्सी नवलनी की मौत को लेकर बड़ा अंतरराष्ट्रीय दावा सामने आया है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड ने कहा है कि जांच में यह पुष्टि हुई है कि नवलनी को घातक जहर दिया गया था। इन देशों के विदेश मंत्रालयों ने संयुक्त बयान में कहा कि जांच नमूनों के विश्लेषण में एपिबैटिडीन नाम का जहरीला टॉक्सिन मिला है।

# गिलगित-बाल्टिस्तान के बेशकीमती खनिजों पर पाकिस्तान की नजर




**गिलगित** पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में हालात गंभीर बने हुए हैं। पाकिस्तान की नजर इस इलाके के कीमती और दुर्लभ खनिजों पर है। एक नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान अब चीन के अलावा अमेरिका और मध्य एशियाई देशों की कंपनियों को भी यहां बुला रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, संसाधनों की इस लूट के लिए पाकिस्तानी सेना स्थानीय लोगों पर अत्याचार कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, कजाकिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों ने गिलगित-बाल्टिस्तान की सोने और तांबे की खदानों में निवेश करने में दिलचस्पी दिखाई है। पाकिस्तान विदेशी कंपनियों की मदद से इन संसाधनों को निकालना चाहता है।

कई स्थानीय कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस इलाके में अशांति की मुख्य वजह इसकी रणनीतिक लोकेशन और दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी है। पाकिस्तानी सेना स्थानीय लोगों को बिना कोई मुआवजा दिए उनके संसाधनों पर कब्जा करना चाहती है। इसके लिए पाकिस्तान ने एक गैर-कानूनी लैंड रिफॉर्म एक्ट भी लागू किया है।

जब स्थानीय लोग अपना हक मांगते हैं, तो पाकिस्तान रॉयल्टी देने से मना कर देता है। पाकिस्तान बहाना बनाता है कि यह जमीन विवादित जम्मू-कश्मीर का हिस्सा है, इसलिए इस पर मालिकाना हक नहीं जताया जा सकता। यह खुलासा वाशिंगटन के ग्लोबल स्ट्रैट व्यू में सेंगे सेरिंग ने किया है, जो मूल रूप से गिलगित-बाल्टिस्तान के रहने वाले हैं। सेरिंग वाशिंगटन में इंस्टीट्यूट फॉर गिलगित बाल्टिस्तान स्टडीज (आईजीबीएस) के प्रमुख हैं।

सेरिंग ने बताया कि तंगिर और आसपास की घाटियां खनिजों का बड़ा केंद्र हैं। यहां मोनाजाइट, चेवकिनाइट, लैंथेनम, समैरियम, नियोडिमियम, सेरियम, टाइटेनियम और थोरियम जैसे कई दुर्लभ खनिज भारी मात्रा में मौजूद हैं। चीन के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स से पाकिस्तान को इस इलाके को एक बड़ा रेयर-अर्थ हब बनाने में मदद मिल रही है।

सेंगे सेरिंग ने लोगों से अपील की है कि वे एकजुट रहें और पाकिस्तान के कब्जे से निकलने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सिर्फ यहां के संसाधनों का गलत इस्तेमाल करना चाहता है और लोगों को उनके राजनीतिक अधिकार नहीं दे रहा है। सेरिंग ने कहा कि इसी हिम्मत से लोग भारत के संवैधानिक नागरिक के तौर पर लद्दाख में शामिल हो पाएंगे।

हाल ही में पाकिस्तानी मीडिया ने खबर दी थी कि डायमर की तंगिर घाटी में एक आईईडी धमाका हुआ था। इस धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक आर्मी मेजर समेत तीन लोग घायल हो गए थे। सेरिंग के मुताबिक, कमांडर मौलाना आमिर हमजा से जुड़े एक आतंकी गुट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

आतंकी गुट ने पाकिस्तानी सेना पर %फूट डालो और राज करो% की नीति अपनाने का आरोप लगाया है। गुट ने शिया और सुन्नी नेताओं को दिए बयान में कहा कि इलाके में हुए सांप्रदायिक हमले भी पाकिस्तानी सेना और उसके एजेंटों का काम थे, ताकि स्थानीय लोगों में फूट डाली जा सके।

# चुनाव के बाद बांग्लादेश में हिंसा, चपैनवाबगंज में बम धमाका



**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनाव में प्रचंड जीत के बाद भले ही बीएनपी कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के दावे कर रहे हैं, लेकिन वहां हिंसा अब भी बरकरार है। देश के चपैनवाबगंज जिले में हुए बम धमाके में कई लोगों के हताहत होने की खबर सामने आई है।

बांग्लादेश पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुवार को हुए चुनाव के बाद शनिवार को एक बम धमाके में दो लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेशी मीडिया ने बताया कि चपैनवाबगंज जिले के सदर उपजिला के फाटापारा में शनिवार सुबह बम बनाते समय हुए धमाके में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इसी तरह के बमों का इस्तेमाल चुनाव वाले दिन दो पोलिंग सेंटरों पर किया गया। जिस तरह से इन पोलिंग बूथों पर बम धमाके किए गए और फिर शनिवार को भी धमाके की जानकारी सामने आई है।

जिस तरह से देसी बम बनाए जा रहे हैं, इसका कोई कनेक्शन आतंकी संगठनों से है या नहीं, इसे लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसी घटनाएं ना केवल देश के लिए सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा करती हैं, बल्कि यह पड़ोसी देशों की सुरक्षा में सेंध को लेकर भी सवाल खड़े करती है। बांग्लादेश पुलिस की ओर से जानकारी दी गई है कि फिलहाल धमाके में मारे गए लोगों की पहचान पता लगाने के लिए जानकारी हासिल की जा रही है। चपैनवाबगंज सदर पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज नूर-ए-आलम ने बताया कि धमाका सुबह करीब 5 बजे फाटापारा में कलाम नाम के एक आदमी के घर पर हुआ, जब कुछ लोग बम बना रहे थे। इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों की पहचान जलुर रहमान, मिन्हाज और शुभो के रूप में की गई है। घायलों को चपैनवाबगंज सदर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से उन्हें राजशाही मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया गया।

चपैनवाबगंज पुलिस के अतिरिक्त सहायक अधीक्षक एनएम वसीम फिरोज ने बताया कि दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिस घर में बम फटे, उसका एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया और घर की टिन की छत उड़ गई। हालांकि, पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया क्योंकि घर का मालिक अपने परिवार के साथ मौके से भागने में कामयाब रहा।

# युवजन संघ के अध्यक्ष नीशू केशरी व महामंत्री बनें वरूण गुप्ता

- संरक्षक शिव गोविंद तो महिला मंडल की सांस्कृतिक मंत्री बनीं मनीषा



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सर्ववैश्य समाज की बैठक अध्यक्ष राजकुमार ऊमरवैश्य के आवास पर शनिवार को हुई। अध्यक्षता आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने किया। बैठक में सर्व वैश्य समाज के युवजन संघ व महिला मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

युवजन संघ के अध्यक्ष नीशू केशरी, महामंत्री वरुण गुप्ता बनाए गए। क्रांति गुप्ता कपूर व अरुण सोनी उपाध्यक्ष, विपिन ऊमरवैश्य कोषाध्यक्ष, नंदलाल प्रबंधक, उमाशंकर गुप्ता संगठन मंत्री, आलोक साहू सचिव, मनीष केसरी संरक्षक, नमन गुप्ता मीडिया प्रभारी, योगेश जायसवाल मंत्री व विश्वनाथ जायसवाल व्यवस्थापक बनाए गए।महिला मंडल की मनीषा ऊमरवैश्य सांस्कृतिक मंत्री बनीं। सर्ववैश्य समाज क्षेत्रीय समिति के शिव गोविंद साहू संरक्षक बनाए गए।बैठक में आगामी 12 मार्च को चतुर्थ होली मिलन आयोजन, डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स लेने व समाज की गरीब बेटियों को शिक्षित करने का निर्णय लिया गया।नवनियुक्त अध्यक्ष नीशू केशरी ने कहा कि सर्ववैश्य समाज की एकता और समृद्धि हमारी पहली प्राथमिकता है। हम सब मिलकर संगठन को मजबूत बनाएंगे। महिला मंडल अध्यक्ष सुमन जायसवाल, महामंत्री पूजा ऊमरवैश्य, सीमा जायसवाल व मनीषा ऊमरवैश्य ने कहा कि अब नारी अबला नहीं सबला है। घरेलू महिलाओं व बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। संचालन राजकुमार जायसवाल काजू ने किया।इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद, राजकुमार ऊमरवैश्य, इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता, राम नारायण साहू, आलोक गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, जय श्रीवास्तव, संदीप केसरी, आशा साहू, रीता गुप्ता, स्मिता गुप्ता, सुजाता साहू, प्रिया गुप्ता, चित्रा गुप्ता, आकाश गुप्ता, सुरेश सोनी, कैलाश मोदनवाल, मनोज जायसवाल, तीर्थराज व राजकुमार केशरी आदि लोग मौजूद रहे।

# मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** विद्या भारती काशी प्रांत, पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर, विनोबा नगर, नैनी, प्रयागराज में 14 फरवरी 2026, दिन शनिवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रीता सिंह (संचालिका, लोक सेवा संस्थान) तथा विशिष्ट अतिथि राजीव सिंह (संचालक, आर.वी. इंफ्रा हाईटेक) द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। विद्यालय की अध्यापिका कुमारी दीक्षा गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या गीता सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और संस्कार ही जीवन की असली पूंजी हैं। घर बच्चों की पहली पाठशाला है और विद्यालय दूसरी, जहाँ उनका सर्वांगीण विकास होता है। मुख्य अतिथि रीता सिंह ने भैया-बहनों को विद्यालय से मिलने वाले नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि राजीव सिंहने संस्कारमय और कर्तव्यपूर्ण जीवन जीने के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। विद्यालय के भैया-बहनों ने पूरी श्रद्धा के साथ अपने माता-पिता का विधिवत पूजन किया, जो अत्यंत भावुक और संस्कारपूर्ण क्षण था। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की आचार्या कुमारी शैलजा जी ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ।

# शिव पार्वती महादेव मंदिर में माता पार्वती को महिलाओं ने लगाई मेंहदी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** अंजही मोहल्ले में स्थित शिव पार्वती महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पूर्व मनाए जा रहे भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को मां पार्वती को मेंहदी लगाई गई। इस सुंदर आयोजन के दौरान मंदिर भोलेबाबा के मधुर विवाह गीतों से गुंजायमान रहा।

मेंहदी की रस्म के दौरान मंदिर में बने विवाह मंडप के नीचे बैठी भक्त महिलाएं दो पक्षों में बट गई। देवी पक्ष की महिलाओं ने माता पार्वती को मेंहदी लगाई। वहीं भोलेबाबा की पक्ष की महिलाएं अपने घरों से शगुन का सामान जैसे चूड़ियां, लाली, महावर, काजल, बिंदी के अलावा साड़ियां और फल-मिठाई भी लाई। सभी ने मिल कर शगुन माता को चढ़ाया। मेहंदी उत्सव में शामिल सीता गुप्ता, पूजा गुप्ता, मंजू देवी, चंदा देवी, वंदना गुप्ता, प्रीति गुप्ता, प्रियंका गुप्ता,शीला सीमा गुप्ता, संगीता गुप्ता, स्मृति गुप्ता व चंद गुप्ता सहित अन्य महिलाओं ने मेहंदी प्रेम से लगाओ, मेहंदी रंग निखारेज, शिव विवाह की घड़ी है, कोई मंगल गीत गाओ रे और मेहंदी है रचने वाली, हाथों में गहरी लाली आदि महिलाओं ने देवी पार्वती और भोलेनाथ के विवाह के गीत गाए। मंदिर की पुजारी अभिषेक शुक्ला ने देवाधिदेव महादेव के विवाह उत्सव के लिए सभी को न्यौता दिया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि माता पार्वती को लगाई गई मेहंदी सौभाग्य, प्रेम और अटूट समर्पण का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि पार्वती जी को भगवान शिव की ओर से मेहंदी उपहारमें मिली थी, इसके बाद से सुहागानियों ने वैवाहिक सुख के लिए मेहंदीलगती है। इस अवसर पर आलोक कुमार गुप्ता, आशीष कुमार रानू, शंकर लाल केसरी, राजू गुप्ता व सोनू गुप्ता ने भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद लिया।

# मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में आप का प्रदर्शन

- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** तत्वावधान में शनिवार को जिला मुख्यालय जौनपुर पर मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए इस समझौते के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि यह डील किसानों और छोटे व्यापारियों के हितों के खिलाफ है। अमेरिका अपने किसानों को भारी सब्सिडी देता है, जबकि भारतीय किसानों को असमान प्रतिस्पर्धा में धकेला जा रहा है। यह देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता पर आघात है और इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

जिला महासचिव विनोद प्रजापति ने कहा कि बिना संसद और जनता को विश्वास में लिए इस तरह का समझौता करना लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। सरकार को डील की शर्तें सार्वजनिक करनी चाहिए।

जिला उपाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा कि यह समझौता युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के भविष्य से जुड़ा विषय है। यदि स्थानीय उद्योग कमजोर होंगे तो रोजगार के अवसर भी घटेंगे, जिसका सीधा असर परिवारों पर पड़ेगा।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह (बागी), जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ सुभाष चंद, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल गौतम, मुरली मनोहर, संजय कुमार पाल, लाल मोहम्मद, कमलेश, दिनेश, नंद लाल, लाले विंद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश अस्थाना, अनुराग मणि, अमित विश्वकर्मा, दर्शनी, चंद्रावती, जय सिंह गौतम सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## अभद्र टिप्पणी पर गायक के खिलाफ मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में थाना बक्सा पुलिस ने गायक निलेश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दबिश देना शुरू कर दिया है। ग्राम बेलछा निवासी निलेश यादव पुत्र राम अवध यादव ने अपने फेसबुक आईडी से न्यूज वन इंडिया के जिला संवाददाता देवेंद्र खरे के खिलाफ कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद संबंधित पक्ष द्वारा थाने में तहरीर दी गई।तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दीजा रही है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और मानहानिकारक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारी और संयम के साथ करें।

# टेक्निकल रूप से सक्षम होने चाहिए जनगणना ड्यूटी कर्मी : जिलाधिकारी

- जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 के दृष्टिगत प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि फिल्ड ट्रेनरों, गणना इनुमनेटर एवं सुपरवाइजर की समय से नियुक्ति करते हुए सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने स्व गणना पोर्टल का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि स्व गणना पोर्टल के माध्यम से सामान्य निवासी ऑनलाइन अपनी गणना/जनगणना पत्रावली भर सकते हैं। बताया गया कि 2027 तक जनपद आजमगढ़ के अनुमानित जनगणना लगभग 60 लाख 50 हजार है। जिलाधिकारी ने कहा की गणना के लिए ग्रामों में एक मजरे को एक ब्लॉक बनाकर चिन्हित किया जाए, जिससे गणना करने में आसानी होगी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनगणना 2027 जैसे महत्वपूर्ण कार्य को ससमय एवं सुचारू रूप से कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शासनादेश में दिए गए निर्देशों को अक्षरशः पढ़ लें एवं जनगणना के कार्य को रुचि लेकर करें। उन्होंने कहा कि जनगणना में लगाए जाने वाले सभी कार्मिकों का प्रशिक्षण करायें। उन्होंने कहा कि जिनकी भी ड्यूटी जनगणना में लगाई जाए वह टेक्निकल रूप से सक्षम होने चाहिए। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री आरडी यादव द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर 2025 तक किये कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी एवं बताया गया कि आगे जनगणना का कार्य निदेशालय के निर्देश के क्रम में दिनांक 24 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण प्रदेश स्तर पर होगा। इनके प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त इनके द्वारा जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण मार्च 2026 में देकर प्रशिक्षित किया जायेगा और उसके बाद प्रगणक एवं सुपरवाईजर की पहचान एवं प्रशिक्षत कर चार्ज स्तर पर 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/जिला जनगणना अधिकारी श्री गम्भीर सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी एवं समस्त तहसीलदार/चार्ज जनगणना अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी /चार्ज जनगणना अधिकारी एवं जिला स्तर पर गठित जनगणना सेल के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत त्रिलोचन महादेव मंदिर का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा तहसील केराकत अंतर्गत स्थित त्रिलोचन महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की गई तथा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं सुरक्षा प्रबंधों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियों का गहन निरीक्षण किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मूलभूत सुविधाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिरों एवं शिवालयों में साफ-सफाई कराई जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से दर्शन कराया जाए तथा भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में उपजिलाधिकारी केराकत एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी केराकत शैलेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खेल उत्सव



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** नैनी, प्रयागराज स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में दिनांक 14.02. 26 को छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा रोमांचक खेल उत्सव भारी उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर और विद्यालय प्रबंधक एस. के. मिश्रा जी द्वारा मशाल प्रज्जवलन के साथ हुआ। प्री- नर्सरी, नर्सरी के नन्हे- मुन्नों ने फ्रॉगरेस, बनी रेस, हूला हूप, पीटी ड्रिल में बढ़- चढ़कर भाग लिया । खेलों के साथ-साथ बच्चों ने स्वागत नृत्य और मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी। अभिभावकों के लिए भी खेलों का आयोजन किया गया था । ओजमयी मंच संचालन का कार्य कक्षा 11वीं के छात्र अथर्व शर्मा व मीनाक्षी शर्मा द्वारा की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या साइमा मसीए ने बच्चों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

## वार्षिक क्रीडा- महोत्सव के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में आयोजित वार्षिक क्रीडा- महोत्सव के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने हेतु दो दिवसीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 12 फरवरी 2026 तथा 13 फरवरी 2026 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे के स्वागत से हुआ। प्रथम दिवस पर विद्यालय के प्राइमरी वर्ग के नन्हें-मुन्हें बच्चों को उनके द्वारा विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु विद्यालय के कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके बाद द्वितीय दिवस पर जूनियर वर्ग तथा सीनियर वर्ग तक के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत ट्रैक इवेंट्स में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ बालक एवं बालिका वर्ग में विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की निदेशिका जी द्वारा स्वर्ण एवं रजत पदक से सम्मानित किया गया। फील्ड इवेंट्स में शॉट पुट और लंबी कूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। सीनियर वर्ग में रिले रेस और रस्साकशी , 100, 200, 400 व 800 मीटर दौड़, शॉट पुट, लंबी कूद, ऊंची कूद और भाला फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को विजय की शुभकामनाएं देते हुए प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने पुरस्कृत किया।



## पीएचडी प्रवेश परीक्षा में नियमों का उल्लंघन का आरोप

**आजमगढ़।** पी.एच.डी प्रवेश परीक्षा को लेकर अभ्यर्थी ने विश्वविद्यालय के कार्य प्रणाली पर सवाल उठाया है। सूची में नियमों के उल्लंघन सहित डराने धमकाने का आरोप लगाते हुए डीएम को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे श्री दुर्गा जी पीजी कॉलेज चंदेश्वर के छात्र अभय कुमार यादव ने बताया कि उनके द्वारा महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में पी.एच.डी प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्र अभय ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर नियमों में अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। छात्र ने बताया कि एग्रोनॉमी विषय की शोध प्रवेश परीक्षा 2024-25 की सूची में दर्शाए गए प्राप्तांको और ओएमआर के वास्तविक अंकों में भिन्नता है।

# मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** आम आदमी पार्टी, आजमगढ़ के द्वारा 14 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट चौराहे पर प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव की गरिमामय उपस्थिति एवं जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा की गई तथाकथित मोदी ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन आयोजित किया गया। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस समझौते को देश के किसानों, छोटे व्यापारियों, एमएसएमई और आम नागरिकों के हितों के विरुद्ध बताते हुए गहरा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान जिला मुख्यालय पर महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ की गई इस ट्रेड डील को लेकर देशभर में गंभीर आशंकाएँ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते की शर्तों पर न तो संसद में व्यापक चर्चा कराई गई और न ही जनता को विश्वास में लिया गया।यदि इस समझौते के तहत भारतीय कृषि बाजार को असंतुलित तरीके से विदेशी उत्पादों के लिए खोला जाता है और भारतीय किसानों को समुचित सुरक्षा व सब्सिडी नहीं मिलती, तो इससे देश के करोड़ों किसानों की आजीविका पर सीधा संकट उत्पन्न होगा। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे व्यापारी, स्थानीय उद्योग और मध्यम वर्ग पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाशंकर पाठक ने कहा कि इस ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए, इसके सभी प्रावधानों को सार्वजनिक किया जाए तथा किसानों, एमएसएमई, व्यापारिक संगठनों और विशेषज्ञों से व्यापक परामर्श के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाए। पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से आग्रह किया है कि संविधान प्रदत्त अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार को इस विषय पर आवश्यक, त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित करें, ताकि देश हित सुरक्षित रह सके और जनता की आशंकाओं का समाधान हो सके। आज के कार्यक्रम में राम जनम यादव, रमेश मौर्य, अनिल यादव, दीनबंधु गुप्ता, रामप्रसाद यादव, अमरनाथ यादव, अभिषेक राजभर, उमेश यादव, अन्नू राय, तनवीर रिज़वी आदि साथी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस आयोजन के कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,डॉ. अनिल कुमार व सी.आर.ओ. द्वारा स्वयं उपस्थित होकर आमजन की समस्याएँ सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। थाना कोतवाली पर सभी प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 50त्न से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। शेष प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित पाए गए, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को तत्काल मौके पर भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर पारदर्शी एवं त्वरित समाधान की कार्यवाही की गई। पुलिस-प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। जनसुनवाई के पश्चात मिशन शक्ति कार्यालय का निरीक्षण किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जन-सुनवाई में पर्यटन मंत्री ने बिजली कनेक्शन तुरंत देने के निर्देश

- निजी खर्च से खंभे लगवाने के बाद भी कनेक्शन नहीं
- जयवीर सिंह ने बिजली विभाग को लगाई फटकार
- गर्मी से पहले विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश
- जन-शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर मंत्री का ज़ोर
- पात्रों को ही मिले योजनाओं का लाभ, लापरवाही पर कार्रवाई
- विद्युत कनेक्शन में देरी बर्दाश्त नहीं : मंत्री
- शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** आज जन-सुनवाई के दौरान जब पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख ग्राम लहरा नि. पिंटू ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि प्रार्थी सहित 03 अन्य व्यक्तियों ने विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, सभी ने मिलकर अपने घरों तक निजी खर्चे से 03 खम्बे लगवा लिये लेकिन विद्युत विभाग विद्युत कनेक्शन, केबिल डालने को तैयार नहीं है, विभाग द्वारा तकरीबन रू. 01.50 लाख का खर्चा बताया जा रहा है, जिसे भी हमें ही वहन करने को कहा गया है, प्रार्थी उक्त धनराशि व्यय करने में असमर्थ है, प्रार्थी ने विद्युत कनेक्शन स्वीकृत कराये जाने की मांग की, जिस पर उन्होने अधीक्षण अभियंता विद्युत को प्रकरण की जांच कर तत्काल उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को कहा। उन्होने कहा कि विद्युत कनेक्शन के प्रकरण में किसी भी स्तर पर विलम्ब न किया जाये, उपभोक्ताओं को तत्काल औपचारिकताएं पूर्ण कर विद्युत कनेक्शन स्वीकृत किये जायें, निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, आगामी गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रख अभी से विद्युत पोल, तार ठीक कराये जायें ताकि गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति सुचारू रहे। उन्होने कहा कि किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के निदान के लिए भटकना न पड़े, उसकी समस्या का प्राथमिकता पर निस्तारण हो, केन्द्र-प्रदेश सरकार की संचालित लाभार्थीपरक, जन कल्याणकारी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेद-भाव के मिले, पात्रों के चयन में पूरी सतर्कता, पारदर्शिता बरती जाये यदि किसी के द्वारा पात्रों के चयन में लापरवाही बरती गयी या किसी अपात्र को योजना में लाभान्वित करने की संस्तुति की जाये तो उसके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हो। पर्यटन मंत्री ने कहा कि अधिकारी जन-शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए संवेदनशील रहें, किसी भी फरियादी को समस्या के निदान के लिए भटकना न पड़ें, सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा, गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जन-सुनवाई के दौरान ग्राम मंछना नि. जसवंत सिंह तोमर ने ग्रामसभा मंछना की भूमि गाटा संख्या-2254, 2255 पर अनाधिकृत रूप से की जा रही प्लॉटिंग को रूकवाने, प्रबन्धक जनता इंटर कॉलेज नौनेर अरविन्द कुमार सिंह ने मा. उच्च न्यायालय इलाहबाद रिट संख्या-42844 आदेश का अनुपालन कराने, कीरतपुर नि. धर्मेन्द्र ने गाटा संख्या-121, 122 की पैमाइश कराये जाने, ग्राम छाछा नि. मलिखान सिंह, संजीव कुमार, सौरभ, राजेश कुमार, अन्नपूर्णा, अनिल कुमार गुप्ता आदि ने छाछा में निरस्त किये जा रहे पट्टों को रूकवाने, ग्राम मंछना नि. बलराम सिंह गाटा संख्या-794, 795 को खतौनी में दर्ज कराने, भांवत नि. जसकरन सिंह ने भू-माफिया द्वारा गुण्डागर्दी के बल पर भूमि पर किये जा रहे अनाधिकृत कब्जे को रूकवाने, पहाड़पुर नि. रामबाबू ने पत्नी के साथ की गयी मारपीट के दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कराये जाने, उत्तरी छपट्टी नि. सीमा गुप्ता ने गाटा संख्या- 2868 की पैमाइश कराने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिन्हे सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल गुणवत्तापरक निराकरण हेतु उपलब्ध कराया। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, शिवदत्त भदौरिया, उदय चौहान, अर्जुन चौहान, प्रवेश शर्मा के अलावा उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार, विद्युत विभाग से लालू जादौन आदि उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर/समाडि/स., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :–

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम : निविदा सूचना संख्या - 05-2026-CW** ''कॉम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेन्स कॉन्ट्रैक्ट ऑफ कम्प्रेशर्स (मेक : किर्लोस्कर), प्लेटफार्म ट्रक्स (मेक : जोस्ट) एंड फोर्कलिफ्ट्स (मेक : गोदरेज) ऐट कोचिंग डिपो जीकेपी, एएसएच, जीटीएनआर एंड बीएनवाई फॉर ए पीरियड ऑफ टू ईयर्स'', **अनुमानित लागत :** रु. 44,60,693.98, **अग्रिम धन :** रु. 89,200.00, **निविदा की अवधि :** 02 वर्ष।

• ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय **10.03.2026, 15:00 बजे** तक एवं यह ई-निविदा दिनांक **10.03.2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी।** • इस ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताएं तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरि. मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर/समाडि/स.**
**मुजाधि/यांत्रिक-141 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें **सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| **निविदा सं. :** 106-सिग/टेंडर/64/2025-26 |
| **कार्य का नाम:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के पी.एफ.एम.–अरखा सेक्शन में डायडो ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट के स्थान पर यू.एफ.एस.बी.आई. का प्रावधान। |
| **अनुमानित लागत :** रु. 69,70,818.73/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत :** शून्य |
| **धरोहर राशि :** रु. 1,39,400/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 240 दिन |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 06.03.2026, 15:30 Hrs |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**सं.: 106-सिग/टेंडर/64/2025-26 दिनांक: 13.02.2026** **502/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अवध नामा



### अमेरिका से व्यापार समझौते पर कपिल सिब्बल ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शनिवार को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो सरकार देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात करती है, वह अब ट्रंप पर निर्भर होती नजर आ रही है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिब्बल ने आरोप लगाया कि सरकार ने भारत की विदेश और आर्थिक नीतियों को अमेरिका के साथ संरेखित करने पर सहमति जताई है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कार्यकारी आदेशों का हवाला देते हुए संकेत दिया गया है कि यदि भारत रूसी तेल की खरीद जारी रखता है तो 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ फिर से लगाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन-1 और 2 के उद्घाटन का जिक्र करते हुए सिब्बल ने सवाल किया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश के प्रति कौन सा कर्तव्य निभाया है।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

## तेईस सौ से अधिक लोगों ने इंटर एक्टिव सड़क सुरक्षा लर्निंग सत्रों में लिया भाग



**गोरखपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में एक रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम में हिस्सा लिया। यह प्रोग्राम युवा सड़क इस्तेमाल करने वालों के बीच सुरक्षित सड़क इस्तेमाल करने के तरीकों को सपोर्ट करने की अपनी लगातार कोशिशों का हिस्सा है। इस पहल में सेंट्रल हिंदू स्कूल और नव जीवन मिशन इंटरनेशनल स्कूल के 2300 से ज़्यादा पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया, जिसमें ज़िम्मेदार सड़क व्यवहार और बेसिक ट्रैफिक अवेयरनेस पर फोकस किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रारंभिक स्तर पर आवश्यक सड़क सुरक्षा व्यवहारों से परिचित कराना था, ताकि वे वर्तमान और भविष्य के सड़क उपयोगकर्ताओं के रूप में अपनी भूमिका को समझ सकें। कम उम्र में जागरूकता सुरक्षित आदतों को विकसित करने, सड़क पर सोच-समझकर निर्णय लेने को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ साझा सीख के माध्यम से परिवारों और समुदायों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। प्रतिभागियों ने सुरक्षित राइडिंग मार्गदर्शन, खतरा-पूर्वानुमान प्रशिक्षण, खेलों और क्विज़ सहित इंटरएक्टिव सत्रों में भाग लिया।

सभी सत्र इस प्रकार तैयार किए गए थे कि सड़क सुरक्षा सीखना सरल, रोचक और दैनिक जीवन से जुड़ा लगे, जिससे प्रतिभागी इन व्यवहारों को रोज़मर्रा की परिस्थितियों में अपनाने के लिए प्रेरित हों। इस अभियान की सफलता में सेंट्रल हिंदू स्कूल और नव जीवन मिशन इंटरनेशनल स्कूल की सक्रिय भागीदारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस सहयोग के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्रों और शिक्षकों तक सड़क सुरक्षा शिक्षा पहुँचाई जा सकी, जिससे जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने में सामूहिक प्रयासों के महत्व को और मजबूत किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता एचएमएसआई की देशभर में सुरक्षा शिक्षा को बढ़ावा देने की व्यापक रणनीति का एक अहम हिस्सा है। स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न संस्थानों के साथ नियमित सहभागिता के साथ-साथ सामुदायिक स्तर की गतिविधियों के माध्यम से, कंपनी सुरक्षित राइडिंग और ड्राइविंग व्यवहार को प्रोत्साहित करने वाली पहलों का लगातार समर्थन करती है। अपने वैश्विक सुरक्षा संदेश सभी के लिए सुरक्षा से प्रेरित होकर, होंडा ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ मोबिलिटी और सुरक्षा साथ-साथ आगे बढ़ें। शिक्षा और प्रारंभिक जागरूकता के माध्यम से, होंडा कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा चेतना विकसित करने का प्रयास करता है, ताकि सुरक्षित व्यवहार एक सचेत प्रयास न होकर स्वाभाविक आदत बन सकें।

# शालीमार कॉर्प को ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट

- भरोसे और सहयोग पर आधारित कार्यसंस्कृति को मिली पहचान
- जनवरी 2026 से जनवरी 2027 की अवधि के लिए मान्यता

**लखनऊ।** शालीमार कॉर्प लिमिटेड को जनवरी 2026 से जनवरी 2027 की अवधि के लिए प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि कंपनी के उस वर्क कल्चर की पहचान है, जिसे भरोसे, ईमानदारी, एक दूसरे के सहयोग और विकास से जुड़े भविष्य की सोच के साथ लगातार मजबूत किया गया है।

यह सर्टिफिकेट शालीमार कॉर्प की टीमों के सामूहिक प्रयास और उस लीडरशिप विज़न को दिखाता है, जिसमें लोगों को प्राथमिकता दी जाती है।

यह सर्टिफिकेट भारत में कार्य करने की श्रेष्ठ जगहों को विभिन्न कसौटियों पर परखने के बाद ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की ओर से दिया जाता है।

कंपनी का मानना है कि किसी भी संगठन की असली ताकत उसकी टीम होती है, और इसी सोच के




साथ एक ऐसा वर्क एनवायरनमेंट तैयार किया गया है, जहां हर कर्मचारी खुद को सुरक्षित, सम्मानित और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित महसूस करता है।

देश के अलग-अलग शहरों में यादगार परियोजनाओं और सशक्त समुदायों के निर्माण के साथ-साथ शालीमार कॉर्प एक सकारात्मक और सहयोगी कार्यस्थल बनाने पर भी समान रूप से ध्यान देता रहा है।

यह इस बात प्रमाण है कि कंपनी केवल परियोजनाएं ही नहीं, बल्कि लोगों के भविष्य को भी संवारने में विश्वास रखती है।

ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट शालीमार कॉर्प की उस प्रतिबद्धता को और मज़बूती देता है, जिसके तहत एक ऐसा संगठन तैयार किया जा रहा है, जो लंबे समय तक सफलता, विश्वास और मानवीय मूल्यों पर आधारित रहेगा।

# होम्सटूलाइफ ने अपने 35+ स्टोर नेटवर्क के साथ अपनी पहुंच बढ़ाई, उत्तर प्रदेश में पहला स्टोर लॉन्च किया

**लखनऊ।** प्रीमियम सिंगापुरी फर्नीचर ब्रांड, होम्सटूलाइफ ने उत्तर प्रदेश में अपने पहले स्टोर की ग्रैंड ओपनिंग की घोषणा की है। यह स्टोर लखनऊ के हाई स्ट्रीट, सुल्तानपुर रोड पर, मशहूर गैलेक्सी हॉस्पिटल के बगल में है। इस लॉन्च के साथ, होम्सटूलाइफ ने 2023 में अपनी शुरुआत के बाद से भारत के 22 शहरों में 35+ स्टोर तक अपनी नेशनल मौजूदगी को मजबूत किया है। होम्सटूलाइफ ग्रुप, जो एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस है और 50 से ज़्यादा देशों में आराम की कला को बताता है, उसके सपोर्ट से होम्सटूलाइफ भारतीय घरों में इंटरनेशनल डिज़ाइन एक्सपर्टीज़ और मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस लाता है। इस साल होम्सटूलाइफ अपनी ग्लोबल विरासत के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है, होम्सटूलाइफ तेज़ी से विस्तार और एक मज़बूत रिटेल फुटप्रिंट के ज़रिए



भारत में इस विरासत को आगे बढ़ा रहा है। लखनऊ स्टोर ब्रांड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है पहली बार उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी दर्ज कराना। सुल्तानपुर रोड पर खास जगह पर मौजूद, जो तेज़ी से बदल रहा होम और लाइफस्टाइल हब है और टाइल्स, होम डेकोर, सैनिटरीवेयर और सॉफ्ट फर्निशिंग बेचने वाले बड़े ब्रांड्स से घिरा है, HomesToLife एक प्रीमियम फर्नीचर डेस्टिनेशन की बड़ी कमी को पूरा करता है, और शहर के बढ़ते होमओनर्स और डिज़ाइनर्स के लिए होम इकोसिस्टम को पूरा करता है। लखनऊ, जो कला और संस्कृति की तारीफ़ के लिए मशहूर है, होम्सटूलाइफ के उसूल से पूरी तरह मेल खाता है जिसमें शानदार डिज़ाइन को कलात्मक तरीके से मिलाया जाता है। नया स्टोर शहर की बदलती खूबसूरती को ध्यान में रखते हुए, काम करने की क्षमता और डिज़ाइन कला का एक अच्छा मेल देने का वादा करता है। यह स्टोर लखनऊ में होम्सटूलाइफ के फ्रैंचाइज़ी पार्टनर , अकाय फर्निशिंग कॉन्सेप्ट के साथ साझेदारी में स्थापित किया गया है, जिसका प्रतिनिधित्व रिटेल फर्नीचर और फर्निशिंग व्यवसाय में 20 वर्षों से अधिक के अनुभव वाले अनुभवी उद्यमी श्री मित्रेश त्रिपाठी द्वारा किया जाता है।

अपना विज़न शेयर करते हुए, मिस्टर मित्रेश त्रिपाठी ने कहा, फर्नीचर और फर्निशिंग इंडस्ट्री में दो दशकों से होने के कारण, मैंने लखनऊ की तेज़ी से ग्रोथ और क्वालिटी, प्रीमियम फर्नीचर की बढ़ती डिमांड देखी है। मैं शहर में होम्सटूलाइफ जैसा इंटरनेशनल, डिज़ाइन-लेड फर्नीचर ब्रांड लाने वाला पहला व्यक्ति बनना चाहता था और कस्टमर्स को उनकी उम्मीदों से मेल खाने वाला वर्ल्ड-क्लास एक्सपीरियंस देना चाहता था।

# फ्लिकर ब्राउर्स हाकी अकादमी ने असम पर 18-0 से जीत दर्ज की

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहीद एस्ट्रोटर्फ हाकी स्टेडियम में खेले जा रहे 36वां करम ऑल इण्डिया केडी सिंह बाबू अण्डर-14 पांच लाख प्राइजमनी हाकी टूर्नामेंट के अंतिम दिन लीग मैचों में फ्लिकर ब्रादर्स हाकी अकादमी ने असम हाकी पर गोलों की दनादन बारिश करते हुए एकतरफा 18-0 गोल से जीत हासिल कर ली। अन्य मैचों में एमएमएस अकादमी शाहबाद ने राजस्थान को 6-4 गोल, पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली ने मणिपुर को 5-0 गोल और चौथे व अंतिम मैच में राउंड ग्लास अकादमी ने डेवलपमेंट आथारिटी तमिलनाडु को 3-1 गोल से हरा दिया।

मैच नम्बर 19 में गोलों की जमकर बारिश हुई। विजेता टीम फ्लिकर ब्रादर्स हाकी अकादमी ने असम पर 18-0 गोल से एकतरफा जीत हासिल की। फ्लिकर की ओर से विशाल और कप्तान विराट सिंह ने प्रतिद्वंद्वी की रक्षापंक्ति भेदते और साथी खिलाड़ियों के पास को



गोलपोस्ट में पहुंचाकर सर्वश्रेष्ठ 6-6 गोल दागे। सर्वेशदीप सिंह ने 3 गोल, आयानवीर जोसन, कीरत और नवजीत ने 1-1 गोल की सफलता हासिल की। मैच नम्बर 18 बेहद रोमांचक रहा। दोनों ओर से आक्रमाक खेल देखने को मिला। एमएमएस अकादमी शाहबाद ने राजस्थान को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4 गोल से हरा दिया।

विजेता टीम एमएमएस शाहबाद की ओर से गुरकीरत सिंह और राजन पंदीर ने 2-2 गोल के अलावा कप्तान ऋषि और प्रियांशू ने एक-एक गोल की सफलता हासिल की। मैच नम्बर 20 एकतरफा रहा, हालांकि दोनों टीमों पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली और मणिपुर ने खेल की शुरूआत आक्रामक तरीके से की। मगर मोहाली ने प्रतिद्वंद्वी टीम की कमजोरी पकड़कर गोंद उनकी पहुंच से दूर रखी।

नतीजे में मोहाली ने 5-0 गोल से जीत हासिल कर ली। विजेता टीम मोहाली की ओर से युवराज सिंह ने 2 गोल के अलावा मणिकृत सिंह, जगवीर सिंह और जसराज सिंह ने 151 गोल की सफलता हासिल कर टीम को जीत दिलायी।

मैच नम्बर 21 में राउंड ग्लास हाकी अकादमी ने शुक्रवार की विजेता टीम स्पोर्ट्स डेवलपमेंट ऑथारिटी को 3-1 गोल से हरा दिया। राउंड ग्लास की ओर से दिग्विजय सिंह, रंजीत सिंह और सुलेमान ने एक-एक गोल दाग कर टीम को 3-1 गोल से जीत दिला दी।

### भारत के दवा, विमान के पुर्जों और आभूषण सेक्टर को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच 500 अरब डॉलर (करीब 45,29,069.80 रुपये) के व्यापार समझौते के लिए एक अंतरिम ढांचे पर सहमति बन गई है। यह समझौता न केवल दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय है, बल्कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में पैठ बढ़ाने का एक बड़ा मौका भी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और भविष्य के व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की नींव रखना है। भारत को इस समझौते के तहत अपने प्रमुख निर्यात क्षेत्रों- फार्मास्यूटिकल्स (जेनेरिक दवाएं), रत्न और आभूषण, और विमान के पुर्जों- के लिए अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिली है। अमेरिका ने अंतरिम समझौता पूरा होने के बाद इन भारतीय उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ (आयात शुल्क) हटाने की प्रतिबद्धता जताई है।

# सोनालीका ने बिल्कुल नई और दमदार सोनालीका गोल्ड सीरीज़ लॉन्च की

**लखनऊ।** पिछले 30 वर्षों से, सोनालीका ट्रैक्टर्स भारत में कृषि परिवर्तन का एक मजबूत स्तंभ रहा है, जो विभिन्न प्रकार की मिट्टी और फसलों की चुनौतियों के बीच किसानों की बदलती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जीतने का दम प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। किसानों के 30 वर्षों के भरोसे का उत्सव मनाते हुए, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने बिल्कुल नई और दमदार सोनालीका गोल्ड सीरीज़ लॉन्च की है, जो ब्रांड की मूल सोच जब किसान आगे बढ़ता है, देश आगे बढ़ता है का सशक्त प्रतीक है।

सोनालीका गोल्ड सीरीज़ के नए ट्रैक्टर सोने में एक मूल्यवान निवेश एवं समय के साथ इसकी बढ़ती कीमत के भारतीय विश्वास से प्रेरित है। इसे आज एक किसानों के लिए भरोसेमंद कृषि सहयोगी और भविष्य में भी एक सुरक्षित कृषि निवेश के रूप में डिज़ाइन किया गया है। भविष्य के लिए तैयार इस ट्रैक्टर सीरीज़ में नवीन तकनीक और नए पार्ट्स का उपयोग किया गया है, जो किसानों को आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने और भविष्य की कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जीतने का दम पाने में सक्षम बनाएगा।

**सबसे बड़े इंजन और नए पार्ट्स के साथ बेहतर प्रदर्शन का स्वर्ण मानक**

सोनालीका गोल्ड सीरीज़ हर मायने में खरा सोना है जो समय के साथ बढ़ता विश्वास और सही क़ीमत प्रदान करता है और हर मौसम में मज़बूती देने वाली तकनीक से निर्मित है। कृषि उपकरणों के बड़े होने और किसानों के बढ़ते काम को देखते हुए, सोनालीका ने किसानों की तेज़ी से बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी नई सीरीज़ में दो ट्रैक्टर - गोल्ड DI 745 III और गोल्ड DI 55 III लॉन्च किए हैं। नया गोल्ड DI 745 III ट्रैक्टर इस श्रेणी के सबसे बड़े और नए 3 सिलेंडर E3.5 इंजन द्वारा संचालित है, जो 3532cc क्षमता और 220



Nm का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है, जिससे दमदार प्रदर्शन मिलता है। इसमें एक नया 16F+4R मल्टी-स्पीड ट्रांसमिशन भी है जो अलग-अलग उपयोगों में बेहतर दक्षता के साथ सुचारू दम सुनिश्चित करता है। हैवी-ड्यूटी लिंकेज के साथ 2000 किलोग्राम की लिफ़्ट क्षमता वाले नए ग्लोबल पीटीओ और हाइड्रोलिक्स, किसानों को बड़े उपकरणों का पूरे विश्वास के साथ उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। यहां तक कि एग्जॉस्ट सिस्टम को भी पुनः डिज़ाइन किया गया है ताकि किसान लंबे समय तक काम के दौरान लगातार बढ़िया प्रदर्शन हासिल कर सकें।

इसके साथ ही, नए गोल्ड DI 55 III ट्रैक्टर में सबसे बड़ा नया E3.5 इंजन और डबल क्लच IPTO के साथ 12F+3R मल्टी-स्पीड ड्राइवलाइन दी गई है, जो चुनौतीपूर्ण कार्यों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 235 Nm का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है। इसमें 2,200 किलोग्राम लिफ़्ट क्षमता वाली बिल्कुल नई हाइड्रोलिक और हैवी-ड्यूटी लिंकेज हैं, जो इसे भविष्य में बड़े उपकरणों को चलाने के लिए भी तैयार करती हैं। किसानों के आराम को सर्वोपरि रखते हुए, दोनों ट्रैक्टरों को मज़बूत डिजाइन, सुरक्षा का प्रतीक गोल्ड बैज, जेटलाइन थ्रॉटल, गोल्डन ग्लो हेडलाइट्स, एर्गो डेक प्लेटफॉर्म, नेक्स्ट जनरेशन क्लस्टर और गैस स्ट्रट्स के साथ ईज़ी लिफ्ट बोनट जैसे आधुनिक फीचर्स के साथ बनाया गया है, जो बेहतर प्रदर्शन और ट्रैक्टर ख़रीदने के गौरव को बढ़ाते हैं।

नई गोल्ड सीरीज़ पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, ÷भारतीय किसानों के साथ 30 वर्षों से अधिक की साझेदारी में, हमने एक बुनियादी सत्य सीखा है - किसान ऐसी मज़बूती चाहते हैं जिस पर भरोसा किया जा सके और जो पीढ़ियों तक स्थिरता प्रदान करे। हमारी भारतीय संस्कृति में, गोल्ड सुरक्षा का स्तंभ, स्थिरता का प्रतीक और भविष्य की सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है, और किसान अपने ट्रैक्टरों से भी इसी तरह की निश्चितता के हकदार हैं। सोनालीका गोल्ड सीरीज़ इसी सोच का सजीव रूप है। 30 वर्षों की विरासत से निर्मित और भविष्य के लिए तैयार इंजीनियरिंग से लैस, गोल्ड सीरीज़ एक समझदारी भरे निवेश का प्रतिनिधित्व करती है जो श्रेणी के सबसे बड़े इंजनों को नेक्स्ट जनरेशन के ट्रांसमिशन और सटीक हाइड्रोलिक्स के साथ जोड़ती है, जिससे यह विश्वास की एक विरासत के रूप में उभरती है।

### लखनऊ उत्तरप्रदेश में खुला अधीची इंफ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टाटा हिताची डीलरशिप) का नया अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड सेंटर



**लखनऊ।** टाटा हिताची की ऑथराइज़्ड डीलरशिप अधीची इंफ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज लखनऊ में अपने अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड सेंटर का उद्घाटन किया। यहां सेल्स, सर्विस, स्पेयर पार्ट्स और मशीन की देखभाल सभी सुविधाएं हैं। इस केंद्र का उद्घाटन टाटा हिताची के प्रबंध निदेशक श्री संदीप सिंह ने किया और यहां ग्राहकों को एक साथ सभी सुविधाएं मिलेंगी। सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स अधिक आसानी से मिलेंगे। यह केंद्र ऐसी जगह है जहां से पूरे इलाके में टाटा हिताची की मौजूदगी और सेवा सुलभता बढ़ेगी। श्री संदीप सिंह ने बताया, ''टाटा हिताची ग्राहकों को समय पर, सबसे बेहतरीन सर्विस और पार्ट्स देने में विश्वास रखती है और इसके लिए प्रतिबद्ध है। नया इंटीग्रेटेड सेंटर हमारी यह प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने यह भी कहा, ''इस सेंटर के साथ हम ग्राहकों तक तेज़ी से पहुंचने और यह भरोसा देने की क्षमता बढ़ा रहे हैं ताकि जब भी जरूरत पड़े उनकी मशीनों का पूरा ध्यान रखा जाए।'' यह केंद्र फरुखाबाद, हिंद नगर, लखनऊ में है जहां स्ट्रक्चरल वेल्डिंग, इंजन की मरम्मत और हाइड्रोलिक मेंटेनेंस सहित मशीन को पूरा ओवरहॉल करने की सुविधा है। इसके अलावा यहां रीमैन्युफैक्चर्ड एग्रीगेट्स और नए पार्ट्स की इन्वेंट्री मौजूद होगी ताकि रिप्लेसमेंट तुरंत हो जाए और ग्राहकों के लिए डाउनटाइम कम से कम हो।

# इंडियन बैंक ने किया वेतन खाता सुविधा हेतु समझौता



**लखनऊ।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उ. प्र.के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधुनिक, सुरक्षित तथा लाभकारी बैंकिंग सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत इंडियन बैंक एवं प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के मध्य वेतन खाता सुविधा प्रदान किए जाने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से इंडियन बैंक द्वारा निदेशालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए वेतन खाता खोले जाने पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के व्यापक बीमा एवं वित्तीय सुरक्षा से युक्त अनेक विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। बैंक द्वारा वेतन खातों के पाँच विभिन्न वेरिएंट्स उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके अंतर्गत खाताधारकों को निःशुल्क व्यक्तिगत बीमा कवर, जीवनसाथी हेतु निःशुल्क बीमा, पुत्री के विवाह एवं बच्चों की उच्च शिक्षा से संबंधित विशेष बीमा एवं वित्तीय सुरक्षा लाभ प्रदान किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, खाताधारकों को व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण एवं गृह ऋण पर रियायती ब्याज दरों की सुविधा, पात्रता अनुसार ओवरड्राफ्ट सुविधा, निःशुल्क एटीएम/डेबिट कार्ड, इंटरनेट एवं मोबाइल बैंकिंग, तथा डिजिटल भुगतान सेवाओं का लाभ भी प्राप्त होगा।

समझौता ज्ञापन का औपचारिक आदान-प्रदान प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के भवन स्थित सभागार में निदेशालय के निदेशक अभिषेक सिंह एवं इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक, लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता के मध्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विशेष वेतन खाता सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया तथा इसे कर्मचारी कल्याण एवं उन्नत बैंकिंग सेवाओं की दिशा में एक सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल बताया।

इस कार्यक्रम में निदेशालय की ओर से अपर निदेशक मानपाल सिंह एवं राजेन्द्र प्रसाद तथा इंडियन बैंक की ओर से अंचल प्रबंधक, लखनऊ पंकज कुमार सिंह सहित विभिन्न अंचल कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी, निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने अपनी लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन जर्नी के पूरे किए 15 साल

kotak Mutual Fund

**लखनऊ** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होने की घोषणा की। इस योजना ने शुरू होने से अब तक 16.59% की सालाना औसत रिटर्न दिया है और अलग-अलग मार्केट साइकिल में लंबी अवधि में मजबूत प्रदर्शन किया है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने कहा कि, ÷कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होना हमारे लिए और उन निवेशकों के लिए गर्व की बात है, जो लगातार इस फंड से जुड़े रहे हैं। 31 दिसंबर 2025 तक, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड डायरेक्ट प्लान - ग्रोथ ऑप्शन ने पिछले 10 साल में 15.70 फीसदी और पिछले 5 साल में 16.87 फीसदी की सालाना औसत रिटर्न दिया है। इस फंड का मैनेजमेंट हर्ष उपाध्याय कर रहे हैं, जो कोटक महिंद्रा एएमसी के सीआईओ हैं। उनकी निवेश को लेकर सोच सटेबल इनकम, मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस और पूंजी के सही उपयोग पर आधारित है। हर्षा उपाध्याय ने कहा कि, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने पिछले 15 साल में अलग-अलग मार्केट फेज को सफलतापूर्वक पार किया है, क्योंकि यह हमेशा मजबूत और लंबे समय तक कमाई करने वाली कंपनियों में निवेश पर केंद्रित रहा है, जिनमें पूंजी का सही इस्तेमाल होता है।

# सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव से असंगठित ज्वैलर्स की बिक्री में गिरावट

**मुंबई।** सोने-चांदी की रिकॉर्ड कीमतों का प्रभाव असंगठित ज्वैलर्स के कारोबार पर पड़ रहा है। ऊंची कीमतों होने की वजह से स्टॉक की खरीदारी कम हो रही है, हालांकि जरूरत के हिसाब से स्टॉक रखा जाता है, साथ ही सीमित तरलता के कारण कारोबार पर असर पड़ा है। ज्वैलर्स का कहना है कि सोने और चांदी की ऊंची कीमतें और कम मांग होने के कारण उनकी बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। मुंबई के स्थानीय ज्वैलर बेलवेकर ज्वैलर्स के राकेश बेलवेकर कहते हैं, सोने और चांदी की कीमतों में तेजी होने की वजह से मध्यवर्ग ग्राहक खरीदारी से दूर हो गए हैं। यह आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गए हैं। जिसकी वजह से हमने बिक्री में 30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। कीमती धातुओं के भाव में मौजूदा तेजी के साथ जो अस्थिरता बनी हुई है, यानी हर दिन



कीमतों में तेज उछाल या फिर अचानक से गिरावट आने की वजह से कारोबार करना मुश्किल हो गया है। राकेश कहते हैं, कारोबार में रोलिंग बंद सी हो गई है, जिसकी वजह से नई डिजाइन या फिर वैरिएशन लाना बेहद चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। कुछ साल पहले जब सोने के दामों में वृद्धि हुई थी, तब चांदी अपने सामान्य भाव पर चल रही थी। तब ग्राहक चांदी की खरीदारी करते थे, जो उनकी बजट में आती थी और यह सोने के विकल्प के साथ अच्छे निवेश के तौर पर खरीदी जारी रही, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चांदी की कीमतें तेजी से बढ़ी है। इस कारण से वे लोग जो सोने की जगह चांदी सस्ती होने की वजह से खरीदारी करते थे, वे अब पूरी तरह से दूर हो गए हैं। जिसने हमारी बिक्री पर बुरा असर डाला है। मुंबई के झवेरी बाजार के चांदनी ज्वैलर्स के मुकेश जैन कहते हैं कि सोने और चांदी के भाव इतने बढ़ चुके हैं कि खरीदारी बंद सी हो गई है।

हमारे ग्राहक आम लोग है, जिनके पास उनका एक अपना बजट होता है। सोना-चांदी अब बजट से बाहार हो गया है। इसलिए हमारी बिक्री पर असर पड़ा है और इसमें 40 प्रतिशत की गिरावट आई है। मांग नहीं होने से हमारे पास बिना बिका हुआ पुराना स्टॉक पड़ा है।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 15 फरवरी 2026



# फर्जी हस्ताक्षर के खेल में फंसा 700 छात्रों का भविष्य

- पडरौना स्थित गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज का मामला
- डीआईओएस कार्यालय से बड़ी चूक
- सिस्टम की चूक या सुनियोजित खेल? शिक्षा विभाग की साख पर दाग




अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 18 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के पहले एक ऐसी प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है जहां, एक झटके ने 700 परीक्षार्थियों का भविष्य अंधेरे में धकेल दिया है। किसी ने कल्पना नही की थी कि इन छात्रों की सालभर की मेहनत, उम्मीदों की गठरी और भविष्य सबकुछ विद्यालय और डीआईओएस दफ्तर के जिम्मेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ जायेगी। यह प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि सात सौ छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। परीक्षा जैसे संवेदनशील मामले में इतनी बड़ी चूक यह साबित करती है कि जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे लोग या तो सो रहे थे या फिर सब कुछ जानते हुए सूरदास बने हुए थे।

मामला पडरौना नगर के रामकोला रोड संचालित गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज का है, जहां विद्यालय के प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक ने कथित रूप से नोडल अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर सात सौ परीक्षार्थियों के सपने को चकनाचूर कर दिया है। सवाल यह है कि इतनी बड़ी अनियमितता बिना प्रशासनिक संरक्षण के कैसे संभव हुई? यह प्रकरण नोडल अधिकारी की भूमिका और डीआईओएस कार्यालय के जिम्मेदारों के कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करती है। यदि नोडल अधिकारी के हस्ताक्षर फर्जी किए गए तो समय रहते आपत्ति क्यों नहीं उठाई गई? आखिर 700 छात्रों की परीक्षा संबंधी प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी पर डीआईओएस कार्यालय ने समय रहते निगरानी क्यों नहीं की? क्या विभागीय स्तर पर लापरवाही हुई या फिर मिलीभगत? यह मनबढ़ई यदि विद्यालय और विभाग की जानकारी में हुआ है, तो फिर इनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों नही की जाए? हालाकि मामले की गंभीरता को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के सचिव भगवती सिंह ने संयुक्त शिक्षा निदेशक, गोरखपुर मंडल सतीश सिंह को पूरे प्रकरण की तत्काल जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। विभागीय पत्र के अनुसार जांच टीम गठित कर दी गई है और रिपोर्ट के आधार पर सख्त कदम उठाए जाने का दावा किया जा रहा है लेकिन सवाल है कि क्या इस बार सच सामने आएगा या फिर फाइलों में दब जाएगा?

### डीआईओएस कार्यालय की भूमिका संदिग्ध

कहना ना होगा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहले भी विवादों में रहा है। हाल ही में एक निजी कर्मचारी द्वारा फर्जी हस्ताक्षर और अनियमितता का मामला सामने आया था। लगातार उठते सवाल बताते हैं कि समस्या केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरी कार्यप्रणाली में है। ऐसे मे 700 छात्रों की परीक्षा प्रक्रिया में आई गड़बड़ी की जिम्मेदारी सिर्फ लिपिक पर डालकर मामले को लीपापोती नही किया जा सकता बल्कि डीआईओएस और संबंधित नोडल अधिकारी की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### फर्जी हस्ताक्षर का खेल

प्रारंभिक जांच में गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज के प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक पर नोडल अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर करने का मामला सामने आया है। यदि यह सच है, तो यह केवल विभागीय अनियमितता अथवा लापरवाही नहीं बल्कि आपराधिक कृत्य है। दोष सिद्ध होने पर धारा 14 के तहत दो साल से लेकर सात साल कारावास व जुर्माने का प्राविधान है। ऐसे मे सवाल उठना मुनासिब है कि इतनी बड़ी चूक बिना प्रशासनिक संरक्षण के कैसे संभव हुई?

### छात्रों में आक्रोश, अभिभावक चिंतित

अभिभावकों का कहना है कि गलती यदि संस्थागत है तो सजा छात्रों को क्यों? इन छात्रों ने न तो नियम तोड़े, न गलती की फिर सजा उन्हें क्यो? उनके एक वर्ष का भविष्य अधर में लटक गया। इन 700 छात्रों ने सालभर पढ़ाई की, फीस भरी, तैयारी की लेकिन सिस्टम की लापरवाही ने उनका एक साल दांव पर लगा दिया है। अभिवावकों ने शिक्षा विभाग को जिम्मेदारों पर कार्रवाई करते हुए छात्रों के हित में समाधान निकालने की मांग की है।

# दो बाइक सवार आपस में भिड़े, ट्राले ने रौंदा

- एक की मौके पर मौत


राजन गुप्ता, फाइल फोटो


रोते बिलखते परिजन

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मंसूरगंज चौकी अंतर्गत चौकी से तीन सौ मीटर दूर उत्तर तरफ भारत पेट्रोल पंप के पास दो बाइक सवारों में टक्कर हो गई जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और पीछे से आ रहे तेज गति के ट्राले ने सवारों को रौंदते हुए आगे निकल गया। एक बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक सवार को उसके रिश्तेदारों ने पुलिस पहुंचने से पहले ही उठा ले गए। जबकि एक बाइक सवार की पहचान कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी राजन गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस ने ट्राले को अपने कब्जे में ले लिया और लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार की देर रात मंसूरगंज में संचालित भारत पेट्रोल पंप के पास दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए और सड़क पर गिर पड़े। पीछे से पिपराइच चीनी मिल पर गन्ना गिराकर लौट रहा ट्राला बाइक सवारों को रौंदते हुए आगे निकल गया। ट्राले की गति तेज होने से अनियंत्रित हो गया और थोड़ी दूर जाकर रुका। रात का लाभ उठा कर ट्राला ड्राइवर ट्राले को छोड़कर कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची मंसूरगंज चौकी की पुलिस ने सड़क पर गिरे सवार की पहचान कप्तानगंज थाना क्षेत्र मठिया गांव निवासी राजन गुप्ता पुत्र जयप्रकाश गुप्ता उम्र लगभग सत्ताइस साल के रूप में की। राजन गुप्ता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस ट्राला और बाइकों को चौकी पर लाई और लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि दूसरे बाइक सवार की जानकारी प्राप्त नहीं हो सका। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि दूसरा बाइक सवार महराजगंज जनपद का था। मौके पर पहुंचे उसके रिश्तेदारों ने पुलिस आने से पहले ही उसे उठा ले गए थे।राजन अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उससे छोटा विनय और धीरज है, दोनों बेरोजगार हैं। राजन की पत्नी नेहा और सात वर्षीय बेटा आर्यन और चार साल की बेटी आर्या है जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में मंसूरगंज चौकी प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

# युवाओं के हित में सराहनीय बजट पर सीएम योगी का किया आभार

अवधनामा संवाददाता


सीएम योगी से मिलकर आभार जताते रणजीत राय

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय ने गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में युवाओं के हित में किए गये महत्वपूर्ण प्रावधानों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई मुलाकात को रणजीत राय ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य, रोजगार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय बड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रस्तुत बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्टार्टअप को बढ़ावा, कौशल प्रशिक्षण, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, वे प्रदेश के लाखों युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले साबित होंगे रणजीत राय ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण आज उत्तर प्रदेश के युवा न केवल रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करेगा । उन्होंने कहा कि 2027 में भी मुख्यमंत्री जी के अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत हासिल करेगी।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत एक घायल

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार अमेठी कोतवाली क्षेत्र के ककवा रोड स्थित महाराजपुर गांव के पास सिंह धर्म कांटा के सामने शनिवार सुबह नरैनी गांव निवासी कमलेश सिंह उम्र 55 वर्ष पुत्र जगन्नाथ सिंह और रमाशंकर तिवारी उम्र 50 वर्ष निवासी ककवा बियसिया मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रमाशंकर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अहिरौली क्षेत्र में भीषण चोरी, टेंट हाउस से लाखों का सामान गायब

- रात्रि गश्त और पुलिस चौकी से 50 मीटर दूर हुई वारदात से पुलिस के कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर बरडीहा चौराहे पर स्थित एक टेंट हाउस की दुकान से लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात दुकान का शटर तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

गिदहां चक बैरिया निवासी शिवेन्द्रर सिंह पुत्र स्व. धनुषधारी सिंह जगदीशपुर बरडीहा चौराहे पर किराए के मकान में टेंट हाउस और डीजे की दुकान चलाते हैं। उन्होंने शनिवार शाम दुकान बंद की और घर चले गए। चोरों ने दुकान से एन एक्स ऑडियो, एमटी 1201 की दो मशीनें, एक्सचेज़र 4 के 12 पिन एक्सचेंजर, एक पेटी स्टैन सहित लाखों रुपये का अन्य सामान चुरा लिया। घटना की जानकारी दुकान मालिक को रविवार सुबह हुई जब उन्होंने दुकान का शटर खुला देखा। शिवेन्द्रर सिंह ने तत्काल स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। यह घटना पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठा रही है, क्योंकि चोरी स्थल से पुलिस के रहने का ठिकाना मात्र 50 मीटर की दूरी पर है। बरडीहा के ग्राम प्रधान राम नगीन गुप्ता ने बताया कि कुछ माह पूर्व उनके घर के सामने से भी टूल्लू पंप चोरी हुआ था, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रविन्द राय ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर चालक घायल

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के कप्तानगंजङ्कपिपराइच मार्ग पर मगडीहा गांव के समीप अनियंत्रित बाइक से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त सूचना के मुताबिक विशाल गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी बरडीहा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर जो अपनी बाइक पर सवार होकर घर से गोरखपुर की तरफ जा रहा था। अभी वह मगडीहा रानी चौराहे के समीप पहुंचा ही था कि तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना मिलने पर कांस्टेबल अनिल यादव मौके पर पहुंचकर 108 नंबर एम्बुलेंस के माध्यम से उसके बुलाकर उपचार के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच भेजवाया गया।

# नरायनपुर में शिव मंदिर का हुआ टॉयलीकरण, श्रद्धालुओं में हर्ष

- महाशिवरात्रि आज, श्रद्धालु करेंगे विशेष पूजा

अवधनामा संवाददाता



**मथौली, कुशीनगर।** महाशिवरात्रि के मौके पर आज रविवार को विशेष पूजा पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। इसको लेकर पिछले दिनों से ही हर क्षेत्र में शिव मंदिरों की रंगाई पोताई व अन्य आवश्यकताएं पूर्ण की जा रही है जिससे श्रद्धालुओं को पूजा पाठ में कोई समस्या उत्पन्न न हो।

इसी क्रम में विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत नरायनपुर में प्रधान प्रतिनिधि विनय कुमार द्वारा पिछले एक सप्ताह से शिव मंदिर का कायाकल्प करा जा रहा है। इसको लेकर श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया महाशिवरात्रि को लेकर हर तरह से व्यवस्थाएं सुदृढ़ कर ली गई है। मंदिर का रंग रोगन के साथ टॉयलीकरण व परिसर की साफ सफाई सुनिश्चित करा दिया गया। प्रधान प्रतिनिधि विनय कुमार के इस कार्य का खूब चर्चा है और श्रद्धालुओं में भी खुशी का माहौल है।

इस दौरान गोरख साहनी, उत्तिम साहनी, बृजराज, नदीम, हरिशंकर साहनी, अमर, सुनील कुशवाहा, असदलीय, बंधन, हरी प्रसाद, सोनू, संतोष, गुल मोहम्मद, इजराइल, सुनील मौर्या, जोखन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# वांछित गौ तस्करों के घर पुलिस की दबिश, जब्त होगी संपत्ति

- हिस्ट्रीशिटरों का किया गया सत्यापन, कुछ घर मिले बाकी अन्य प्रांतों में

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के चर्चित बसहिया गांव में पुलिस ने शनिवार को वांछित गौ तस्करों के दबिश दी। इस दौरान 22 हिस्ट्रीशिटरों में 6 मौके से मिले, बाकी 13 गैर प्रांत व 3 जेल में बंद पाए गए। पुलिस गैर मौजूद हिस्ट्रीशिटरों की संपत्ति का ब्योरा जुटाने में जुट गई है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सिद्धार्थ वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर डॉ अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जयन्त यादव तथा प्रभारी निरीक्षक को0 पडरौना मय पुलिस फोर्स थाना कोतवाली पडरौना क्षेत्र के बसहिया गांव में गो तस्करी एवं गैंगस्टर एक्ट से संबंधित अपराधियों के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। दबिश एवं सत्यापन अभियान में गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त इबरान अली उर्फ बरकल अली पुत्र एकराम (एचएस नं. 279ए) के घर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। अभियुक्त मौके पर उपलब्ध नहीं पाया गया।

**गैर-मौजूद हिस्ट्रीशीटरों पर कार्रवाई :** गैर-जनपद/गैर-राज्य में पाए गए हिस्ट्रीशीटरों के मोबाइल नंबर प्राप्त कर फर्द अ काटने एवं उनके संपत्ति विवरण एकत्रित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन

बसहिया के गो तस्करी से जुड़े कुल 22 हिस्ट्रीशीटरों की गहन निगरानी एवं सत्यापन किया गया। जिसमें 06 हिस्ट्रीशीटर मौके पर मौजूद पाए गए, 13 हिस्ट्रीशीटर गैर-जनपद/गैर-राज्य में पाए गए वहीं 03 हिस्ट्रीशीटर जेल में बंद पाए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पडरौना, चौकी प्रभारी सिंधुआ एवं समस्त बीट प्रभारियों को इन हिस्ट्रीशीटरों पर कड़ी निगरानी रखते हुए निरोधात्मक एवं विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### संपत्ति सत्यापन एवं जब्तीकरण

गो तस्करी में संलिप्त अपराधियों के चल-अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन कराया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पडरौना को अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपराधियों एवं उनके परिजनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी अभिलेखित की गई।

### विश्वविद्यालय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए कुंदन कुमार का चयन



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** कुशीनगर जनपद महात्मा बुद्ध की धरती रही है। यहां के खिलाड़ी सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी काबिलियत का लोहा मनवाकर जिले का मान बढ़ा रहे हैं। यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने के लिए विद्यावती देवी महाविद्यालय तमकुहीराज के बीएससी के छात्र कुंदन कुमार का चयन किया गया है। विद्यावती देवी महाविद्यालय वैष्णवी नगर, तमकुहीराज के प्रबंन्धक बबलू राय ने बताया कि फकीर मोहन विश्वविद्यालय बालासोर (उड़ीसा) में 16 फरवरी से आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ताइक्कांडो पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता 2025-26 के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय व ताइक्कांडो टीम का चयन गुरुवार को क्रीड़ा परिषद भवन पर संपन्न हुआ। जिसमें विद्यावती देवी महाविद्यालय के बीएससी के छात्र कुंदन कुमार पुत्र प्रमोद सिंह का चयन हुआ है। देश स्तर की प्रतियोगिता के लिए होनहार छात्र कुंदन कुमार का चयन क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि हैं। आशा और उम्मीद हैं कि वह क्षेत्र व महाविद्यालय परिवार को अपनी खेल प्रतिभा के बलबूते गौरवान्वित करेंगे। कुंदन कुमार ने बताया कि 10 साल पहले खुद की सुरक्षा के लिए ताइक्कांडो सीखना शुरू किया था। इसके बाद खेलने की शुरुआत कर दी, धीरे-धीरे इस खेल में रुचि बढ़ती गई। परिवार से भी काफी सपोर्ट मिलने लगा। अब मेरा सपना ताइक्कांडो खेल में देश के लिए खेलने की है। उनके चयन पर विद्यावती देवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय राय, डा. साधना सिंह, निदेशक सुधीर सिंह, उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र यादव, गुड्डू राय, पवन गिरी, राजेश यादव, राणा मिश्रा।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज

**अमेठी।** विकासखंड गौरीगंज स्थित पूरे रिसाल पहाड़गंज गांव में महाशिवरात्रि के दिन कल 15 फरवरी को श्री त्रियुगी नारायण ज्ञान योग मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है।उक्त आशय की जानकारी देते हुए पंडित कृष्ण चंद्र शुक्ल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह बाबूगंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी अभय चैतन्य मौनी महाराज के कर कमलो से होगा। समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मत्स्य नाथ त्रिवेदी संयुक्त विकास आयुक्त प्रयागराज मंडल एवं डॉ संतोष कुमार उपनिदेशक व आचार्य आरआईआरडी जनपद प्रतापगढ़ होंगे।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### वार्षिक खेल-कूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई संपन्न



**अमेठी।** संजय गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक, जगदीशपुर में चल रही तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि इंजीनियर संजय सिंह निदेशक सीटेड एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य इं राम रतन द्वारा की गई। आयोजन रोड नंबर-4 इंडस्ट्रियल एरिया जगदीशपुर स्थित पॉलिटेक्निक परिसर के खेल मैदान में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के सम्मुख 1500 मीटर की दौड़ संपन्न हुई जिसमें आदेश प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने अन्य सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक व ट्रॉफी प्रदान की। सर्वाधिक पदक प्राप्त कर शिवांश सिंह ने बालक वर्ग में एवं बालिका वर्ग में पावनी कसेरा ने सर्वस्रेठ खिलाड़ी का ख़िताब जीता। 76 अंकों के साथ विक्रम साराभाई हाउस ने चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम रतन ने सहर्ष वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए पिछले वर्ष के सभी परीक्षा परिणाम के बारे में बताया। छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे जीवन में कभी निराश ना होने की सलाह दी। मुख्य अतिथि ने संबोधन में छात्र- छात्राओं को इस मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिये तत्पर रहने हेतु गाँव से निकल कर गाँव की ओर आकर विकास करने की प्रेरणा दी। छात्र-छात्राओं का ध्यान विचार-मंथन व उद्यमशीलता की ओर लगाने की सलाह दी।

# नारायणी, बांसी संगम तक निकली भव्य जलयात्रा, आज होगा शिव जलाभिषेक



अवधनामा संवाददाता

- 501 कलशधारी कन्याएं व महिलाएं गाजे-बाजे संग संगम पहुंचीं, जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ स्थित प्राचीन शिवमंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत शनिवार को आस्था व श्रद्धा से परिपूर्ण भव्य जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा पवित्र नारायणी नदी व पौराणिक बांसी नदी के संगम बीरवट तक पहुंची। संगम से लाए गए पवित्र जल से रविवार को भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा के दौरान लगे जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाह्न नौ बजे मंदिर परिसर में कन्याओं व महिला श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। प्राण प्रतिष्ठकर्ता श्यामदास उर्फ बालकदास ने प्रथम दिवस का पूजन विधि-विधान से संपन्न कराया। इसके उपरांत 501 कलशधारी कन्याएं, महिलाएं व श्रद्धालु पानी के टैंकर के साथ गाजे-बाजे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों व दोपहिया-चारपहिया वाहनों के काफिले में संगम स्थल के लिए रवाना हुए। संगम स्थल पर अयोध्याधाम से पधारे यज्ञाचार्य पं. रामजस मिश्र व उपाचार्य पं. पुरुषोत्तम पांडेय ने मंत्रोच्चार व शंखध्वनि के बीच कलश व टैंकर में पवित्र जल भरवाया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा।

### भीषण जाम में फंस कर कराहते रहे राहगीर

**अमेठी।** नगर में शनिवार को भी भीषण जाम लगा रहा। सबसे अधिक समस्या गांधी चौक अंबेडकर तिराहे और राजर्षि तिराहे के पास हो रही थी जहां जाम की स्थिति काफी विकराल रही। सगरा तिराहे पर भी जाम की स्थिति थोड़ी-थोड़ी देर बाद बनती नजर आ रही थी। सहालग के कारण नगर में यात्रियों का आवागमन बढ़ा रहा। जिसके कारण नगर के विभिन्न चौराहों पर दिनभर जाम लगा रहा।सड़क की पटरियों पर सजी दुकानों के कारण मार्ग सकरा हो गया है।उस पर बेतरतीब वाहन खड़े होने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हुई।

इस समस्या के प्रति स्थानीय प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।लोगों की आवाजाही के कारण नगर में भीड़ बनी हुई है। जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है पुलिस बल की जगह जगह तैनाती के बावजूद जाम की स्थिति बरकरार रही और सुरक्षा बल यातायात सुचारू करने में बेबस नजर आए। बाइक सवारों को नगर के विभिन्न मोहल्लों की गलियों से होकर गुजरना पड़ रहा था। गलियों से गुजर कर बाइक सवार अपने गंतव्य की ओर रवाना होते दिखाई दिए।

# रूधौली के चौपाल में बजट की दिशा पर चर्चा

अवधनामा संवाददाता

- ऐतिहासिक है केन्द्र और यूपी का बजट : संजय प्रताप

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरूवार को रूधौली विधानसभा क्षेत्र के अरदा मैरिज हाल के परिसर में पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल के संयोजन में चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय बजट 2026 के प्रावधानों पर वक्ताओं ने जानकारी दी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कन्द्रीय और उत्तर प्रदेश के बजट को ऐतिहासिक बताते हुये कहा कि इस बजट से गरीबों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। कहा कि विपक्ष के लोग बजट के बारे में जानबूझकर भ्रम पैदा कर रहे हैं जबकि बजट में कोई ऐसा प्रावधान नहीं किया गया है जिससे देश के नागरिकों को किसी भी स्तर पर कोई परेशानी या नुकसान हो। कहा कि विपक्षी दलों के लोगों की टिप्पणियों से गुमराह न हों। उन्होने कहा कि बजट से लोगों के जीवन में बदलाव आयेगा। उन्होने ऐतिहासिक बजट के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। चौपाल में ब्लॉक प्रमुख गण, विधानसभा पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चो व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, महिला शक्ति करण सहित सभी क्षेत्र के अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और सक्रिय सहभागिता रही। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, यशकान्त सिंह, पुष्करादित्य सिंह , दुष्यन्त विक्रम सिंह आदि ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है । कार्यक्रम में विजय तिवारी ,रामनिवास गिरी राकेश उपाध्याय, अरविन्द चौरसिया, सुजीत सोनी, अतुल यादव, श्याम नाथ चौधरी, रामउग्रह जायसवाल, प्रदीप सिंह, रवि प्रताप सिंह, के0 डी0 पाण्डेय राकेश, शमी विचिलमणि पाण्डेय, चन्द्रभान गुप्ता, प्रिंस जायसवाल, रजनीश चौधरी, मनोज सिंह, राजकुमार चौधरी, शैलेष, पप्पू चौधरी, जय प्रकाश जायसवाल, बृजेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि को लेकर सज गये शिवालय

**अवधनामा संवाददाता, अमेठी।** जिले में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से पारंपरिक तरीके से मनाया जाता है। जिसको लेकर तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं। शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है पूजा पाठ की विधिवत तैयारी की जा रही है।रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर भोर से ही शिवालयों में जलाभिषेक का क्रम शुरू होगा। कहीं-कहीं विशाल मेले का भी आयोजन होता है।

जैसे मुकुट नाथ धाम बाबा दुखहरण नाथ धाम जागेश्वर नाथ धाम महादेवन गोसाईगंज कालिकन देवीपाटन दुर्गन भवानी गढ़ामाफी सहित ग्रामीण अंचल में स्थित विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया जाता है। जिले से बड़ी संख्या में लोग जनपद की सीमा पर स्थित बाबा घुइस्मेश्वर नाथ का दर्शन करने और जलाभिषेक के लिए जाते हैं। ज्योतिर्लिंग पर भी जलाभिषेक के लिए जिले के श्रद्धालु रवाना हो रहे हैं।महाशिवरात्रि को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

# ज़िले के 2893 विद्यालयों में 2720 सत्र होंगे आयोजित: डॉ. संजय

- 16 से 27 फरवरी तक चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान
- चार लाख से अधिक बच्चों को मिलेगी संक्रामक रोग से सुरक्षा



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 (5 से 10 वर्ष आयु वर्ग) के लगभग चार लाख से अधिक बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जिले के 2893 विद्यालयों में कुल 2720 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें 2146 सत्र सरकारी विद्यालयों, 384 सत्र निजी विद्यालयों तथा 190 सत्र मदरसा व अन्य शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद में मीजल्स (खसरा) तथा रूबेला के 23 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2026 में अब तक मीजल्स और रूबेला के चार मामले चिन्हित किए गए हैं। संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिए व्यापक टीकाकरण बेहद आवश्यक है।

सीएमओ ने बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम संचालित होता है, जिसमें खसरा और रूबेला भी शामिल हैं। दो वर्ष से कम आयु वर्ग में एमआर-1 का कवरेज 84 प्रतिशत तथा एमआर-2 का कवरेज 83 प्रतिशत है। अब स्कूल आधारित विशेष अभियान के माध्यम से बड़े आयु वर्ग के बच्चों को भी कवर किया जा रहा है।

### क्या है एमआर, कैसे फैलता है संक्रमण: डॉ. सिंह

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि खसरा और रूबेला अत्यंत संक्रामक वायरल रोग हैं, जो खांसने-छींकने, गले व नाक के स्राव तथा संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से तेजी से फैलते हैं। खसरा में तेज बुखार, खांसी, आंखों में लाली और शरीर पर दाने निकलना प्रमुख लक्षण हैं, जबकि रूबेला गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद गंभीर हो सकता है। एमआर का टीका एक ही बार में दोनों बीमारियों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है।उन्होंने बताया कि प्रत्येक एएनएम को प्रतिदिन 100 से 125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया है और सभी सत्रों की प्रविष्टि यू-विन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाएगी। डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे ने बताया कि अभियान के दौरान सर्विलांस व्यवस्था भी मजबूत रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि केवल बुखार के साथ दाने वाले मामलों को एमआर संदिग्ध केस माना जाता है। ऐसे किसी भी उम्र के लोगों में यह लक्षण पाए जाने पर तुरंत सूचना देकर रिपोर्टिंग और जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि संभावित संक्रमण को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय भेजें और टीकाकरण में सहयोग करें, ताकि जनपद को खसरा-रूबेला मुक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

# 25 दिवसीय डिजाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के उद्यमियों, विशेषकर महिलाओं की उद्यमशीलता को मजबूत करने के उद्देश्य से वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से नई किरण हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा नाज़िरपुरा में 25 दिवसीय डिजाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नेचुरल फाइबर क्राफ्ट उद्यमियों को नए और आकर्षक डिजाइन बनाने के गुर सिखाना है, जिससे उनके उत्पादों की बाजार मांग बढ़े और रोजगार के अवसर विस्तारित हों। सहायक निदेशक (हैंडीक्राफ्ट) आर. आलम ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, आप अच्छे से डिजाइन सीखकर अपने क्राफ्ट को नया-नया रूप दे सकती हैं। इससे आपका व्यवसाय मजबूत होगा। प्रसिद्ध डिजाइनर सुनैना रानी उद्यमियों को प्रशिक्षण दे रही हैं, जबकि मास्टर ट्रेनर सादिका बेगम के साथ रचना सिंह, खुशनुमा, ज़ीनत बेगम, अंजलि सहित बहराइच के विभिन्न क्षेत्रों से 30 उद्यमी महिलाएं भाग ले रही हैं। कंपनी के डायरेक्टर मोहम्मद यूनुस खान ने बताया,सरकार की मंशा के अनुरूप इन महिलाओं को डिजाइन ट्रेनिंग देकर उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। अब्दुल कादिर ने भी उद्यमियों को नए और यूनिक डिजाइन सीखने के लिए प्रेरित किया, कहा कि इससे उत्पादों की मांग बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी।

## हाईकोर्ट के आदेश से फतेहपुर संगत प्रधान के अधिकार बहाल

**सुल्तानपुर।** जिले के जयसिंहपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत के प्रधान को बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार बहाल करने का आदेश दिया है। मामला ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की शिकायत से शुरू हुआ था। शिकायत के आधार पर 4 फरवरी 2023 को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि किए जाने के बाद प्रधान को 30 अगस्त 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तत्कालीन पंचायत सचिव को भी नोटिस भेजा गया था। इसके बाद अंतिम जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और शारदा सहायक खंड-49 के अधिशाषी अभियंता को नामित किया गया। जांच प्रक्रिया के बीच 4 नवंबर 2023 को तत्कालीन जिलाधिकारी ने प्रधान के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए थे। 18 अप्रैल 2024 को सौंपी गई अंतिम जांच रिपोर्ट में भी अनियमितताओं का उल्लेख किया गया, जिसके आधार पर एक और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# पुलवामा कांड की 7वीं बरसी पर हुआ रक्तदान




अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद सेना के 40 वीर जवानों की स्मृति में शनिवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वाधान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान महादान शिविर का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा, जिला चिकित्सालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. के. मिश्र व ब्लड बैंक प्रभारी प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में हुआ। शनिवार को शिविर मे मौजूद चिकित्सक व समाजसेवियों ने पुलवामा में शहीद जवानों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित कर रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। संस्थापक निजाम खान ने रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्तदान किया गया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी होता है, बल्कि यह समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करता है।

संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव, ब्लड बैंक प्रभारी प्रोफ़ेसर डॉ संजय सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से आपातकालीन स्थितियों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है और कई मरीजों को समय पर उपचार मिल पाता है। आयोजन के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक चिकित्सकीय मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 13 जनवरी को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के बाद से लापता सोनपाल का मिला शव

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना तिलहर क्षेत्र में उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के बाद एक महीने से लापता 55 वर्षीय राई खुर्द निवासी सोनपाल पुत्र मूला का शव पिगरी पिगरा जंगल में मिला है। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

हत्या व लूट के मुकदमे में महीने भर पहले 13 जनवरी को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद से लापता सोनपाल की मृत्यु हो गई। तीन दिन पूर्व पिंगरा पिंगरी के जंगल में बरामद हुए शव की पहचान करते हुए उसके परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया। है रिपोर्ट दर्ज करनेको लेकर लोगों ने लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नगरिया मोड़ चौकी के सामने जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची सीओ ज्योति यादव के जांच कराकर कार्रवाई करने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

सोनपाल के बेटे बलवीर के मुताबिक उसके पिता सोनपाल को 13 जनवरी के दिन गांव के ही रामचंद्र व उसके भाई सचिन ने फोन करके बुलाया था। उसके बाद से पिता का कुछ पता नहीं चला। काफी तलाश करने के बाद 23 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 11 फरवरी को क्षेत्र के ही पिंगरी-पिंगरा गांव के पास जंगल में शव मिला था

जो 13 जनवरी को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के बाद से लापता था शव मिलने के बाद पुलिस ने आस-पास के लोगों से संपर्क कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया था लेकिन कुछ पता नहीं चला। जब शव की पहचान नहीं हो सकी तो शव मोर्चरी में रखवा दिया गया था। समाचार पत्रों के माध्यम से मृतक के बेटे बलवीर को जब इस बारे में पता चला तो उन्होंने मोर्चरी पर जाकर शव की पहचान अपने पिता सोनपाल के रूप में की।

सोनपाल ने 1982 में तिलहर क्षेत्र के तालबीपुर दियूरिया गांव निवासी हरीराम की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सोनपाल, रामचंद्र व गांव के ही मैकू के विरुद्ध लूट के बाद हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी पंजीकृत कराई गई थी। मैकू की कई माह पहले मृत्यु हो चुकी है। जबकि 13 जनवरी को सोनपाल व रामचंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। सोनपाल उसी दिन से घर से गायब हो गए थे। जबकि रामचंद्र अगले दिन गांव से लापता हो गया। दोनों का कुछ पता नहीं चल रहा था। हालांकि 27 जनवरी को रामचंद्र ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। मृतक के बेटे बलवीर ने बताया कि पिता के पास मोबाइल व डायरी भी रहती थी। उसके बारे में भी कुछ पता नहीं चला है। उन्होंने बताया कि जब से पिता गायब थे तब से कई बार थाने, चौकी के चक्कर लगा चुके थे लेकिन पुलिस हर बार जल्द बरामद करने का भरोसा दे देकर वापस घर भेज देती थी। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में पीएम करा कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। तिलहर थाना अध्यक्ष जुगुल किशोर पाल ने बताया मृतक सोनपाल के परिजनों की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस जांच कर रही है।

## हेम कुमार कुलश्रेष्ठ कायस्थ समाज के महानगर अध्यक्ष नियुक्त

**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** नगर के प्रतिष्ठित अमर शहीद कैप्टन देवेष कुलश्रेष्ठ परिवार से ताल्लुक रखने वाले षिक्षक हेम कुमार कुलश्रेष्ठ को कायस्थ समाज की प्रदेष कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री विश्वविमोहन कुलश्रेष्ठ ने हेम कुमार कुलश्रेष्ठ को महानगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दीं साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के लिए समर्पित, कर्मठ और सुयोग्य युवा के रूप में उनकी दक्षता, अनुभव और ऊर्जावान नेतृत्व समाज के लिए उपयोगी साबित होगा। हेम कुमार कुलश्रेष्ठ ने अपनी नियुक्ति पर समाज की प्रगति और एकता के लिए काम करने का संकल्प लिया और बताया कि उनकी प्राथमिकता समाज के युवा वर्ग को आगे बढ़ाने की रहेगी।

# धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा



अवधनामा संवाददाता

- सैकड़ों की संख्या में महिलाएं निशान लेकर थिरकते हुए चल रहीं थी आगे
- रथ पर सवार खाटूश्याम के डोले के साथ चल रहे थे समिति के पदाधिकारी

**शिकोहाबाद।** नगर में शुक्रवार सुबह 11 बजे से खाटू श्याम महाराज की निशान यात्रा बड़े ही उत्साह और धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा में सबसे आगे ढोल नगाड़े बजाते हुए बैंड बजाने वाले चल रहे थे। उनके पीछे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं निशान हाथ में लिए खाटूश्याम के जयकारे लगाते हुए चल रहीं थी। उनके पीछे खाटू श्याम महाराज का रथ चल रहा था। जिसके आगे समिति के पदाधिकारी थिरकते हुए चल रहे थे। यात्रा का मार्ग में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

नगर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ लाडले श्याम के समिति रजि द्वारा भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय दिशा कमेटी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार अंकुर वर्मा द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया।

निशान यात्रा में बाबा का दिव्य रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जिसका भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा था। यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर भजन-कीर्तन करते हुए झूमते, नाचते और गाते आगे बढ़ रहे थे। बैंड-बाजों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। जगह.जगह स्वागत द्वार बनाकर जलपान एवं सेवा की भी उत्तम व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विश्वनाथ सिंह (बी पी), अंकुर वर्मा, पीयूष कपूर, संजीव गर्ग, अजय अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अंकित कश्यप, मनीष राठौर, नितिन गुप्ता, आकाश मित्तल, अमन मित्तल, सजल, योगेश, ध्रुव, गौरव, मोहित, संजय, अंशु, निखिल, विनय, शिवम दीक्षित सहित अनेक श्रद्धालु एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। अंत में भजन-कीर्तन एवं आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ तथा सभी श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

# एनएसएस के द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** नारायण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) तीनों इकाइयों द्वारा द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में ''माय भारत बजट क्वेस्ट 2026'' पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के यंग प्रोफेशनल रोशन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोशन सिंह ने स्वयंसेवकों को बजट क्वेस्ट 2026 की विस्तृत जानकारी दी तथा युवाओं को बजट प्रक्रिया, वित्तीय योजना और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने स्वयंसेवकों के उत्साह को बढ़ाते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और ऐसे क्विज एवं जागरूकता कार्यक्रमों से उन्हें नीतिगत मामलों में भागीदारी का अवसर मिलता है। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया तथा बजट से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। द्वितीय सत्र में सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, नशे मुक्त ड्राइविंग तथा दुर्घटना रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शनी तथा जागरूकता रैली के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। महाविद्यालय के प्राचार्य-एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह शिविर स्वयंसेवकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाने तथा राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों, रोशन सिंह एवं अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। यह शिविर ''विकसित भारत'' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ, जहां युवा ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डॉ दिनेश कुमार, विनोद कुमार, गिरीश राठौर, अवधेंद्र प्रताप सिंह स्वयंसेवक सानू, नितिन, अभय, ऋषभ, अरुण, हरिमोहन अंजली, खुशी तथा अन्य स्वयं सेवक-

# 171.21 लाख की लागत से बनेगा नया हनुमान घाट

- पालिकाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की वंदन योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र वार्ड बढ़ैयाबीर में गोमती नदी तट पर स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल पर नए हनुमान घाट के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि आदि गंगा मां गोमती के तट पर स्थित यह कच्चा घाट लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। स्थानीय सभासदों और नागरिकों की मांग पर इसे सीताकुंड घाट की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने 171.21 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त हनुमान घाट का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत 50 मीटर लंबाई और 17 मीटर चौड़ाई में सीढ़ीयुक्त घाट, 350 वर्गमीटर इंटरलॉकिंग मार्ग, दो बड़े हाल, पांच सीटों वाला शौचालय, दो हाईमास्ट लाइट, वृक्षारोपण, इंटरलॉकिंग पाथवे और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि घाट के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को नियमित पूजा-पाठ और स्नान के साथ ही छठ पूजा, पूर्णिमा, अमावस्या एवं अन्य पर्वों पर विशेष स्नान-दान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह स्थल धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने इसे नगरवासियों के लिए बड़ी सौगात बताया। भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्र ने कहा कि सरकार शहरी विकास के साथ-साथ प्राचीन धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम संयोजक व स्थानीय सभासद प्रवीण मिश्र ने बताया कि घाट के निर्माण से वर्षों से चली आ रही असुविधाएं दूर होंगी।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, डॉ. जे.पी. सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान ने गुमशुदा बच्ची को किया परिजनों के सुपुर्द

**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** थाना दक्षिण मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत एक गुमशुदा बच्ची को मात्र 01 घण्टे के अन्दर तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।आवेदक बॉबी पुत्र ओमप्रकाश निवासी भीम नगर गली नं0 4 थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना दक्षिण पर सूचना दी कि आवेदक की 06 वर्षीय बच्ची घर के सामने से खेलते हुए गुम हो गयी है। बच्ची की सकुशल बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बच्ची को सूचना मिलने के मात्र एक घंटे में खोजकर परिजनों को सुपुर्द किया गया है। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया गया।

## एमजीएस में इंटर के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** शहर के प्रतिष्ठित एमजीएस इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारह विज्ञान वर्ग के छात्रों ने कक्षा बारह विज्ञान वर्ग के छात्रों का विदाई समारोह क्षत्रिय भवन में किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी, संध्या, रुचि, सलोनी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। खुशनूर, सुकृति चेष्टा, यशवर्धन सिंह, राम दुबे, प्रियांशु, ओम सिंह द्वारा रैंप वॉक किया गया। सलोनी, रुचि, अनीता, कशिश ने नृत्य प्रस्तुत किया। जिकरा, मुस्कान, विक्रम, प्रियांशु, श्याम दुबे ने गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए।


## हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
### पो. रेणुकूट, जिला- सोनभद्र (उ.प्र.)-231217

ADITYA BIRLA HINDALCO

एच0आर0/2026/आईएनटी/एल/6112 — दिनांक : 12.02.2026

**सूचना**

स्थानीय पता
श्री अमित कुमार सिंह
कोड नं0-030227,
विभाग- स्लैबकास्ट प्लाण्ट-2
क्वार्टर नं0-L-457, हिण्डालको कालोनी,
पो0-रेणुकूट-231217, जि.-सोनभद्र

स्थायी पता
श्री अमित कुमार सिंह
पुत्र श्री सन्तोष सिंह
ग्राम-भदाहू,
पो0-खड़ान-232106,
जिला-चन्दौली (उ0प्र0)

आपको पत्र दिनांक-26.05.2025 एवं 15.10.2025 आपके स्थानीय एवं स्थायी पते पर रजिस्टर्ड एडी तथा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करते हुए अवगत कराया गया था कि आप दिनांक-01.01.2025 से निरन्तर अपने कार्य से अनुपस्थित रह रहे है।

उक्त पत्र द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि आप अपने निरन्तर अनाधिकृत अनुपस्थिति के सम्बन्ध मे पत्रजातों एवं अभिलेखों के साथ अधोहस्ताक्षरी अथवा विभाग के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें, परन्तु आपने निर्देशों के प्रतिपालन की अवहेलना करते हुए अभीतक उपस्थित नही हुए और इस सम्बन्ध मे न ही कोई पत्राचार अथवा स्पष्टीकरण प्रेषित किया।

अतः इस प्रकाशन के माध्यम से आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने निरन्तर अनुपस्थिति के सम्बन्ध मे अपना लिखित स्पष्टीकरण के साथ पक्ष रखते हुए अतिशीघ्र अथवा विलम्बतम दिनांक- 18.02.2026 तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे अन्यथा प्रकरण मे अग्रिम कार्यवाही की जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

(कारखाना प्रबन्धक)



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, लखनऊ।
### 1-प्राग नरायन रोड, लखनऊ

पत्रांक :- 485 / न0खल0/निविदा सूचना सं0-11/2025-26 — दिनॉक : लखनऊ : 10.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या:- 11/अधि.अभि./न.ख.ल./2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई विभाग, के मैकेनिकल/सिविल कार्यो हेतु सी श्रेणी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत अनुभव प्राप्त ठेकेदारो/फर्मो से सील बन्द निविदायें दिनांक-23.02.2026 को 03:00 बजे तक आमत्रिंत की जाती है। जो दिनाक- 23.02.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड लखनऊ के कार्यालय में गठित निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारो/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगीं। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु विभाग में पंजीकरण, जिलाधिकारी के स्वंय के हस्ताक्षर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2), तथा स्वघोषणा प्रमाण पत्र (IDT-3), रू0 100.00 मात्र के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित प्रतियॉ ठेकेदार अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदा ऑफर के साथ जमा की जावेगी। अधिकृत प्रतिनिधि जो कि ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हो भी निर्धारित शुल्क तथा उक्त अभिलेख प्रस्तुत कर निविदा प्राप्त किया जा सकता है।

धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड लखनऊ के पक्ष में बंधक होगी जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जयेगी। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाओ को बिना करण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

Table-01

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Repair and Renovation of Tubewell Pump house, E/T, PVC Pipe Line & outlets, on tubewell side.<br>1. S.T.W. No 88 MG, Vill. Rudan Kheda, Block-Mall<br>2. S.T.W. No 71 MG, Vill. Masidha Ratan, Block-Mall<br>3. S.T.W. No 65 MG, Vill. Keraura, Block-Mall<br>(G.S.T. Extra)AS PER SPECIFICATIONS OF BOQ | 6.57 | 0.14 | 90 दिन | 225.00+ जी.एस.टी. 18% | सी एवं उच्च श्रेणी |

Table-02

नोट:-
1. निविदा सूचना, सिंचाई विभाग की वेबसाइट (www://idup.gov.in) पर उपलब्ध है। उक्त निविदा सिंचाई विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता हैं। किन्तु उपरोक्त तालिका के अनुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड लखनऊ के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत ड्राफ्ट के रूप निविदा ऑफर के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
2. वेबसाइट से डाउनलोड निविदा प्रपत्र और अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में बिक्री के लिऐ उपलब्ध निविदा प्रपत्र में यदि कोई भिन्नता हो तो कार्यालय मे उपलब्ध निविदा प्रपत्र मान्य होगा।
3. उपरोक्त अंकित किसी भी तिथि को अवकाश घोशित होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा प्राप्त/खोली जायेगी।
4. निविदाता जो राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो, निविदा प्रक्रिया में भाग नही ले सकेगा।
5. निविदा प्रपत्र दिनांक-17.02.2026 से दिनाक-23.02.2026 तक सांय 03:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड लखनऊ से ऐसे निविदाता जो निम्नलिखित नियम शर्ते पूरी करते हो नियमनुसार निर्धारित शुल्क नकद धनराशि जमा कर वाछित अभिलेखो की सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने पर निविदा प्राप्त कर सकते है।
6. निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

UPID-246161 Dated-13-02-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(अजय कुमार यादव)
अधिशासी अभियन्ता

# कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं जैविक किसान मेला का आयोजन छात्रों और किसानों के कौशल को बढ़ाता है : डॉ. एन.के. शर्मा

**वहाज अली निहाल**

**बकेवर, इटावा।** जनता कॉलेज बकेवर में कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस पर तकनीकी सत्र के आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ.एन.के. शर्मा पूर्व डीन, कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज इटावा, प्रबंध समिति सदस्य श्री नारायण दुबे एवं रामपाल सिंह राठौर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य प्रो.राजेश किशोर त्रिपाठी द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। द्वितीय दिवस के तकनीकी सत्र के मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं जैविक किसान मेला का आयोजन छात्रों और किसानों के कौशल को बढ़ाता है, ऐसे आयोजन एक ही मंच पर ज्ञान की समस्त सामग्री को प्रदान करते हैं।

आयोजन के द्वितीय दिवस के समापन सत्र में मुख्य अतिथि अनिल कुमार पटेल, निदेशक, लॉयन सफारी इटावा, विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, डॉ श्याम सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, डॉ विपिन यादव, निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक एफ.टी.सी. सैंफई, विवेक कुमार, अध्यक्ष, नगर पंचायत बकेवर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के सदस्य श्री नारायण दुबे द्वारा की गई, अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रो.राजेश किशोर त्रिपाठी के संरक्षण में कॉलेज परिवार के प्राध्यापकों द्वारा बैज अलंकरण, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। प्राचार्य प्रो.राजेश किशोर त्रिपाठी द्वारा स्वागत उद्बोधन में मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री पटेल एवं विशिष्ट अतिथियों, उपस्थित किसानों सहित कॉलेज परिवार के सभी प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने कृषि व विज्ञान प्रदर्शनी



का उद्देश्य कृषि व विज्ञान का प्रचार व प्रसार कृषकों तक पहुंचाते हुए ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम जरूरतमंद व्यक्ति की समस्या का समाधान करना बताया, उन्होंने जैविक किसान मेले के आयोजन को गांवों की समस्याओं को स्पर्श करके समाधान करने वाला बताया। मुख्य अतिथि निदेशक लायन सफारी श्री पटेल ने किसानों की आय वृद्धि हेतु प्रशिक्षण को आवश्यक बताते हुए जैविक किसान मेला के आयोजन को जनता कॉलेज बकेवर की एक उत्कृष्ट पहल बताया उन्होंने सकारात्मकता को छात्र जीवन और प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का मूल -मंत्र बताया, प्रत्येक छात्र के अंदर निहित उसके विशिष्ट गुण को निखारने पर बल देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डॉ विपिन यादव, निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक एफ.टी.सी.सैंफई ने अपनी उद्बोधन में किसानों, प्रगतिशील महिला किसानों व छात्रों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करते हुए किसान प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आधुनिक कृषि, उन्नत पशुपालन हेतु विभिन्न योजनाओं के साथ बैंकिंग सहयोग के विषय में जानकारी दी और बैंक को जरूरतमंद व्यक्ति की सफलता हेतु एक मित्र बताया और उन्होंने जनता कॉलेज परिवार के उत्कृष्ट अनुशासन की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि भूमि संरक्षण अधिकारी प्रमोद कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए अपने भविष्य के प्रति अध्ययन काल में जागरूक रहने की बात कही और विभागीय स्तर पर छात्रों व कालेज परिवार को जरुरी सुविधा प्रदान करने और भूमि संरक्षण संबंधित प्रशिक्षण अपने प्रशिक्षण केंद्र द्वारा दिलाने की बात कही। जिला उद्यान अधिकारी डॉ श्याम सिंह ने आयोजित कृषि व विज्ञान संबंधित प्रदर्शनी, गोष्ठी, मेला तथा पशु प्रदर्शनी की प्रासंगिकता पर दिए गए अपने उद्बोधन में जल है तो कल है की बात कहते हुए कहा कि फसलों को जरूरत भर का पानी देने की समझ किसानों के लिए आवश्यक है, उन्होंने ड्रिप सिंचाई के विषय में जरूरी बातें भी बताई।

## अडाणी कौशल विकास केन्द्र के प्रशिक्षुओं को नियुक्ति पत्र का वितरण

**सोनभद्र/डाला।** अडाणी सिमेन्ट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी जी के कुशल मार्गदर्शन में अडाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित अडाणी कौशल विकास केन्द्र के प्रशिक्षुओं को तीन माह के निःशुल्क सिलाई मशीन के प्रशिक्षण के उपरांत उनको नियुक्ति पत्र का वितरण अडाणी सिमेन्ट के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी और प्रधान सुरक्षा अधिकारी राजेश राठौर जी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अडाणी फाउंडेशन के साइट सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने बताया कि कौशल विकास केन्द्र मे तीन माह के सिलाई प्रशिक्षण के उपरान्त 06 महिलाओं को अहमदाबाद की एक कंपनी में सिलाई मशीन आपरेटर के पद के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। और आगे भी इस तरह से प्रशिक्षण देकर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर अडाणी कौशल विकास की ओर से क्लस्टर हेड सुधांशु मिश्रा, सुमित वाजपेयी, प्रशिक्षिका नीलम मोदनवाल और प्रशिक्षुओं के परिवार के लोग मौजूद रहे।

# नमः शिवाय का जयघोष वातावरण को भक्तिमय बना देता है : विनीत

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** करवाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा के पश्चात ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष (वाइस चेयरमैन) विनीत यादव व धर्मपत्नी श्रद्धा यादव ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रवलित कर पुष्पहार किया। कार्यक्रम में उपस्थित बाल छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को संबोधित करते हुए महाशिवरात्रि के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि महाशिवरात्रि हमें संयम, श्रद्धा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह पर्व सिखाता है कि सच्ची भक्ति और अच्छे कर्मो से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। भगवान शिव को भोलेनाथ कहा जाता है, क्योंकि वे अपने भक्तों की सच्ची भक्ति से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। महाशिवरात्रि केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति और आत्मशुद्धि का पर्व है। हमें इस दिन भगवान शिव से प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमें सद्बुद्धि दें और जीवन में सही मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करें। तत्पश्चात विद्यालय के किंडरगार्टन सेक्सन के नन्हें-नन्हें छात्र-छात्राओं ने शिव-पार्वती के रूप लेकर झांकियां प्रस्तुत की। भूत-प्रेतों के साथ भूतेश की बरात का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रभावी नेतृत्वकर्ता प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी व किंडरगार्टन सेक्सन की मौनी मैम व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल सर, ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर खेल वासिफ खान सर, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी सर व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैंः कैलाश



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल में माता पिता पूजन दिवस अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं सांस्कृतिक वातावरण के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता का विधिवत तिलक कर, पुष्प अर्पित कर एवं चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे परिसर में भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और संस्कारों का विकास करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जीवन में अनुशासन, सदाचार एवं आदर्श मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया। कई अभिभावक भावुक हो उठे और उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनके आशीर्वाद से ही जीवन में सफलता और सद्गुणों का विकास संभव है। हमारा प्रयास है कि बच्चे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों से भी जुड़े रहें। प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार तोमर ने अपने संबोधन में कहा, विद्यालय केवल शैक्षणिक ज्ञान का केंद्र नहीं है, बल्कि संस्कारों की पाठशाला भी है। माता पिता पूजन दिवस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों और मूल्यों का बोध कराते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी अपने माता-पिता का सम्मान कर एक अनुशासित और संस्कारित जीवन जीने का संकल्प ले रहे हैं।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का संवर्धन किया जाता है।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का किया निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जनपद के प्राथमिक विद्यालय सहजन खुर्द, उच्च प्राथमिक विद्यालय सहिजन कला एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का जिलाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में संचालित पठन-पाठन व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिये। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं नियमित शिक्षा प्रदान की जाए तथा पठन-पाठन कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की बुनियादी शैक्षणिक दक्षताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने शौचालय, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमित निरीक्षण के माध्यम से व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी ली गयी तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित शिक्षकों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्दद पांडेय सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हज टीकाकरण एवं वैक्सीनेशन 16 फरवरी को

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जनपद से हज यात्रा 2026 में जाने वाले सभी हाजी साहिबान को सूचित किया जाता है कि हज टीकाकरण एवं वैक्सीनेशन दिनांक 16/02/2026 दिन सोमवार को प्रातः10:30 बजे से बाल रोग चिकित्सालय, इटावा में होगा। उक्त जानकारी मुहम्मद वसीम, हज ट्रेनर ने दी है।

## अखिलेश यादव ने स्व.अजय यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक सम्वेदना व्यक्त की



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.श्री बलराम सिंह यादव के बड़े पुत्र अजय कुमार यादव (गुड्डू) के 01 फरवरी 2026 को निधन होने के बाद शनिवार को उनके निवास बलराम सिंह चौराहे पर पहुंचे, वँहा पर स्व.अजय कुमार यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक सम्वेदना व्यक्त की और उनके परिवारी जनो में उनकी पत्नी पीयूशा यादव उनके पुत्र शार्दुल सिंह यादव से मिलकर उनको यह दुःख सहने की प्रभु से कामना की। शोक संवेदना के समय तेज प्रताप यादव विधायक, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, एस आई आर प्रभारी उदय भान यादव, सर्वेश शाक्य, विक्की गुप्ता, रविपाल सिंह यादव, धर्मवीर यादव बिट्टू, डॉ.आशीष दीक्षित, अरविंद सेंगर, उमेश राजपूत डुल्ले, प्रवीण कुशवाहा, फरहान शकील पप्पन सिंधी, राजेश कुमार, ईशान यादव, दानिश खां आदि उपस्थित रहे।

## पुलवामा शहीदों की स्मृति में बिलग्राम में विशाल रक्तदान शिविर



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** बिलग्राम नगर पालिका सभागार में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की पुण्य स्मृति में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बिलग्राम-मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशु ने सहभागिता कर रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक ने कहा कि रक्तदान महादान है और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि समाज सेवा के कार्यो से ही दी जा सकती है। इस अवसर पर आयोजक अमित बिस्वास, दीपा बिस्वास, मंगतराम अर्कवंशी (जिला मंत्री), नीरज गुप्ता (मण्डल अध्यक्ष), प्रदीप यादव, मुकेश पाठक, अनुराग मिश्रा, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, आरती गुप्ता (मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा), सुषमा गुप्ता, रेनू मिश्रा, मुन्नी गुप्ता, अम्बेश तिवारी, दिव्यांशु शुक्ला, प्रदीप तिवारी, मनोज बंगाली, स्पर्श गुप्ता, अंकुर श्रीवास्तव, अक्षत श्रीवास्तव, रेखा गुप्ता, शैलेन्द्र राठौर, सार्थक मिश्रा, ऋषभ अग्निहोत्री सहित नगर के अनेक सम्मानित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## व्यापारीयों ने कांवड़ यात्रियों पर की पुष्प वर्षा

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को शहर से निकल रहे कांवड़ियों पर साबितगंज चौराहे पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित के नेतृत्व में एकत्रित हुए व्यापारीयों में ज्यादातर मुस्लिम समाज के व्यापारी भी मौजूद रहे, जिसमें प्रमुख रूप से शहर कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, हाजी अज़ीम वारसी, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, युवा जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, अनवर वारसी पप्पू, मु, तैय्यब, मु अली, लखन सोनी, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, उबैस कुरैशी, अदनान कुरैशी सहित व्यापारी गण मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, चचेरा भाई गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** ललपुरा थाना क्षेत्र के गांव बहदीन अछपुरा डांडा निवासी छोटू पुत्र कंधीलाल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 11 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे की है। दोनों बाइक से खेत की रखवाली कर लौट रहे थे। बजेहटा मोड़ से आगे ट्रक संख्या यूपी 91 एटी 1142 ने पीछे से टक्कर मार दी। छोटू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अमित को कानपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ताज पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर स्थित ताज पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के डायरेक्टर रशीद उद्दीन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य प्रदुमन सिंह ने किया। इस दौरान आशी, अनस, कार्तिक, जुबैर, नायशा, रोशनी, हमजा, अनुराग सहित अन्य छात्रों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## 9 पड़ोसी पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** एक गांव से किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर पर युवक महेश निषाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक गंभीर घायल

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के मोहल्ला सूफीनगर इलाहीतालाब में शनिवार सुबह दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और पत्थर चले। साहिल पुत्र लाला और सद्दाम पुत्र बशीरा के बीच विवाद के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है, जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बसंत सोनी बने अखिल भारतीय स्वर्णकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** समाजसेवी बसंत सोनी को अखिल भारतीय स्वर्णकार एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा द्वारा किया गया। उनकी नियुक्ति से समाज में हर्ष व्याप्त है और लोगों ने बधाइयां दी हैं।

## तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल पर संकट



**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** तेज धूप और बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल असमय पकने की आशंका बढ़ गई है। किसान चिंतित हैं। कृषि विशेषज्ञ अजित कुमार शुक्ला ने बताया कि किसानों को 15 दिन के भीतर सिंचाई कर लेनी चाहिए।

## कंपनी कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** एचयूएल की सहयोगी कंपनी बीम प्रोडक्ट्स में कार्यरत इलेक्ट्रीशियन रमेश कुशवाहा (48) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई। अंतिम संस्कार मोक्षधाम में किया गया।

## एक साल से मानदेय न मिलने पर संविदा कर्मियों का ज्ञापन

**कुरारा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड कार्यालय में कार्यरत संविदा कर्मियों ने 14 माह से मानदेय न मिलने पर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्यरत होने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है।

## रंजिश के चलते शादी वाले घर पर पथराव, दो घायल

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** बिंवार थाना क्षेत्र के गांव कुनेहटा निवासी पानकुंवर पत्नी विनय ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पड़ोसियों पर शादी के दौरान पथराव कर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि उसकी पुत्री श्वेता का विवाह 14 फरवरी 2026 को कस्बा राठ से होना तय था। घर में विवाह पूर्व तेल, मंडप आदि कार्यक्रम चल रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी कल्लू पुत्र मनीराम व उसके परिजन शारदा, राकेश, प्रीती व रामवती ने छत से पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। हमले में भाभी सुमित्रा गंभीर रूप से घायल हो गई तथा पिता गयाप्रसाद के पैर में चोट आई। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस घायलों को जिला अस्पताल ले गई। आरोप है कि आरोपी खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि लड़की की शादी नहीं होने देंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मृत व्यक्ति के लाइसेंस पर चल रहा लकड़ी का अवैध कारोबार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे की उद्योग नगरी क्षेत्र में गुप्ता वुड नाम से लकड़ी का कारोबार मृत व्यक्ति के लाइसेंस पर संचालित किया जा रहा है। लाइसेंस धारक शिवप्रकाश उर्फ सोनू गुप्ता की एक वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है, इसके बावजूद वन विभाग और मंडी परिषद गेट पास जारी कर रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी ने मंडी परिषद को जिम्मेदार ठहराया है। मामले की जांच की मांग उठ रही है।

# हरदोई में नई शैक्षिक पहल-ए.पी.एस. पब्लिक इंटर कॉलेज ने शुरू की

**अवधनामा संवाददाता**




**हरदोई।** सांडी तिराहा स्थित ए.पी.एस. पब्लिक इंटर कॉलेज ने जिले में पहली बार विद्यालयी शिक्षा के साथ तकनीकी व मेडिकल फाउंडेशन तैयारी को जोड़ते हुए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक पहल की है। विद्यालय परिसर में शनिवार प्रातः 11 बजे टेक्नो-मेडिकल शिक्षापद्धति का भव्य शुभारंभ एवं करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित की गई, जिसे सत्र 2026 से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए लागू किया जाएगा। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को नियमित पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं – NEET एवं JEE – की सुदृढ़ तैयारी कराना है, ताकि छात्र-छात्राओं को अलग से कोचिंग पर निर्भर न रहना पड़े और स्कूल स्तर से ही उनका मजबूत आधार तैयार हो सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक श्री अरविंद सिंह रहे। वहीं प्रसिद्ध करियर काउंसलर श्री रणवीर सिंह ने विद्यार्थियों को करियर चयन, लक्ष्य निर्धारण तथा मेडिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्र में सफलता पाने के लिए जरूरी रणनीति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अध्ययन और सही मार्गदर्शन को सफलता की कुंजी बताया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि टेक्नो-मेडिकल क्लासेज़ के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मतदाता नामांकन प्रक्रिया का डीएम ने लिया जायजा

**सोनभद्र।** जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत किये जा रहे कार्यो जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय सहिजन खुर्द एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सहिजन कला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बी0एल0ओ0 से मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं नोटिस के माध्यम से की जा रही सुनवाई प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन नागरिकों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनके फॉर्म-6 अनिवार्य रूप से भरवाकर मतदाता सूची में नाम अंकित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके लिए संपर्क अभियान चलाकर पात्र युवाओं को जागरूक किया जाए, कोटेदार का भी सहयोग लिया जाये। इस दौरान उन्होंने ई0आर0ओ0 द्वारा नोटिस जारी किए गए।

# गरीब वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है बजट-2026: भूपेश चौबे

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय बजट व उत्तर प्रदेश सरकार का बजट 2026 पर विधानसभा स्तरीय चौपाल का आयोजन राबर्ट्सगंज विधानसभा का सवेरा कैंपस में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे जी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या व संचालन जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। इस मौके पर मुख्यअतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के बजट-2026 में किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और गरीब वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस बजट को आजादी के बाद का सर्वश्रेष्ठ विकासोन्मुख और गरीब कल्याण को समर्पित बजट बताया इस बजट में युवा, रोजगार मांगने वाला नही बल्कि रोजगार देने वाला बने बजट में युवाओं उद्यमियों, किसानों, महिलाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए व्यापक प्रावधान किया गया है। उन्होंने बजट में रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सदर विधायक ने बजट को ऐतिहासिक और सर्वसमावेशी बताया। उन्होंने कहा कि यह समाज के प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं के अनुरूप है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। केन्द्र सरकार कि व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस मौके पर नि0 जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने इस बजट को विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में उद्योग निवेश और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए अनुकुल वातावरण तैयार किया है, आज विश्व में सर्वाधिक निवेश भारत में आ रहा है, और भारत में सर्वाधि निवेश उत्तर प्रदेश में हो रहा है, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए स्वदेशी उत्पादन बेहतर पैकेजिंग और विपणन व्यवस्था पर विशेष बल दिया गया है। स्वयं सहायता समूह के उत्पाद अब प्रदेश ही नही देश-विदेश तक पहुंच रहे है। बजट चौपाल को व्यापार मण्डल के संयोजक राजेश गुप्ता व एमबीएम मार्डन पब्लिक स्कुल के कक्षा 9 की छात्रा खुशी केशरी ने इंग्लिश में बजट पर चर्चा की। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलखन सिंह, विमल अग्रवाल ने भी चौपाल के माध्यम से बजट पर चर्चा किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा ओमप्रकाश यादव, संतोष शुक्ला, शंम्भू सिंह, अनूप तिवारी, दिलिप चौबे, योगेन्द्र बिन्द, बलराम सोनी, संजय जायसवाल, अमरेश चेरो, प्रमोद गुप्ता, रामलाल चेरो, सुनिल सिंह, अनिल सिंह, प्रकाश केशरी, कमलेश खांम्भे, नारसिंह पटेल, अरुण सिंह, रितु अग्रहरी, अमन वर्मा, रमेश जायसवाल, मंजू गिरी आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम ने गोरखपुर में 2.47 करोड़ के कल्याण मण्डपम् का किया लोकार्पण

- गोरखपुर को मिला आधुनिक कल्याण मण्डपम्, गरीबों को न्यूनतम शुल्क पर होटल जैसी सुविधा
- कल्याण मण्डपम् से मांगलिक आयोजनों के साथ रोजगार को भी मिलेगा बढ़ावा- मुख्यमंत्री
- गोरखपुर बन चुका है विकास का मॉडल, हर क्षेत्र में दिख रहा बदलाव : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जंगल तुलसीराम बिछिया, गोरखपुर में लगभग 2.47 करोड़ रुपये की लागत से 1,120 वर्गमीटर भूमि पर निर्मित दो मंजिले कल्याण मण्डपम् (कन्वेंशन सेण्टर) का लोकार्पण किया। उन्होंने राप्तीनगर स्पोर्ट्स सिटी आवासीय योजना के अन्तर्गत ई.डब्ल्यू.एस. एवं एल.आई.जी. श्रेणी के आवंटियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कल्याण मण्डपम् लगभग 2.47 करोड़ रुपये की लागत से गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित किया गया है। इसके निर्माण पर 02 करोड़ रुपये विधायक निधि से तथा शेष 47 लाख रुपये विकास प्राधिकरण निधि से व्यय किए गये हैं। यह कल्याण मण्डपम् यहाँ के निवासियों को विवाह एवं विभिन्न मांगलिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा उपलब्ध कराएगा। मण्डपम् में न्यूनतम चार्ज पर उच्च सुविधाओं से युक्त व्यवस्था नागरिकों को प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 15-20 साल पहले लोग विवाह में कहीं भी टेण्ट लगाकर आयोजन कार्य को पूर्ण कर लेते थे। तब आबादी कम थी, इसलिए कोई दिक्कत नहीं होती थी। आज ट्रैफिक बढ़ने के कारण इस प्रकार के आयोजन नहीं हो पाते हैं। अतिथि को भी अब अच्छी सुविधा की आकांक्षा होती है। मांगलिक कार्यक्रम करने वाले की भी यह इच्छा होती है कि मांगलिक कार्यक्रम एक ही बार होगा, इसलिए जो व्यवस्था हो वह बहुत भव्य हो। यह मण्डपम् उनकी इच्छाओं की पूर्ति का माध्यम बनेगा। हर व्यक्ति महंगे होटल का खर्च नहीं उठा सकता है। कल्याण मण्डपम् के माध्यम से होटल जैसी सुविधा प्रत्येक नागरिक को उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि गोरखपुर में हर एक जगह कल्याण मण्डपम् का निर्माण किया जाए। इसी कड़ी में यहाँ जंगल श्रीराम बिछिया में अच्छा कल्याण मण्डपम् तैयार किया गया है। इससे पहले मानबेला में भी एक कल्याण मण्डपम् का उद्घाटन किया गया है। शहर में 5-6 कल्याण मण्डपम् बन चुके हैं और 05 कल्याण मण्डपम् शहर के अलग-अलग स्थानों पर बनने जा रहे हैं। सभी नागरिकों, गरीबों को यह सुविधा प्राप्त हो सके, इसलिए तेजी से इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विवाह का सीजन नहीं होगा, तो इन कल्याण मण्डपम् का उपयोग कथा, सत्संग जैसे कार्यों में भी किया जा सकेगा। गोरखपुर में माधोनगर, बशारतपुर, नकहा, महादेव झारखण्डी, सेमरा में भी कल्याण मण्डपम् का निर्माण हो रहा है। इसमें से ज्यादातर का निर्माण विधायक निधि से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाली सड़क आदि के लिए अन्य विभाग भी कार्य कर रहे हैं। नगर निगम, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, पार्षद, महापौर निधि से कार्य हो रहे हैं। गरीब कल्याण के साथ मण्डपम् से रोजगार भी सृजित होगा। विवाह की व्यवस्था से जुड़े लोगां को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर आज विकास का मॉडल बन चुका है। विकास कैसे होना चाहिए, इसको उत्तर प्रदेश ने दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एवं गोरखपुर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज उत्तर प्रदेश में सब कुछ है। आज बिछिया में सड़क, जल-जमाव की समस्या का समाधान हो चुका है। पहले यह क्षेत्र कीचड़ से युक्त जल से भरा रहता था। जब गोड़धोईया नाला बन जाएगा और एस0टी0पी0 कार्य करना प्रारम्भ कर देगा, तब इस मॉडल को लोग देखने आएंगे। अच्छी सड़कें, जल निकासी की उचित व्यवस्था, गरीबों के लिए आवास यह सब विकास के मॉडल है। उन्होंने कहा कि राप्ती नगर विस्तार परियोजना में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स भी बन रहा है तथा हर वर्ग के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। आज यहा कुछ परिवारों को आवास आवंटन का प्रमाण पत्र भी दिया गया है।

# कांग्रेस का विधि विभाग संविधान लोकतंत्र की रक्षा का मजबूत स्तम्भ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग की प्रदेश और जिला-शहर कमेटियों की घोषणा होने के बाद शनिवार को राजधानी लखनऊ में रहने वाले पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। विभाग के चेयरमैन आसिफ जमा रिजवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। बैठक का संचालन विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी अनस खान और प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी अमानुर्रहमान ने किया। बैठक में पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं से परिचय के बाद संगठन के आगामी कार्यक्रमों, रणनीति, विधि विभाग के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस का विधि विभाग संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा का मजबूत स्तम्भ है। बैठक में अधिवक्ताओं का उत्साह देख कर स्पष्ट है कि विधि विभाग आने वाले समय में प्रदेश भर में न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए निर्णायक भूमिका निभाएगा। कांग्रेस हर स्तर पर विधि विभाग को मजबूत कर जनता की आवाज बनेगी। विभाग के चेयरमैन आसिफ जमा रिजवी ने कहा कि विधि विभाग का दायित्व केवल कानूनी लड़ाई नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समाज में जागरुकता फैलाना भी है। पदाधिकारी और अधिवक्ता साथी संगठन को मजबूत करने को समर्पित हैं और प्रदेश के हर जनपद में विभाग की सक्रिय इकाइयों का विस्तार किया जाएगा। बैठक में विभाग संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और संवैधानिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर संघर्ष का संकल्प लिया गया।

## सी.एम.एस. छात्रों ने खेल प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा 'वार्षिक खेलकूद समारोह' का भव्य आयोजन आज बड़े ही शानदार अंदाज में विद्यालय के विशाल प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने अपनी अभूतपूर्व खेल प्रतिभा से अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया एवं अभिभावकों ने भी जोरदार तालियां बजाकर छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। समारोह का उद्देश्य भावी पीढ़ी के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ ही उनमें टीम भावना, अनुशासन, सहयोग एवं खेल भावना का विकास करना था, जिसके माध्यम से सी.एम.एस. छात्रों ने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सर्वांगीण विकास की शिक्षा पद्धति का जोरदार प्रदर्शन किया। इससे पहले, सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट डा. रोजर डेविड किंगडन ने खेल मशाल प्रज्वलित कर खेलकूद समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर किंगडन ने कहा कि ये खेल समारोह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए तो महत्वपूर्व है ही, साथ ही बच्चों में सकारात्मक भावना का विकास करता है।

# 16 से 28 फरवरी तक सजेगा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव

- पूर्वांचल और तराई में सजेगा दोस्ती का मंच, भारत-नेपाल रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 का आयोजन 16 से 28 फरवरी 2026 तक उत्तर प्रदेश के 8 जिलों में किया जाएगा। इस खास महोत्सव की शुरुआत 16-17 फरवरी को कुशीनगर से होगी, इसके बाद 18-19 फरवरी को सिद्धार्थनगर में कार्यक्रम आयोजित होंगे। आगे महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और 27-28 फरवरी को पीलीभीत में अलग-अलग सांस्कृतिक आयोजन होंगे। यह महोत्सव भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों को और मजबूत बनाने का एक बड़ा प्रयास है।

कुशीनगर के बुद्ध पी.जी. महाविद्यालय में 16-17 फरवरी 2026 को कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 18-19 फरवरी को सिद्धार्थनगर के बीएसए ग्राउंड में आयोजन किया जाएगा। 20 फरवरी को महाराजगंज के जवाहर लाल नेहरू पी.जी. कॉलेज में, 21 फरवरी को बलरामपुर के थारू जनजाति संग्रहालय इमलिया कोडर में और 22 फरवरी को श्रावस्ती के जगजीत इंटर कॉलेज में महोत्सव आयोजित होगा। 24 फरवरी को बहराइच के रामलीला ग्राउंड भीमराव अंबेडकर पार्क, सोनी बलईपुर में कार्यक्रम होगा। 26 फरवरी को लखीमपुर खीरी के राजकीय एकलव्य आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, एकीकृत जनजाति विकास परियोजना परिसर में आयोजन किया जाएगा, जबकि 27-28 फरवरी को पीलीभीत के गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में महोत्सव का समापन कार्यक्रम होगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह महोत्सव दोनों देशों की साझा विरासत, परंपराओं और आपसी भाईचारे को मंच देने का काम करेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का दिल जीतेंगे और दोनों देशों के बीच सद्भाव का संदेश देंगे।

महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में भव्य सांस्कृतिक शोभा यात्रा, कवि सम्मेलन और संगोष्ठी शामिल हैं। इसके साथ ही एक जनपद एक उत्पाद की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाएगा। भारत-नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित विशेष परिचर्चा, चित्रकला और रंगोली प्रदर्शनी भी इस आयोजन का हिस्सा होंगी।

## मौलाना शबाब हैदर नकवी नजफे हिन्द जोगीपुरा की दरगाह के प्रशासक नियुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की शनिवार को हुई बैठक में मौलाना शबाब हैदर नकवी को नजफे हिन्द जोगीपुरा की दरगाह का प्रशासक नियुक्त करते हुए माहे मुबारक रमजान के बाद प्रबंध कमेटी प्रस्तावित कर बोर्ड के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। चेयरमैन अली जैदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौलाना रजा हुसैन रिजवी, शबाहत हुसैन एडवोकेट, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पूर्व सांसद बेगम नूर बानो शामिल हुईं। वहीं प्रयागराज से सदस्य डॉ. नुरुस फातिमा स्वास्थ्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सकी, जिसके बारे में उन्होंने चेयरमैन को अवगत कराया। चेयरमैन अली जैदी ने बताया कि बोर्ड बैठक में मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी के कर्बला अब्बास बाग का प्रशासक का कार्यकाल बढ़ाया गया। इसी के साथ बोर्ड के पूर्व सदस्य सैयद फैजी के मामले की सुनवाई हुई, जिसमें सैयद फैजी मौजूद रहे।

# प्रदेश के 74 जनपदों को विधिक सेवा प्रचार वाहन, मध्यस्थता हेल्पलाइन का शुभारम्भ

- वैकल्पिक विवाद निस्तारण को बढ़ावा, यूपी में राज्य स्तरीय मध्यस्थता हेल्पलाइन शुरू



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, खंड पीठ लखनऊ के चीफ जस्टिस पोर्टिको में प्रदेश के 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी वाहनों के फ्लैग-ऑफ समारोह और राज्य मध्यस्थता हेल्पलाइन के शुभारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह पहल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक विधिक जागरूकता पहुँचाने और विवादों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, दिल्ली, माननीय न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, बॉम्बे, माननीय न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा अन्य माननीय न्यायमूर्तिगण ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, प्रदेश के प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को विधिक जागरूकता हेतु विशेष प्रचार वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इन वाहनों का मुख्य उद्देश्य जनपद के अत्यंत पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक विधिक सेवा गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना है। इन वाहनों के माध्यम से निःशुल्क विधिक सेवाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाई जाएगी।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** जकात एण्ड चैरिटेबल फाउण्डेशन की ओर से इरादत नगर, डालीगंज और चौधरी गढ़इया में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 450 से अधिक मरीजों ने पहुंच कर चिकित्सीय सुविधा का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच कर मरीजों को मुफ्त दवाएं वितरित कीं। शिविर में डॉ. फरीद खान, डॉ. कहकशां, डॉ. हकीक अहमद खान, डॉ. मुमताज अली और अशरफ नजीब शामिल थे उनकी सहायता के लिए जफरुद्दीन अंसारी, फारुक खान और मोहम्मद सैफ मौजूद थे। चिकित्सकों ने लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, संतुलित आहार लेने और साफ-सफाई का ध्यान रखने व सिगरेट, पान, गुटखा जैसी हानिकारक आदतों से दूर रहने की सलाह दी। इसी के साथ शिविर में चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे मुद्दों पर भी जानकारी दी। शिविर में फाउण्डेशन के मोहम्मद शाहिद और असद अली मौजूद थे। शिविर के आयोजन में जावेद अहमद, नदीम और लुकमान ने विशेष सहयोग किया।

# मनाया गया विश्व यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वर्ल्ड यूनानी डे 12 फरवरी 2026 को रविंद्रालय ऑडिटोरियम चारबाग लखनऊ में भव्य अस्तर पर विश्व यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस अयोजित किया गया जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष से प्रख्यात हकीमों और डॉक्टरो ने, यूनानी स्कॉलर्स ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई ,उक्त यूनानी समारोह में आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस राजस्थान स्टेट के उपाध्यक्ष डॉ. फिरोज अहमद को हकीम अब्दुल हन्नान इंटर नेशनल अवॉर्ड 2026 से नवाजा गया, प्रोफेसर सैय्यद अब्दुल मुजीब को शिक्षा की उत्कृस सेवाओं के लिए हकीम इस्तियाक खा अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड 2026, विश्व यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस के अवसर पर अवार्ड से नवाजा गया। हकीम महमूद अहमद बरकाती अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड 2026 का महत्व पूर्ण अवार्ड जयपुर के प्रसिद्ध शिक्षा विद प्रोफेसर सिराजुल हक खान को प्रदान किया गया,इस अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर वैद प्रदीप कुमार प्रजापति ने सभी अवॉर्डियों को शुभ कामनाएं दी।

## मजलिसे चेहलुम आज

**लखनऊ।** स्वर्गीय मिर्जा अतहर हुसैन और स्वर्गीय नाज फातिमा जैदी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम रविवार को आयोजित होगी। स्वर्गीय नाज फातिमा जैदी के भाई जाफर मोहसिन जैदी ने बताया कि चेहलुम की मजलिस सुबह 10 बजे हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित इमामबाड़ा बिल्कीस जहां में सुबह 10 बजे होने वाली मजलिस को मौलाना एजाज हुसैन कश्मीरी तिलावते कलामे पाक से आगाज करेंगे, जिसके बाद नूरैन रिजवी सोजख्वानी करेंगे और यावर उन्नावीं और साहिल फैजाबादी पेशख्वानी करेंगे। मजलिस को मौलाना कमर अब्बास खां खिताब करेंगे। मजलिस का संचालन अफजाल रुदौलवी करेंगे। महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के आवास पर सुबह 10 बजे होगी, जिसे जाकिरा ख्वाहर जूबी जैदी खिताब करेंगी। वहीं स्वर्गीय अतहर हुसैन की मजलिसे चेहलुम जगत नारायण रोड स्थित वक्फ मस्जिद नवाब हुजूर बहू सरीर आरा बेगम निकट नेशनल पैथोलॉजी में शाम 7 बजे होगी। स्वर्गीय के पुत्र मिर्जा फराज हुसैन ने बताया कि मजलिस को मौलाना अब्बास नासिर सईद अबाकाती खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस इसी मस्जिद में दोपहर 12:30 बजे होगी।

# कृषि शोध को प्रयोगशाला से खेतों तक पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता : सूर्य प्रताप शाही



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी में विकसित कृषि-विकसित भारत-2047 अभियान के तहत तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी-2026 का भव्य उद्घाटन किया। 14 से 16 फरवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और मशीनीकरण को सीधे धरातल पर उतारना है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए अन्न उत्कृष्टता केंद्र तथा खाद्य परीक्षण एवं प्रसंस्करण केंद्र का लोकार्पण किया। साथ ही, उन्होंने 20 करोड़ रुपये की लागत वाले ''प्राकृतिक एवं जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र'' और 11 करोड़ रुपये की ''प्राकृतिक कृषि उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला'' का शिलान्यास किया, जो बुंदेलखंड की कृषि व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कृषि शोध को प्रयोगशालाओं से किसानों के खेत तक पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ''जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान'' का मंत्र देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में देश का नेतृत्व कर रहा है और अकेले 30 प्रतिशत गेहूँ का उत्पादन कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि फसल चक्र अपनाने, बीज शोधन और नई तकनीकों के प्रयोग से ही आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूर्ण होगा। मंत्री जी ने बताया कि वर्तमान सरकार में कृषि बजट में कई गुना वृद्धि की गई है और बुंदेलखंड के सात जनपदों के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ-साथ निःशुल्क मिनी किट, सोलर पंप और सिंचाई की बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

## शिया यतीमखाने में समारोह आयोजित

**लखनऊ।** कल्बे आबिद मेमोरियल स्कूल की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शिया यतीमखाने में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल में पढने वाले छात्रों ने विभिन्न शैक्षिक और नैतिक विषयों पर अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आगाज तिलावते कलामे पाक और हम्द-ए-इलाही से हुआ। इसके बाद बच्चों ने अहलेबैत की शान में अपने कसीदे पेश कर अकीदत का इजहार किया। समारोह में बच्चों ने शिक्षा के व्यावसायीकरण और सोशल मीडिया पर समय की बर्बादी, आखिरत को भूलने और बुजुर्गों के सम्मान की कमी जैसे सामाजिक और संवेदनशील विषयों पर नुक्कड़ नाटक किया, जिसका दर्शकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। समारोह में स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ ही स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी, मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी, यूनिटी कॉलेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी नज्मी ने शिक्षा और संस्कार पर सम्बोधित किया। समारोह का समापन दुआए इमामे जमाना के साथ हुआ।

# मनरेगा बहाली की मांग को लेकर कांग्रेस 17 फरवरी को विधानसभा घेरेगी

- अजय राय बोले- मजदूरों की भूख पर सरकार नहीं चलने देंगे
- पुलवामा शहीदों को कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि
- शंकराचार्य चयन पर योगी के बयान को अजय राय ने बताया आस्था का अपमान
- चाइनीज मांझे से मौत पर कांग्रेस ने 50 लाख मुआवजे की मांग की
- अमेरिका से व्यापारिक संधि किसानों के साथ धोखा: अखिलेश
- किसान अधिकार गांव संवाद अभियान की शुरुआत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल किये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस मंगलवार 17 फरवरी को विधानसभा का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि विधानसभा घेराव कर हम इस बहरी सरकार को यह बताने का काम करेंगे कि मजदूरों की भूख पर चढ़ कर हम आपको सरकार नहीं चलाने देंगे। हम गांधी के अनुयायी हैं और हम हर गांधीवादी तरीका अपना कर मजदूरों को उनका हक दिलाकर ही दम लेंगे। श्री राय शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष व प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला के साथ संयुक्त रूप से पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।

वार्ता से अजय राय और अखिलेश शुक्ला ने पूर्व पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राय ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के चयन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विधानसभा में सवाल उठाने को देश के करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि योगी जी को भी गोरखनाथ पीठ के महंत उनके गुरु ने बनाया किसी मुख्यमंत्री ने नहीं। वैसे ही शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने बनाया था। श्री राय ने बीती 4 फरवरी को चाइनीज मांझे से एक व्यक्ति की मौत पर कहा कि सरकार के तमाम दावों के बावजूद चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर कोई रोक नहीं लग पा रही। अगर सरकार वाकई में इस बात पर गंभीर है तो सीधे चाइनीज मांझे का भारत में आयात बंद कराने की दिशा में काम करे। वार्ता में 4 फरवरी को चाइनीज मांझे से जान गंवाने वाले मोहम्मद शोएब का परिवार भी मौजूद था। उन्होंने प्रदेश सरकार से अविलम्ब परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की। वार्ता में किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला कहा कि अमेरिका में हुई व्यापारिक संधि देश के किसानों के साथ मोदी सरकार का धोखा है। जबरदस्त सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी किसान जब 0 प्रतिशत ड्यूटी के साथ अपना सामान बेचेगा तो भारतीय किसान सामने टिक नहीं पाएंगे। और जब भारतीय किसान अमेरिकी बाजार में अपना सामान लेकर जाएगा तो उसे 18 प्रतिशत ड्यूटी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने इस संधि के खिलाफ आज से किसान अधिकार गांव संवाद अभियान शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत प्रदेश के किसानों को किसान विरोधी प्रभाव के बारे में बताएंगे। किसान कांग्रेस के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर 50-50 किसानों के समूहों में समझौते से आने वाले वाले खतरों और नुकसानों के प्रति किसानों को आगाह करेंगे। किसानों को एकजुट कर मोदी सरकार पर समझौते को रद्द करने का दबाव बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान नहीं भारतीय किसान बनाम अमेरिका समर्थित कारपोरेट गठजोड़ के खिलाफ सीधी लड़ाई है। वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, किसान कांग्रेस मध्य जोन चेयरमैन बृज मौर्य, पूर्वी जोन चेयरमैन रामभवन शुक्ला और बुंदेलखण्ड जोन के चेयरमैन शिव नारायण सिंह परिहार, राष्ट्रीय किसान कांग्रेस की कोआर्डिनेटर शीतल मान मुख्य रूप से मौजूद थीं।

# किसान हित के लिए किसी भी कीमत पर समझौता नहीं : भूपेश चौबे



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र/लखनऊ।** धान खरीद को लेकर खाद्य रसद मंत्री सतीष शर्मा से मिलकर सदर विधायक भूपेश चौबे ने व्यक्तिगत पत्र सौंपा और कहा है कि जनपद में धान खरीद का लक्ष्य बढ़ाया जाय। जनपद-सोनभद्र का क्षेत्रफल के हिसाब से बहुत बड़ा है ऐसे में चतरा राबर्ट्सगंज विकास खण्ड में व्यापक पैमाने पर धान का उत्पादन होता है इस वर्ष शासन से धान खरीद का लक्ष्य 1 लाख 3 हजार मि0टन का रखा हुआ था। 14 जनवरी 26 तक जनपद में कुल 16544 कृषकों का शत प्रतिशत 1 लाख 3 हजार मि0टन धान क्रय किया जा चुका है। जबकि धान विक्रय हेतु अभी जनपद में 25 हजार 965 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है अभी तक लगभग 9 हजार 500 किसान धान नही बेच सके है और पंजीकरण बढ़ रहा है। ऐसे में सदर विधायक भूपेश चौबे ने कृषि मंत्री को बताया है कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग सवा तीन फिसदी धान का उत्पादन ज्यादा हुआ है ऐसे मे जनपद-सोनभद्र के किसानों का लक्ष्य 1 लाख 75 हजार मि0टन किया जाना किसानहित में होगा सदर विधायक भूपेश चौबे ने कृषि मंत्री से निवेदन किया है कि यदि लक्ष्य को बढ़ा दिया जाय तो यहां के किसानों का हित होगा उन्होने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि सोनभद्र जैसे जनपद में लक्ष्य बढ़ाना अति आवश्यक है। कृषि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि सोनभद्र जनपद प्रान्त के आखिरी छोर पर है ऐसे में यहां के किसानों का हित सर्वोपरि है। साथ ही सदर विधायक भूपेश चौबे ने जनपद के किसानों को संदेश देते हुए कहा है कि जिनका पंजीकरण पूर्व में हो चुका है तो उनका धान यदि साधन सहकारी समितियों और अन्य धान क्रय केन्द्रों पर नही उतरा है तो मुझसे व्यक्तिगत संपर्क कर सकते है। उन्होने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार अब तक का प्रदेश में अभूतपूर्व बजट पेश किया है। जिसमें किसानहित सर्वोपरि है।